हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 23.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 266 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### कैबिनेट की बैठक 28 अप्रैल को

रांची : झारखंड सरकार की अगली मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक आगामी 28 अप्रैल को बुलाई गई है। राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों और विकास योजनाओं के लिहाज से इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह बैठक राँची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन के मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

### हाथी के कुचलने से दो की मौत, तीन घायल

**कोडरमा :** जिले के जयनगर प्रखंड में हाथियों ने मंगलवार की रात एक बालक सहित दो लोगों को कुचलकर मार डाला। जयनगर के कंझियाडीह गांव में हाथियों ने रात्रि लगभग 11:30 बजे मुंशी साव के ईंट भट्ठा में युवक राजकुमार मांझी ( 30, रामनगर, फतेहपुर, बिहार) को पटकर मार दिया। वहीं मृतक की पत्नी गौरी देवी घायल हैं। दूसरी घटना ग्राम खगराडीह, खोहापहाडी के समीप राजु साव के ईंट भट्ठा पर हुई। यहां लगभग 1 बजे रात्रि हाथियों के झुंड ने अंकुश कुमार (10 , पिता धर्मेन्द्र मांझी) को दौड़ाकर पटककर मार दिया। वहीं कारी देवी (28, पति धर्मेन्द्र मांझी) और दिलकुश कुमार (2 माह, पिता धर्मेन्द्र मांझी) घायल है। ये सभी ग्राम पकरिया, सचौल थाना हिसुआ जिला नवादा के रहने वाले हैं।

### कार-बस की टक्कर में 3 लोगों की मौत

**कृष्णागिरी :** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में बुधवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना होसुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई, जब एक कार और ओम्नी बस की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस के मुताबिक, कार बेंगलुरु से धर्मपुरी की ओर जा रही थी, जिसमें चार लोग सवार थे। सानामावु क्षेत्र के पास पहुंचने पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार सामने से आ रही ओम्नी बस से टकरा गई। बस उलुंदूरपेट से यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जा रही थी।

### 2 लाख की रिश्वत लेते हेड कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

नयी दिल्ली : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस के नारकोटिक्स सेल, द्वारका में तैनात हेड-कॉन्स्टेबल अजय को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपित को शिकायतकर्ता से 2 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में पकड़ा गया। सीबीआई के अनुसार, 21 अप्रैल को दर्ज मामले में आरोप लगाया गया था कि आरोपित हेड-कॉन्स्टेबल और अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को झूठे मामले में फंसने से बचाने के लिए 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, कहा

# एक भी वोटर न छूटे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को चुनावी तैयारियों में जुटने का स्पष्ट संदेश दिया है। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पार्टी पदाधिकारियों, सांसदों और विधायकों को विशेष प्रशिक्षण दिया।

#### लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि



बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने एक भी वोटर छूटे नहीं का नारा देते हुए कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर योग्य नागरिकों का नाम जुड़वाना और त्रुटियों को सुधारना सुनिश्चित करें।

#### बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश

सीएम सोरेन ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि संगठन को बूथ, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर और भी सशक्त बनाया जाए। नगर और महानगर समितियों को अधिक सक्रिय किया जाए। बिहार और बंगाल जैसे राज्यों में हुए एसआईआर के अनुभवों से सीख लेकर झारखंड में काम किया जाए।

## बंगाल में पहले चरण और तमिलनाडु की सभी सीटों पर मतदान आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश के दो प्रमुख राज्यों, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आज विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। बंगाल में जहां आठ चरणों की शुरूआत के तहत प्रथम चरण का मतदान है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर एक ही साथ फैसला होगा। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं।

हिंसा रोकने के लिए केंद्रीय बलों की 2,407 कंपनियां तैनात की गई हैं। करीब 7,384 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां वेबकास्टिंग के जरिए नजर रखी जाएगी।

विश्लेषकों का मानना है कि बंगाल में पहले चरण का रुख पूरे चुनाव की लहर तय कर सकता है, खासकर चाय बागान और आदिवासी बहुल क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत निर्णायक साबित होगा। वहीं तमिलनाडु में सत्ता विरोधी लहर और नए राजनीतिक समीकरणों की परीक्षा होनी है।

**हेल्पलाइनः चुनाव आयोग ने बंगाल में शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर 18003450008 जारी किया**

### मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम तक चलेगा



| विवरण | पश्चिम बंगाल (चरण-1) | तमिलनाडु (सभी सीटें) |
|---|---|---|
| कुल सीटें | 152 | 234 |
| कुल मतदाता | 3.6 करोड़ | 5.73 करोड़ |
| कुल उम्मीदवार | 1,478 | 4,023 |
| मतदान केंद्र | 4,000 | 75,032 |
| नतीजों की तारीख | 4 मई 2026 | 4 मई 2026 |

#### पश्चिम बंगाल : 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान

बंगाल चुनाव के पहले चरण में आज 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में उत्तर बंगाल से लेकर जंगलमहल तक के इलाके शामिल हैं। प्रमुख जिले दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, बांकुड़ा और मेदिनीपुर जैसे महत्वपूर्ण जिलों में वोटिंग होगी। कुल 1,478 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच कई सीटों पर सीधा मुकाबला है।

#### तमिलनाडु : एक ही चरण में तय होगी सत्ता की किस्मत

दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण राज्य तमिलनाडु में 5.73 करोड़ मतदाता कल 234 विधानसभा सीटों के लिए वोट करेंगे। यहां पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच मुख्य जंग है, लेकिन अभिनेता विजय की नई पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के मैदान में होने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। राज्य में करीब 1.47 लाख सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं, जिनमें अर्धसैनिक बलों की 295 कंपनियां शामिल हैं।

### ममता बनर्जी के आचरण पर सुप्रीम कोर्ट सख्तः कहा

## 'लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे मुख्यमंत्री के ऐसे काम'

एजेंसी



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनावों के गहमागहमी के बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बेहद कड़ी टिप्पणी की है। आई-पैक मामले से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा किया गया हस्तक्षेप लोकतंत्र को संकट में डालने वाला है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस कुमार ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कोई भी मुख्यमंत्री किसी चल रही जांच के बीच इस तरह दफ्तर या किसी के घर में नहीं घुस सकता। संविधान निमार्ताओं और डॉ. अंबेडकर जैसे विद्वानों ने कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री जांच प्रक्रिया में खुद शामिल होकर बाधा उत्पन्न करेगा।

पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील दी कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद है, जिसे अनुच्छेद 131 के तहत देखा जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जब कोई मंत्री या मुख्यमंत्री निजी तौर पर जांच के बीच पहुंच जाता है, तो उसे राज्य और केंद्र का विवाद कैसे कहा जा सकता है? यह सीधे तौर पर सिस्टम का दुरुपयोग है।

## मुख्यमंत्री से नव पदस्थापित डीसी और एसपी ने की शिष्टाचार भेंट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता











**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित उनके आवासीय कार्यालय में प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के नव पदस्थापित अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास और विधि-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ संक्षिप्त चर्चा की और उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने रवि आनंद (चतरा), ऋतुराज (रामगढ़), अनन्य मित्तल (गढ़वा), मेघा भारद्वाज (पाकुड़) एवं लोकेश मिश्रा (गोड्डा), नरेंद्र कुमार सिंह (आईजी अभियान), मुकेश कुमार लुनायत (एसपी, रामगढ़) एवं आशुतोष शेखर (एसपी, गढ़वा) से मुलाकात की सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने नव पदस्थापित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जन-समस्याओं के त्वरित निष्पादन और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विशेष रूप से संवेदनशील जिलों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

## स्वर्णरेखा नदी के किनारे मिले सिलेंडर बम को सेना ने किया निष्क्रिय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत पानीपोड़ा गांव के पास स्वर्णरेखा नदी किनारे मिले एक खतरनाक सिलेंडर बम को सेना की बम निरोधक टीम ने बुधवार सुबह सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। बम मिलने के बाद पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया था और सुरक्षा के मद्देनजर करीब एक किलोमीटर के दायरे को पूरी तरह सील कर दिया गया था। आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। सेना की विशेषज्ञ टीम ने बेहद सावधानी और तकनीकी दक्षता के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया। बम को निष्क्रिय करने के लिए पहले लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया, जिसमें बम को रखकर नियंत्रित विस्फोट किया गया। इस दौरान तेज धमाका हुआ और करीब 50 फीट तक धुएं का गुबार उठता देखा गया। राहत की बात यह रही कि पूरी प्रक्रिया नियंत्रित रही और किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई।

दरअसल, यह संदिग्ध वस्तु 15 अप्रैल को उस समय सामने आई थी जब स्थानीय मछुआरे नदी में जाल डाल रहे थे। जाल में फंसी भारी वस्तु को जब किनारे लाया गया तो उसके स्वरूप को देखकर उन्हें शक हुआ। इसके बाद तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई।

## रांची के जमीन कारोबारी हत्याकांड का शूटर पुलिस मुठभेड़ में घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में जमीन कारोबारी और पूर्व पार्षद हत्याकांड का आरोपित शूटर सत्यम पाठक पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया है। पुलिस के अनुसार, पंडरा में जमीन कारोबारी भार्गव सिंह की हत्या के आरोपित गिरफ्तार शूटर सत्यम पाठक ने पुलिस पूछताछ में बताया था कि उसने कांके डैम के पास दो हथियार छुपा रखे हैं।

पुलिस टीम बुधवार सुबह उसे लेकर हथियार बरामदगी के लिए कांके डैम पहुंची। इसी दौरान पाठक ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन लिया और फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सत्यम पाठक के दोनों पैरों में गोली लगी। उसके हाथ में भी चोट आई है। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि सत्यम पाठक धुर्वा के पूर्व पार्षद और भाजपा नेता वेद प्रकाश सिंह की हत्या में भी शामिल था। 7 जुलाई 2024 की शाम करीब सात बजे धुर्वा बस स्टैंड के पास एक दुकान पर बैठे वेद प्रकाश सिंह पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। गोली उनकी गर्दन में लगी थी। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए एम्स दिल्ली ले जाया गया, जहां 3 अगस्त 2024 को उनकी मौत हो गई थी।

## भारत आ रहे मालवाहक जहाज को ईरान ने किया जब्त

एजेंसी

**तेहरान/नई दिल्ली :** मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में बढ़ते तनाव के बीच ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो जहाजों को हमला कर जब्त कर लिया है। इनमें से एक जहाज गुजरात (भारत) की ओर आ रहा था।

#### तीन अन्य जहाजों को भी बनाया गया निशाना

यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी गनबोट्स ने कुल तीन जहाजों को निशाना बनाया, जिसमे एपामिनोंडासः ग्रीक स्वामित्व वाले इस जहाज पर गोलीबारी की गई, जिससे इसके 'ब्रिज' को नुकसान पहुंचा। यूफोरियाः पनामा ध्वज वाले इस जहाज पर भी हमला हुआ, हालांकि इसका चालक दल सुरक्षित बताया जा रहा है। एसएससी फ्रांसेस्काः इस जहाज को भी निशाना बनाया गया, जिससे इसके बाहरी ढांचे को क्षति पहुंची है।





### होर्मुज स्ट्रेट में ईरान का बड़ा एक्शन

**बढ़ता खतरा** 28 फरवरी के बाद से अब तक मिडिल ईस्ट के समुद्री रास्तों पर जहाजों पर 30 से अधिक हमले हो चुके हैं, जिससे वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

#### नेविगेशन नियमों के उल्लंघन का आरोप

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, आइआरजीसी ने आरोप लगाया है कि इन जहाजों ने अंतरराष्ट्रीय नेविगेशन प्रणालियों में हेरफेर की और समुद्री सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया। जब्त किए गए जहाजों को ईरानी तट की ओर ले जाया गया है।

#### भारत की बढ़ी चिंता

हाल के दिनों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों– 'जग अर्णव' और 'सनमार हेराल्ड' पर भी हमले की खबरें आई थीं। भारत सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ईरानी राजदूत को तलब किया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि व्यापारिक जहाजों और नाविकों की सुरक्षा भारत के लिए सर्वोपरि है।

## आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या दुष्कर्म के बाद गला घोंटने की आशंका

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश इलाके अमर कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी की 21 वर्षीय बेटी की घर के भीतर ही हत्या कर दी गई।

जानकारी के अनुसार, मृतका 1997 बैच के आईआरएस अधिकारी की बेटी थी। उसने हाल ही में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी और इन दिनों संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रही थी। परिवार के मुताबिक, वह घर पर ही पढ़ाई कर रही थी। ऐसे में घर के भीतर हुई इस वारदात ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि वारदात बेहद क्रूर तरीके से अंजाम दी गई। आशंका जताई जा रही है कि पहले युवती के साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद मोबाइल चार्जर की तार से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दुष्कर्म की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

मामले में शक की सुई घर के एक पूर्व नौकर पर जाकर टिक गई है। बताया जा रहा है कि राजस्थान का रहने वाला यह नौकर करीब दो महीने पहले तक घर में काम करता था, लेकिन उसके व्यवहार के चलते उसे निकाल दिया गया था। बुधवार सुबह वह अचानक घर के आसपास देखा गया था, जिसके बाद से वह फरार है।

घटना की सूचना मिलते ही दक्षिण-पूर्वी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विभावि में जंतु विज्ञान एवं बॉटनी विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस पर समारोह का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में बुधवार को 'पृथ्वी दिवस' समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग द्वारा कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता एवं स्नातकोत्तर बॉटनी विभाग द्वारा फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज मेकिंग का विषय था "सतत पृथ्वी के लिए सतत लक्ष्य। विभिन्न विभागों के 48 विद्याथीर्यों ने भाग लिया ओर कागजी कचरे से कोलाज का निर्माण किया।




खास बात यह रही कि प्रतियोगिता का शुभारंभ पृथ्वी वंदन व पूजन द्वारा किया गया। इसी प्रकार बॉटनी विभाग द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए 50 प्रविष्टियां समर्पित हुई। पृथ्वी पर मानव का प्रभाव, विनाश से पुनर्निर्माण की ओर, सहअस्तित्वः मानव और प्रकृति के मध्य सद्भाव तथा भावी पीढ़ी के लिए प्रकृति का संवर्धन जैसे चार विषय दिए गए थे। अपराह्न 2:30 को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में समारोह का समापन सत्र का आयोजन किया गया। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी, बिंदु कुमारी और नितेश कुमार के दल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सना अनवर, नौशीन और पिंटू कुमार के दल को द्वितीय पुरस्कार, सबा प्रवीण, मरिया तबस्सुम और अरफा फातिमा के दल को तृतीय पुरस्कार तथा आशिफा बक्श एवं सोमा राज के दल को चतुर्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रहे डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ एचएन सिन्हा तथा डॉ जया सिन्हा। इसी प्रकार फोटोग्राफी प्रतियोगिता में गणित विभाग की प्रिया रानी को प्रथम पुरस्कार, बॉटनी विभाग की राखी कुमारी को द्वितीय पुरस्कार तथा गणित विभाग की कृति शर्मा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी विजेताओं को मेडल तथा पौधा दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ आरके द्विवेदी ने बताया कि सभी अपने से पूछे कि वह प्रकृति के करुण क्रंदन का अनुभव कर पा रहे हैं या नहीं। बताया कि अपने कार्बन फुटप्रिंट में कटौती द्वारा हम पृथ्वी के लिए कुछ कर सकते हैं। विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम है "हमारी शक्ति हमारा ग्रह" जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने विषय प्रवेश तथा बॉटनी विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थी नितेश ने अपने विचार रखें। वही विद्यार्थी पम्मी और प्रभात ने स्वरचित कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी अभिषेक कुमार पाठक तथा आस्था निरुपम ने किया। इस अवसर पर मानवीकी संकायाध्यक्ष डॉ एसजेड हक, डॉ सुकल्याण मोइत्रा, डॉ मनोज कुमार, डॉ राजेंद्र मिस्त्री, डॉ गंगा नाथ झा, डॉ गंगानन्द सिंह, डॉ नीरज डांग, डॉ जॉनी रुफिना तिर्की, डॉ अमिता कुमारी आदि शिक्षकों के अलावे विज्ञान के विभिन्न विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने मनाया पार्टी का 57वां स्थापना दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** भाकपा माले का 57वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर विष्णुगढ़ पार्टी कार्यालय के समक्ष झंडोत्तोलन किया गया। इसके पश्चात पार्टी के शहीद साथियों के लिए एक मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। स्थापना दिवस पर कार्यकताओं ने कार्यालय में बैठक की।



जिसकी अध्यक्षता राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट तथा संचालन प्रखंड सदस्य दुलारचंद प्रसाद साव ने किया। बैठक में कई बातों पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इस महीने के अंत तक पार्टी का नवीनीकरण और नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने का काम पूर्ण कर लेना है। इसके बाद पार्टी के विस्तार को लेकर प्रत्येक पंचायत में ब्रांच कमेटियों का गठन किया जाएगा, ताकि पार्टी की पहुंच हरेक पंचायतों तक हो सके। प्रखंड सचिव घनश्याम पाठक ने कहा कि झारखंड समेत देश में दबे-कुचलों की आवाज बनकर सिर्फ लाल झंडा ही असली लड़ाई लड़ रही है। पार्टी सदस्यों को भी इसमें भागीदारी निभाते हुए इस संघर्ष को अंजाम तक पहुंचना की जिम्मेवारी है। राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि भाजपा शासन में सिर्फ उद्योगपतियों-पूंजीपतियों का विकास हुआ है।

## यूथ विंग ने स्कूली बालिकाओं के लिए सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता अभियान चलाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए हजारीबाग यूथ विंग ने सखी सेतु की कृतिका शाह के विशेष सहयोग से स्कूली बालिकाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। सखी सेतु कृतिका शाह द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में डिजिटल अंतर को कम करना है। साथ ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उनके स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त झिझक और भ्रांतियों को दूर करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कई दर्जन स्कूली



छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सही उत्पादों के उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर संस्था की कार्यकारिणी सदस्य सेजल सिंह ने कहा कि बदलते समय के साथ जागरूकता बढ़ना बेहद जरूरी है, लेकिन आज भी समाज के कई हिस्सों में इस विषय पर खुलकर बात नहीं हो पाती, जिससे बालिकाएं सही जानकारी से वंचित रह जाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी सही जानकारी एवं स्वच्छता अपनाना हर बालिका के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को जागरूक करना समय की मांग है।

## विभावि के भूगोल विभाग में पृथ्वी दिवस पर व्याख्यान आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के भूगोल विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर बुधवार को एक विशेष व्याख्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सरोज कुमार सिंह ने की। मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख पर्यावरण में सुरेंद्र प्रसाद सिंह, उनके सहयोगी मूलचंद ठाकुर तथा जे. एम. कॉलेज, भुरकुंडा के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार दांगी उपस्थित थे। अतिथियों का अभिनंदन विभाग के छात्राओं द्वारा स्वागत गान के साथ किया गया।




कार्यक्रम की शुभारंभ स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश के साथ करते हुए डॉ. सरोज कुमार सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण संकट केवल एक वैश्विक समस्या नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जल संकट तथा जैव विविधता में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए परिस्थितियाँ और भी गंभीर हो जाएंगी।

इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र प्रसाद सिंह का संक्षिप्त जीवन परिचय शोधार्थी सौरभ कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, नवीकरणीय ऊर्जा तथा प्लास्टिक प्रदूषण जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान वृक्ष वंदना, वन वंदना, जल संरक्षण एवं जैव विविधता के संरक्षण से संबंधित गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ग्रामीण पर्यावरणविद् मूलचंद ठाकुर अपने विचार रखते हुए मानव और प्रकृति के अंतरसंबंध को सरल शब्दों में समझाया। कार्यक्रम में संवाद एवं चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भूगोल विभाग, भूगर्भशास्त्र विभाग, बी. एड. इंटीग्रेटेड के छात्र-छात्राएं एवं विभाग के शोधार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यार्थी स्पर्श द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन रूपेश कुमार के द्वारा किया गया।

## समाजसेवी ने पीड़ित परिवार को किया आर्थिक सहयोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** प्रखंड क्षेत्र के पचड़ा पंचायत अंतर्गत जोरदाग निवासी महेंद्र साव गंभीर रूप से घायल होकर जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बीते 5 मार्च को बड़कागांव नापो में आपसी रंजिश के दौरान उनके दोनों पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। आर्थिक तंगी के कारण समुचित इलाज नहीं हो पाने से उनकी स्थिति दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है। इस मार्मिक स्थिति की जानकारी मिलते ही केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने मानवीय पहल करते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर सहयोग अभियान शुरू किया। इस दौरान लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक मदद दी। सभी सदस्यों ने अपने सहयोग लगभग 24,000 की सहयोग राशि एकत्रित कर पीड़ित परिवार को सौंपी गईताकि उनके इलाज में कुछ राहत मिल सके। प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि जरूरतमंद की मदद के लिए



आगे आए। छोटी-छोटी मदद भी किसी की जिंदगी बचा सकती है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अन्य लोगों सामाजिक संगठनों और सक्षम व्यक्तियों से अपील की है कि वे आगे आकर महेंद्र साव के बेहतर इलाज के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि उन्हें समय पर उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके और उनकी जिंदगी बचाई जा सके। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम रंजन पासवान, जागेश्वर साव, वो कुमार साव, खिरोधर साव, कुलदीप साव, श्याम देव साव, कालो राम, संजय साव, किशोर साव, कन्हैया माली, प्रेम साव, तुलसी साव,ब्रजेश राम, दिनेश महतो, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### आयुष्मान रंजन ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, सेंट पीटर्स स्कूल पंचगणी में हुआ चयन

## ईमानदारी से किया गया मेहनत का परिणाम मधुर होता है : रोहित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि यहाँ के मेधावी एवं होनहार छात्र आयुष्मान रंजन का चयन देश के प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय सेंट पीटर्स स्कूल, पंचगणी में हुआ है।



यह विद्यालय आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध है और अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है।आयुष्मान रंजन के पिता नलिनी रंजन एवं माता निरूपमा रंजन हैं। वह प्रारंभ से ही एक प्रतिभाशाली, अनुशासित एवं परिश्रमी छात्र रहे हैं। उनकी इस सफलता के पीछे उनके परिवार का निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। उनके दादा सरयू शरण गौर एवं दादी हिमांशु कला किशोरी का स्नेह, आशीर्वाद एवं संस्कार भी इस उपलब्धि में विशेष योगदान देने वाले रहे हैं।

गौरतलब है कि सेंट पीटर्स स्कूल, पंचगणी, जिसकी स्थापना वर्ष 1904 में हुई थी, देश के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों में से एक है। इस संस्थान में वर्षों से देश के अनेक प्रतिष्ठित परिवारों, उद्योगपतियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं फिल्म जगत से जुड़े प्रसिद्ध हस्तियों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते रहे हैं।

इस कारण यहाँ प्रवेश प्राप्त करना अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। आयुष्मान का निवास हिमांशु निवास, पटना रोड, बरही में है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। स्थानीय शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने कहा कि बरही जैसे छोटे शहरों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों में स्थान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। आयुष्मान रंजन की यह सफलता आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने आयुष्मान को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे चलकर अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करेंगे। इस संबंध में श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रोहित सिंह ने कहा कि ईमानदारी पूर्वक किया गया मेहनत का परिणाम भी मधुर होता है।

## एक नजर

### अज्ञात अपराधियों ने हाइवा में लगायी आग धमकी भरा पर्चा बरामद



**बड़कागांव :** बड़कागांव पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में बुधवार को एक गंभीर आपराधिक घटना सामने आई, जिसने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। परियोजना में कार्यरत एक निजी कंपनी की हाइवा को अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े आग के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना बुधवार लगभग शाम 3 बजे उस समय घटी, जब हाइवा अपने निर्धारित मार्ग 13 माइल होकर गुजर रही थी। यह इलाका सामान्यतः काफी व्यस्त रहता है और घटना के समय भी सड़क पर लोगों की आवाजाही बनी हुई थी। ऐसे में दिन के उजाले में इस तरह की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चार अज्ञात अपराधियों ने हाइवा को जबरन रोककर उसमें आग लगा दी। घटना के दौरान अपराधियों ने चालक को एक धमकी भरा पर्चा भी थमा दिया। पर्चे में कंपनी से रंगदारी की मांग की गई है और स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि जितनी जल्दी हो सके बॉस से मैनेज कर लो, नहीं तो काम बंद कर दो। वरना इस बार गोली चली है, अगली बार बम मार देंगे—ये तो सिर्फ ट्रेलर है। बताया जा रहा है कि पर्चे में प्रकाश सोनकर, मयंक सिंह और राहुल दुबे गैंग का नाम भी लिखा हुआ है, जिससे मामले को लेकर गंभीरता और बढ़ गई है।

### बिगल राम ने बहन की गुमशुदगी को लेकर थाना में दी सूचना



**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना अंतर्गत के ग्राम महुदी गांव निवासी बिगल राम पिता स्वर्गीय प्रयाग राम ने अपनी बहन की गुमशुदगी को लेकर बड़कागांव थाना में आवेदन दिया था।दिए गए आवेदन के अनुसार बताया गया कि मेरी बहन उम्र 18 वर्षीय 7 अप्रैल 2025 समय दोपहर 2:00 बजे अपने घर से गायब हो गई। जिसका रंग सांवला, ऊंचाई 5 फीट 2 इंच , पहनावा काला रंग का जीस और लाल रंग का टॉप एवं पैरों में जुता पहनी है।तथा भाषा हिंदी और खोरठा बोलती है। उन्होंने आगे लिखा है कि हमारे परिवार के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद पता नहीं चला तो थाना में गुमशुदगी को लेकर सुचना हेतू आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई। मामले को लेकर बड़कागांव पुलिस के द्वारा बड़कागांव थाना कांड संख्या 87 / 25 दर्ज कर खोजबीन करने का निरंतर प्रयास जारी है। मामले को लेकर अपील करते हुए कहा गया है कि अगर किन्ही को उक्त बच्ची की जानकारी मिले तो इसकी जानकारी बड़कागांव थाना के मोबाइल नंबर पर या मोबाइल नंबर 62053 99009 पर फोन कर जानकारी दें।

### कार गहरी खाई में गिरी, एक की मौत

**चौपारण :** दनुवा घाटी में बुधवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ब्रेक फेल होने के कारण एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग चौपारण से बिहार की ओर जा रहे थे। जैसे ही वाहन दनुवा घाटी के खतरनाक ढलान पर पहुंचा, अचानक कार का ब्रेक फेल हो गया। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने की भरपूर कोशिश की, लेकिन कार अनियंत्रित होकर सीधे खाई में जा गिरी।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने किया बरही अनुमंडलीय क्षेत्र के सभी थानों का औचक निरीक्षण



**बरही :** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार के द्वारा बरही अनुमंडलीय क्षेत्र के सभी थाना का औचक निरीक्षण किया गया। थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी ओड्डपीड्ड प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा थाना क्षेत्र के आम जनों से समन्वय बनाए रखने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में आवागमन की परिचालन व्यवस्था सुदृढ़ करने से संबंधित उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने बरही, पदमा ओपी, चालकुसा, चौपारण, बरही महिला थाना एवं बरकट्ठा तथा गोरहर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल भी मौजूद रहे।

### दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस 11वीं की क्लासेज 26 अप्रैल से होगी प्रारंभ

**बरही :** हजारीबाग रोड़ स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट में आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस फर्स्ट ईयर की क्लासेज रविवार से प्रारंभ होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने बताया कि विगत 2009 से दी आर्य भट्ट संस्थान में अनुभवी शिक्षकों द्वारा क्लासेज दी जा रही है। एवं विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन एवं एक अच्छे माहौल वातावरण में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा के प्रति समर्पण की वजह से विगत सालों से जिला,अनुमंडल,कॉलेज एवं विद्यालय टॉपर देने में संस्थान ने गौरव हासिल किया है। संस्थान में 8वीं, 9वीं, 10वीं,12वीं में आर्ट्स,कॉमर्स एवं साइंस, स्नातक में सभी ऑनर्स पेपर,कंप्यूटर,कॉम्पटीशन की क्लासेज होती है। जिसमें फर्स्ट ईयर की क्लासेज रविवार से प्रारंभ होगी। समय समय पे खेल–कूद,मनोरंजन,एजुकेशनल टूर,सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाते है। ताकि विद्यार्थियों के अंदर छिपी योग्यता को एक प्लेटफार्म मिल सके एवं खुद को और निखार सके।

### फरार अभियुक्तों के घर और पंचायत भवन में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बरही :** बरही थाना में दर्ज मामले के फरार अभियुक्तों के घर पर और पंचायत भवन में बरही थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। बरही थाना क्षेत्र के लेंगुरा बसरिया के रहने वाले प्रमोद कुमार न्यायालय से वारंट निर्गत होने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। इस कारण से घर पर न्यायालय में हाजिर होने का इश्तेहार चिपकाया गया।
वहीं बरही थाना क्षेत्र के दुलमाहा गांव के रहने वाले फरार अभियुक्त राजकुमार यादव के घर पर और पंचायत भवन में बरही थाना पुलिस ने न्यायालय में हाजिर होने के लिए इश्तेहार चिपकाया।

### सांसद के द्वारा लहंगा उपलब्ध कराया गया



**केरेडारी :** सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से क्षेत्र की बेटियों को लहंगा वितरण का कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र सिंह और भाजपा युवा नेता सुनील कुमार ठाकुर प्रकाश गुप्ता ने बरियातू में खुशलाल साव की पुत्री खुशबू कुमारी को लहंगा भेंट किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान खुशबू कुमारी और उनके परिवार के सदस्यों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। सांसद मनीष जायसवाल जी का यह संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी बेटी के चेहरे पर भी मुस्कान आए। बेटियों का सम्मान ही असली राष्ट्र निर्माण है। एक लहंगा केवल वस्त्र नहींबल्कि यह संदेश है कि समाज उनके साथ खड़ा है। भाजपा का हर कार्यकर्ता 'सेवा ही संगठन' के मंत्र को जीता है और यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हर जरूरतमंद बेटी तक मदद पहुंच जाए। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान को जमीन पर उतारने के लिए ऐसे छोटे–छोटे प्रयास ही बड़ा बदलाव लाते हैं। मौके पर उपस्थित रहे। तेजो साव राजीव कुमार युवा नेता प्रकाश गुप्ता नागेश्वर महतो अशोक साव महेंद्र सिंह सुनील कुमार ठाकुर जीबू तुरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर राजगढ़ बरसोत में 102 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**बरही :** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बरही के बरसोत राजगढ़ में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन और बलगम की हुई जांच की गई। कुल 102 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में 96 लोगों का एक्स – रे परीक्षण किया गया। 18 मरीजों का बलगम जांच के लिए सैंपल लिया गया। ओपीडी में कुल 102 लोगों की जांच हुई। बरसोत राजगढ़ में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में प्रियंका कुमारी, शैलेन्द्र राम, सूरज कुमार, काजल कुमारी, रीमा वर्मा, सलोनी कुमारी, वीणा देवी, बबीता देवी, यशोदा देवी, अवंतिका देवी शोभा कुमारी, विभाग कुमारी, सुमन कुमारी जावेद अख्तर और मो शमशाद ने स्वास्थ्य जांच में डॉक्टरों को सहयोग किया।

## एक नजर

### संत माइकल +2 स्कूल में अर्थ डे मनाया गया



**सिल्ली :** मुरी आज बुधवार को संत माइकल +2 स्कूल, मुरी में अर्थ डे मनाया गया जिसमें विद्यालय के सभी कक्षा के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने विभिन्न विषयों जैसे पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण इत्यादि के महत्व को समझते हुए सबके साथ अपने विचार साझा किए। साथ ही विद्यार्थियों ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों जैसे ग्लोबल वार्मिंग, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, वृक्षो की कटाई इत्यादि के बारे मे भी अपने विचार साझा किए। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर तैयार किए जिसके माध्यम से अधिक से अधिक विरक्षारोप करने प्रदूषण न फैलाने एवं जल का बचाव करने जैसे संदेश को दशार्या जिससे हम अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पृथ्वी से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी और यह भी बताया कि पृथ्वी ही हमारा एकमात्र घर है और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है।

### बीजेपी कार्यालय में आक्रोश मार्च को लेकर बैठक सम्पन्न

**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला के निर्देश अनुसार सिल्ली मंडल के प्रधान कार्यालय में आक्रोश मार्च को लेकर एक बैठक की गई इस बैठक में प्रभारी रोहित कुमार साहू जी उपस्थित हुए । 25 अप्रैल को होने वाली आक्रोश मार्च पर चर्चा हुई जन विरोधी कांग्रेस सरकार एवं सहयोगी दलों के विरोध में मोराबादी मैदान में अधिक से अधिक संख्याओं में महिला एवं पुरुष उपस्थित होंगे क्योंकि महिलाओं पर 33 प्रतिशत आरक्षण और परिसीमन का विरोध किया ऐसे दलों को नकार देना है आने वाले समय में इन दलों को जड़ से उखाड़ देने का संकल्प लिया गया। इस बैठक में उपस्थित हुए, मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ,हरिहर महतो, भेगराज प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, कृष्णा रविदास, लखन नायक, श्याम सुंदर महतो, सुशील सिंह घटवार, सुंदर गोपाल बेदिया, पवन महतो, करण महतो, शैलेंद्र बड़ाइक अमृत बड़ाइक, वासुदेव महतो आदि उपस्थित।

### रेलवे ट्रैक से महिला का शव बरामद

**सिल्ली:** सिल्ली पुलिस ने बुधवार के दिन लगभग 11 बजे एक अज्ञात महिला का रेलवे ट्रैक पर कटी हुई शव बरामद किया ।पुलिस ने शव को किता और गौतम धारा स्टेशन के बीच पॉल संख्या 368/24-22 से बरामद किया ।सिल्ली पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स भेज दिया।

## रांची में जनगणना कार्य की धीमी गति पर उपायुक्त सख्त

# तीन बीडीओ को शोकॉज नोटिस और वेतन रोकने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची जिला प्रशासन ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त-सह-प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया।

बैठक के दौरान कई प्रखंडों में कार्य की धीमी रफ्तार पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अनगड़ा, सोनाहातू और सिल्ली प्रखंडों में कार्य की सुस्ती को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों के खिलाफ शोकॉज नोटिस जारी करने और उनके वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मकान सूचीकरण और गणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने पोर्टल पर डेटा एंट्री की नियमित और सतर्क निगरानी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे और पूरी प्रक्रिया शत-प्रतिशत सटीक हो।

उन्होंने कहा कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विकास योजनाओं की आधारशिला है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी, गंभीरता और समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

बैठक में प्रभारी उपविकास आयुक्त सह पीडी आईटीडीए संजय भगत, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) कुमार रजत, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, निदेशक डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शेषनाथ बैठा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पैतृक गांव नेमरा में लगा मोबाइल टावर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पैतृक गांव शैडो एरिया में पड़ता है। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत थाना क्षेत्र के नेमरा गांव में बात करने के लिए लोगों को मोबाइल नेटवर्क भी नहीं मिलता था। बुधवार को रामगढ़ डीसी ऋतुराज की पहल पर इस गांव में मोबाइल टावर लगाया गया। जिला प्रशासन की ओर से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क से वंचित या कम नेटवर्क वाले क्षेत्रों (शैडो एरिया) को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर वहां नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में नेमरा गांव में जिओ कंपनी ने मोबाइल टावर स्थापित किया। टावर के चालू होने के साथ ही क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर मोबाइल नेटवर्क सुविधा उपलब्ध होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नाबालिगों की गुमशुदगी पर राज्यपाल सख्त डीजीपी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में नाबालिग लड़कियों की गुमशुदगी के बढ़ते मामलों और पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली पर राजभवन ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर उनके अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

> अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

#### पुलिस की शिथिलता पर जताई नाराजगी

राज्यपाल ने पत्र के माध्यम से खेद प्रकट करते हुए कहा है कि राज्य में पिछले कुछ समय से नाबालिग लड़कियों के गायब होने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई मामलों में यह देखा गया है कि स्थानीय पुलिस समय पर सक्रिय नहीं होती, जिसके कारण बाद में गंभीर और अप्रिय घटनाएं घटित हो रही हैं। राजभवन ने इसे 'अत्यंत चिंताजनक' करार दिया है।

#### जिलों की विस्तृत रिपोर्ट तलब

राज्यपाल ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि राज्य के सभी जिलों में गुमशुदगी से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की जाए। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता दिखाई जाए और तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

## झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसलाः संरक्षित वनों से 500 मीटर के भीतर खनन पर पूर्ण रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने संरक्षित वनों की सीमा से पत्थर खनन और क्रशर इकाई स्थापित करने की न्यूनतम दूरी को 250 मीटर से बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया है। चीफ जस्टिस एम.एस. सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अब वनों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अन्य राज्यों का हवाला गलतः समिति ने झारखंड की भौगोलिक स्थिति का आकलन किए बिना अन्य राज्यों (जैसे पंजाब, ओडिशा) के नियमों के आधार पर फैसला लिया था, जिसे कोर्ट ने अनुचित माना।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के लिए 1 किमी का ईको-सेंसिटिव जोन अनिवार्य है, लेकिन सामान्य संरक्षित वनों के लिए खनन हेतु 250 मीटर की दूरी बहुत कम और 'मनमाना' है।



#### 18 जून तक लागू रहेगी व्यवस्था

पूर्व वन अधिकारी आनंद कुमार द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश दिया है। मामले की अगली और अंतिम सुनवाई 18 जून 2026 को तय की गई है। तब तक राज्य में 500 मीटर का बफर जोन प्रभावी रहेगा, जिससे राज्य के जंगलों को प्रदूषण और अंधाधुंध खनन से राहत मिलने की उम्मीद है।

#### 250 मीटर वाला नियम हुआ रद्द

अदालत ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वर्ष 2015 और 2017 में जारी की गई उन अधिसूचनाओं को खारिज कर दिया, जिनमें खनन की दूरी घटाकर 250 मीटर कर दी गई थी। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि दूरी घटाने का निर्णय 'अप्रासंगिक तथ्यों' पर आधारित था और इसमें पर्यावरण विशेषज्ञों की राय की अनदेखी की गई थी।

#### कोर्ट के मुख्य तर्क और निर्देश

विशेषज्ञों की कमी: कोर्ट ने पाया कि 2015 की जिस समिति ने दूरी घटाने की सिफारिश की थी, उसमें ज्यादातर नौकरशाह शामिल थे और वन एवं पर्यावरण विशेषज्ञों की कमी थी।

## समर्पण शाखा का वार्षिक पुरस्कार सह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच और रांची समर्पण शाखा की ओर से सत्र 2025-26 का वार्षिक पुरस्कार वितरण सह सत्र 2026-27 का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को रांची में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की अध्यक्षा पूजा अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदस्यों को सम्मानित किया गया। सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्षा पूजा अग्रवाल ने अपना कार्यकाल पूर्ण करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्षा शुभा अग्रवाल को पदभार सौंपा।

नवनिर्वाचित अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि समर्पण शाखा पिछले 19 वर्षों से सेवा कार्यों में अग्रणी रही है। आगे भी इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रत्येक माह अन्नपूर्णा सेवा और गौ सेवा कार्यक्रम चलाने की घोषणा की।

वहीं बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने संगठन की सेवा भावना की सराहना करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथियों में झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पड़िया, मंडल उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल और प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास झाझड़िया उपस्थित थे।

चुनाव पदाधिकारी विनीता सिंघानिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्षा को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सावन मेला पोस्टर का विमोचन और अस्थायी प्याऊ का उद्घाटन किया गया।



**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोक भवन में भेंट की तथा राज्यपाल को ऑड्रे हाउस, राँची में आयोजित सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कला, संस्कृति एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान करना है।**

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीयत में खोट : कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** संसद के विशेष सत्र के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून में संशोधन वाला बिल लोकसभा में गिर जाने के बाद मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ऋतु चौधरी ने आज बुधवार को रांची में संवाददाता सम्मेलन किया।

#### केंद्र की भाजपा सरकार कर रही दुष्प्रचारः ऋतु चौधरी

ऋतु चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में महिला आरक्षण विधेयक नहीं, बल्कि परिसीमन बिल पेश किया गया था जिसे विपक्षी दलों ने पूरी एकजुटता से गिरा दिया। ऋतु चौधरी ने कहा कि भाजपा यह दुष्प्रचार कर रही है कि कांग्रेस महिला विरोधी है, जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस ही एक मात्र वह पार्टी है जिसने आजादी की लड़ाई के समय से ही महिलाओं के हक और अधिकार की बात की, महिलाओं को उनका हक पंचायती राज और शहरी निकाय चुनाव में दिया। अब कांग्रेस चाहती है कि न सिर्फ महिलाओं को लोकसभा-विधानसभा में 33% आरक्षण मिले, बल्कि महिलाओं में भी जो अन्य पिछले वर्ग की महिलाएं (ओबीसी महिलाओं) को उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण मिले।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ऋतु चौधरी ने कहा कि ओबीसी महिलाओं को हक और अधिकार से वंचित रखने के लिए भाजपा कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर देश की महिलाओं को बरगलाने और देश की जनता से झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में सरकार द्वारा परिसीमन बिल लाया गया था, जिसे विपक्ष द्वारा गिराया गया।

#### महिला आरक्षण पर केंद्र सरकार की नीयत में खोट

ऋतु चौधरी ने कहा कि 2023 में विपक्ष ने भाजपा का साथ देकर महिला आरक्षण विधेयक पास कराया, लेकिन सरकार की नीयत में खोट था, इसलिए 2024 के चुनाव के पूर्व इसे अधिसूचित कर लागू नहीं किया गया। अगर सरकार की नीयत सही होती तो महिलाओं को 2024 के चुनाव में ही आरक्षण मिल गया होता। 2023 में बिल के साथ जनगणना और परिसीमन की शर्तें लगाकर उसे लागू नहीं किया गया। आनन-फानन में परिसीमन बिल को पेश करने के ढाई वर्षों के बाद महिला आरक्षण विधेयक को अधिसूचित किया गया, इससे सरकार की नीयत में खोट पुख्ता हो जाती है कि वह महिला सशक्तीकरण के खिलाफ है।



#### प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश की

ऋतु चौधरी ने कहा कि देश के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को बदनाम करने की कोशिश की गई। संबोधन के नाम पर महिलाओं और देश से झूठ बोला गया। भाजपा देश में मनमाने ढंग से परिसीमन लागू करना चाहती है। जिस तरह जम्मू कश्मीर में मनमाना परिसीमन लागू किया गया था, जहां जम्मू को ज्यादा और कश्मीर को कम सीटें दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा संसद में पेश किया गया परिसीमन बिल देश को तोड़ने वाला था। इस बिल से उत्तर पूर्व, गोवा, दक्षिण भारत के राज्य व्यापक रूप से प्रभावित होते। देश में राजनीतिक रूप से इन राज्यों को हाशिए पर धकेलने की तैयारी थी। इन राज्यों की सीटें घटकर भाजपा वर्तमान के अपने प्रभाव वाले राज्यों में सीटें बढ़ाना चाहती थी।

#### सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने पीएम को लिखा था पत्र

उन्होंने कहा कि 2017 में सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महिला आरक्षण बिल लाने की मांग की थी। वहीं 2018 में राहुल गांधी ने 32 लाख हस्ताक्षरों के साथ पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महिला आरक्षण बिल को संसद में लाने की मांग की थी। कांग्रेस चाहती है कि सरकार 543 सीटों पर आज ही महिला आरक्षण कानून लागू करें, ताकि संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 2029 के चुनाव में 181 की संख्या में हो, लेकिन प्रधानमंत्री इससे दूर भाग रहे हैं। उनकी नीयत महिलाओं को अधिकार देने की नहीं है।

#### भाजपा के कई सांसद महिला अपराध के आरोपी-ऋतु चौधरी

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ऋतु चौधरी ने कहा कि एक ओर महिलाओं को मान-सम्मान और उनको अधिकार देने का कांग्रेस का गौरवमयी इतिहास रहा है तो दूसरी ओर भाजपा ऐसी पार्टी है जहां 100 से अधिक ऐसे सांसद हैं जो किसी न किसी महिला के प्रति अपराध करने के आरोपी हैं। कई भाजपा नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि वह सब आज भाजपा की शोभा बढ़ा रहे हैं। दूसरी ओर हमारे कांग्रेस के नेता मोतीलाल नेहरू के समय कांग्रेस के प्रस्ताव में ही महिलाओं को अधिकार देने की बात हुई थी। एनी बेसेंट से लेकर इंदिरा गांधी-सोनिया गांधी तक का हमारा स्वर्णिम इतिहास है कि हम महिलाओं को अपमानित नहीं करते, बल्कि उनको उनका हक और अधिकार देते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएलपीएस और इंडियन बैंक के बीच हुआ एमओयू अब सीएलएफ स्तर पर होगा डिजिटल भुगतान

**राँची :** झारखंड में ग्रामीण वित्तीय प्रबंधन को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य ने देश भर में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और इंडियन बैंक के बीच क्लस्टर लेवल फेडरेशन के लिए एक अत्याधुनिक पेमेंट गेटवे एप्लीकेशन विकसित करने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। झारखंड अब देश का एकमात्र राज्य बन गया है, जहाँ सीएलएफ स्तर पर इस तरह का डिजिटल पेमेंट गेटवे लागू किया जा रहा है। इस साझेदारी के तहत इंडियन बैंक एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है, जिससे सखी मंडलों, ग्राम संगठनों, विक्रेताओं और कैडरों के बीच रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन संभव होगा। प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए इसमें मेकरझ्रचेकरझ्रअप्रूवर आधारित अनुमोदन प्रक्रिया अपनाई गई है। साथ ही, वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल सिग्नेचर और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। प्रारंभिक चरण में इस व्यवस्था को राज्य के 6 सीएलएफ में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से ऋण वितरण और भुगतान से संबंधित लेन-देन शामिल होंगे। पायलट की सफलता के बाद इसे राज्य के सभी वित्तीय लेन-देन के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म पीएफएमएस, ईएफएमएस, छड्ड'डर और स्वलेखा जैसे मौजूदा पोर्टलों के साथ भी एकीकृत होगा।

एमओयू पर जेएसएलपीएस के मुख्य परिचालन पदाधिकारी बिष्णु चरण परिदा और इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक महेंद्र बाजपेयी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इंडियन बैंक कॉर्पोरेट कार्यालय (चेन्नई) के महाप्रबंधक श्री अन्बु कामराज पी, अंचल प्रबंधक राजेश शरण, जेएसएलपीएस के अमित जैन और पूर्णिमा मुखर्जी समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड के पांच जिलों में पारा 42 डिग्री के पार, कई इलाको में लू का खतरा

**रांची :** झारखंड इन दिनों प्रचंड गर्मी की चपेट में है। राज्य के कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि पांच जिलों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों के लिए दिन में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और लू का खतरा बढ़ गया है। सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 43 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जमशेदपुर में 42 .4 डिग्री, बोकारो में 42 .1 डिग्री, चाईबासा में 42 .4 डिग्री और सरायकेला में भी 42 .4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इन जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, राजधानी रांची में तापमान में थोड़ी गिरावट देखी गई है। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री से घटकर 38 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोगों को आंशिक राहत मिली है। वहीं, राज्य का सबसे ठंडा जिला लातेहार रहा, जहां अधिकतम तापमान 34 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार 23 से 26 अप्रैल के बीच राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों—देवघर, दुमका, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा, गिरिडीह और साहिबगंज में गरज-चमक के साथ बारिश, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 43 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 17 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही मौसम साफ रहा और दिनभर तेज धूप के कारण गर्मी का असर बना रहा। रांची में अधिकतम तापमान 38 .6 डिग्री और न्यूनतम 22 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 42 .4 और न्यूनतम 25 .6 डिग्री, डाल्टनगंज में 43 .4 और 23 .3 डिग्री, बोकारो में 42 .1 और 22 .1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 42 .4 और न्यूनतम 25 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं और लू से बचाव के उपाय अपनाएं।

### पृथ्वी के संरक्षण में आध्यात्मिक सोच की भूमिका अहम : ब्रह्माकुमारी

**रांची :** ब्रह्माकुमारी संस्थान के स्थानीय सेवा केन्द्र, चौधरी बगान (हरमू रोड) में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि पृथ्वी संरक्षण में आध्यात्मिक सोच की भूमिका अहम होती है। विश्व पृथ्वी दिवस का उद्देश्य केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना नहीं, बल्कि पृथ्वी को बचाने के लिए सामूहिक संकल्प लेना भी है। वर्तमान समय में मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन बिगड़ता जा रहा है, जिसे पुनः स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। निर्मला बहन ने कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं को केवल भौतिक उपायों से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी समझने की जरूरत है। मनुष्य के विचार, भावनाएं और वाइब्रेशन हवा, पानी और मिट्टी को प्रभावित करते हैं। जब मानव चेतना शुद्ध और सकारात्मक होती है, तब प्रकृति भी संतुलित रहती है, जबकि नकारात्मक सोच पर्यावरणीय असंतुलन को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि ध्यान, साइलेंस और आत्मचिंतन के माध्यम से मन को शांत कर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है, जिससे पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

**रांची :** पृथ्वी दिवस पर आईआईसीसी संस्थान, मेन रोड में छात्रों ने बुधवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों में रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान वेस्ट टू बेस्ट थीम के तहत विद्यार्थियों को बेकार सामग्री से उपयोगी और आकर्षक वस्तुएं बनाने की जिम्मेदारी दी गई। छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न कलात्मक और उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही थीं। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ मो महबूब आलम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण भी किया गया, जिसके माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक फरिया आफरीन, हरेंद्र कुमार, स्वीटी कुमारी, सपना कुमारी गुप्ता, दीपाली विश्वास और आमिर आरफीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बीआईटी के छात्रों ने फूड डिलीवरी केस स्टडी को किया प्रस्तुत

**रांची :** बीआईटी मेसरा के आर एंड डी भवन में आयोजित आईडीई बूटकैंप के तहत विद्यार्थियों ने फूड डिलीवरी केस स्टडी और रैपिडो बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक रणनीतियों और स्टार्टअप मॉडल की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। आठवें सत्र में लीन कैनवास और वित्तीय योजना पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिसका समन्वय डॉ कोयल मुखर्जी ने किया और विशेषज्ञ ऋषभ गिल ने सत्र का नेतृत्व किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, पूंजी और परिचालन व्यय को समझते हुए वित्तीय अनुमान तैयार करने का अभ्यास किया। छात्रों ने फिजिकल कैनवास का उपयोग कर व्यावहारिक गतिविधि में भाग लिया। सत्र में शार्क टैंक शैली की गतिविधि भी आयोजित हुई, जिसमें छात्रों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए दो मिनट और प्रश्नोत्तर के लिए तीन मिनट का समय दिया गया। नौवें सत्र में सिद्धार्थ रजा हैदर के नेतृत्व में रेवेन्यू मॉडल के महत्व और प्रभाव पर चर्चा की गई, जिसका समन्वय डॉ विनय कुमार ने किया। इसमें बताया गया कि व्यवसाय किस प्रकार आय अर्जित करते हैं, ग्राहकों की पहचान करते हैं और मूल्य निर्धारण करते हैं।

एक नजर

## राजगढ़िया चौराहा पर 200 केवीए ट्रांसफार्मर की मांग तेज



**झुमरी तिलैया :** झुमरी तिलैया क्षेत्र में लगातार बिजली समस्या को लेकर वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने विद्युत विभाग के जेई व एसडीओ से बातचीत कर राजगढ़िया चौराहा पर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। पिंकी जैन ने बताया कि राजगढ़िया चौराहा का पुराना ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद उसे बदला तो गया, लेकिन नया ट्रांसफार्मर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। ट्रांसफार्मर पर्याप्त लोड नहीं ले पा रहा, जिससे इलाके में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित रहने की समस्या बनी हुई है। इसका सीधा असर गौरी शंकर मोहल्ला, मेडिकल लाइन और राजगढ़िया रोड के लोगों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सैकड़ों डॉक्टर अपनी प्रैक्टिस करते हैं और कई मेडिकल दुकानें संचालित हैं, जहां जिले भर से हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। बिजली बाधित रहने से स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा, आवासीय क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने विभाग से जनहित में जल्द समाधान करने की अपील की है। उन्होंने यह भी मांग की कि राजगढ़िया चौराहा पर नया ट्रांसफार्मर लगाने के साथ-साथ गौरी शंकर मोहल्ला में भी 200 केवीए का एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिल सके।

## रामगढ़ में घर में चोरी और ज्वेलर्स डकैती ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

**रामगढ़ :** जिले में एक ही दिन के भीतर हुई दो बड़ी आपराधिक घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर में ज्वेलर्स दुकान पर डकैती के बाद अब शहर के गोलपार मोहल्ले में बंद घर से लाखों रुपये की चोरी की वारदात सामने आई है। लगातार बढ़ती घटनाओं से लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार गोलपार निवासी कपड़ा व्यवसायी रामप्रवेश साव परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने बिहार गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर का फायदा उठाया, मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और घर में घुसकर कीमती सामान समेट लिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों के मुताबिक चोरी में लगभग 10 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घर से 6 से 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, करीब 1.20 लाख रुपये नकद तथा बिक्री के लिए रखी नई और महंगी साड़ियां चोरी कर ली गईं। चोरी गए सामान में सोने का मांगटीका, नथिया, भारी चेन, दो सेट झुमका, मंगलसूत्र, नाक की नथ, चांदी के कई आभूषण और नकदी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग सदमे में आ गए। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर काफी देर तक घर के अंदर मौजूद रहे। छत पर खाने-पीने के अवशेष और सिगरेट के निशान मिले हैं। इससे अंदेशा है कि बदमाश पूरी बेखौफी के साथ वारदात को अंजाम देते रहे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी की यह घटना रामगढ़ थाना से अधिक दूरी पर नहीं हुई। ऐसे में रात्रि गश्ती और पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि लगातार घटनाओं के बावजूद अपराधियों में पुलिस का डर नहीं दिख रहा।

# कोडरमा में स्कूल लैब असिस्टेंट पर छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड स्थित सर्वोदय +2 हाई स्कूल मरकच्चो के लैब असिस्टेंट के द्वारा विद्यालय की छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला आया प्रकाश में। मिलीजानकारी अनुसार घटना शुक्रवार की बताई जाती है। जब विद्यालय के कुछ शिक्षक सरकारी कार्य को लेकर कहीं दूसरे जगह गए थे। और इस दौरान कक्षा 12वीं की साइंस की मात्र एक ही छात्रा विद्यालय आई थी। जिसे बहला फुसला कर विद्यालय में लैब असिस्टेंट के पदपर कार्यरत मोहम्मद तौहीद आलम ने किसी बहाने से उक्त नाबालिक छात्रा को अकेला होने के मौके का फायदा उठाकर लैब में लेगया और उसके साथ बुरा




नीयत से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है।

वहीं घटना के दौरान उक्त नाबालिक छात्रा किसी तरह उक्त व्यक्ति के चंगुल से भाग निकली और इस घटना की जानकारी विद्यालय के अन्य शिक्षक को देने का कार्य की। वहीं घटना के बाद घटना को अंजाम देनेवाला उक्त शिक्षक विद्यालय से किसी तरह भाग निकला। वहीं घटना के तीनदिन बाद सोमवार को उक्त शिक्षक तौहीद आलम ने उक्त विद्यालय पहुंचकर पूछताछ के क्रम में इस घटना को कबूल किया और बताया की हमसे इस तरह की गंदी हरक्कत हुई है इसलिए इस कारनामे की माफ करने की गुजारिश किया। वहीं पूछताछ में सारी गंदी हरक्कत कबूल करने के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा मरकच्चो पुलिस को बुलाकर उक्त शिक्षक तौहीद आलम को पुलिस प्रशाशन को सौंपा गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाना गाड़ी में बैठाकर विद्यालय से मरकच्चो थाना लेगए। पर अबतक ऐसे कुकर्मी पर कोई कार्रवाई होता नहीं दिखरहा है ये दुर्भाग्य है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की पहले इस तरह की घटनाएं दिल्ली मुम्मई वगैरा में होने की बातें सुनने को मिलता था।

लेकिन विद्यालय के छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक जो शिक्षा जगत के प्रहरी कहलाते हैं। उनके द्वारा इस तरह की गंदी हरक्कत पहली बार सुनने को मिली है। जबकि शिक्षक यानी गुरु की महत्ता को बिल्कुल सबसे ऊंचा दर्जा दियाजाता था पर आज उनकी महत्ता को बिल्कुल शर्मशार करने वाली बातें हैं। इसलिए शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से निवेदन होगा की ऐसे कुकर्मी को नौकरी से हटाते हुवे कठिन से कठिन कार्रवाई किया जाय।

## चितरपुर ज्वेलर्स चोरी कांड पर चैंबर ने उठाई कड़ी कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** चितरपुर क्षेत्र स्थित शिव शंकर ज्वेलर्स में हुई चोरी की घटना को लेकर रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। संगठन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करने वाला मामला बताया है। घटना के बाद व्यवसायियों में भय, असुरक्षा और आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। चैंबर पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाएं व्यापारिक माहौल को प्रभावित कर रही हैं। व्यापारी वर्ग अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। खासकर स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों में इस घटना के बाद दहशत बढ़ गई है। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरी की घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही चोरी गई संपत्ति की बरामदगी के लिए प्रभावी और ठोस कार्रवाई की जाए। चैंबर ने कहा कि चितरपुर सहित पूरे रामगढ़ जिले में व्यापारिक प्रतिष्ठानों और ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नियमित पुलिस गश्ती और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। व्यवसायियों का विश्वास बनाए रखने के लिए यह बेहद जरूरी है। संगठन ने बताया कि इससे पहले भुरकुंडा स्थित विजय ज्वेलर्स और रामगढ़ स्थित वोलकन बजाज में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने व्यापारियों की चिंता और बढ़ा दी है।

## महिला आरक्षण और परिसीमन पर भाजपा ने की प्रेस वार्ता, विपक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे अहम मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोडरमा में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला गया। जमुआ विधायक मंजु देवी ने प्रेस वार्ता में कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में हुए घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है। नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है।



परिसीमन पर सरकार का पक्ष स्पष्ट करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से कहा गया कि परिसीमन प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है और इससे किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा। भाजपा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों का विरोध है। जिला मंत्री सुनीति सेठ और अनिता देवी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकता रही है।

महिला मोर्चा जिला महामंत्री सविता देवी, जिला मंत्री बेबी देवी, संतोषी देवी, लक्ष्मी बर्णवाल, दीपा भारती और श्वेता सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि महिलाओं के अधिकारों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## जरूरतमंद बहनों के चेहरे पर मुस्कान, भुरकुंडा में लहंगा वितरण से गूंजा मानवीय संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरक तस्वीर भुरकुंडा मंडल के सेंट्रल सौंदा हाथीदाढ़ी क्षेत्र में देखने को मिली, जहां हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से जरूरतमंद एवं गरीब महिलाओं के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन ने क्षेत्र में मानवीय संवेदना और सहयोग की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को सम्मानपूर्वक सहयोग उपलब्ध कराना था। वितरण के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामग्री प्राप्त की और आयोजकों के प्रति आभार जताया। लाभुकों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

वक्ताओं ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल विकास कार्य ही नहीं, बल्कि मानवीय सरोकार भी जरूरी हैं। इस तरह की पहल से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और समाज में एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना मजबूत होती है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जनसेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लोगों के बीच विश्वास बढ़ाते हैं। जरूरत के समय सहायता पहुंचाना ही सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी है। लोगों ने सांसद की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। आयोजन में अजय पासवान (अध्यक्ष, भुरकुंडा मंडल), सतीश मोहन मिश्रा (निवर्तमान अध्यक्ष, भुरकुंडा मंडल), ज्योति सिंह (महामंत्री, भुरकुंडा मंडल), जुगल नायक (एससी मोर्चा प्रभारी), शशि भूषण सिंह (समाजसेवी, भुरकुंडा मंडल), रिकी सोनी, भुवन राम, लालमोहन गोप सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने यह साबित किया कि जब समाज सेवा को प्राथमिकता दी जाती है, तब जरूरतमंदों के जीवन में वास्तविक बदलाव आता है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन लगातार होते रहेंगे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में मंगलवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। एनईपी 2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली : वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय शिक्षा विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, शिक्षाविद्, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ने शिक्षा, संस्कृति और शोध के क्षेत्र में नई दिशा देने का संदेश दिया।

सम्मेलन का उद्घाटन कुलाधिपति बी एन साह और मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. राधा देवी एवं स्व. गोविंद साह के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने झारखंड की लोकसंस्कृति पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभागार में उत्साह और गौरव का वातावरण बना दिया। सम्मेलन में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपर्ति, महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट के लल्लन तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बीएफसीएल ने पृथ्वी दिवस पर दिखाया हरित भविष्य का विजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई। इस वर्ष की थीम "आवर पावर, आवर प्लानेट" को केंद्र में रखते हुए कंपनी परिसर में जागरूकता, सहभागिता और प्रेरणा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एचएएसपी परिसर में स्कॉलर्स हाई स्कूल, रामगढ़ के विद्यार्थियों ने सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों ने अभिनय के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, स्वच्छ वातावरण और हरित जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को भावुक और प्रेरित दोनों किया।




एचएएसपी और जीएफए इकाइयों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इनमें कर्मचारियों और अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, संसाधनों के सही उपयोग और सतत विकास की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में कर्मियों ने इसमें भाग लिया और अपनी जिम्मेदारियों को समझा।

डायरेक्टर गौरव बुधिया ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों से किया गया वादा है। उन्होंने कहा कि बीएफसीएल की हर प्रक्रिया में पर्यावरणीय जिम्मेदारी झलकती है और कंपनी औद्योगिक विकास के साथ प्रकृति संरक्षण को समान महत्व देती है।

उन्होंने बताया कि कंपनी अपने कैप्टिव पावर प्लांट के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। साथ ही अपशिष्ट पदार्थों को ऊर्जा में बदलकर चुनौतियों को अवसर में परिवर्तित किया जा रहा है। ऊर्जा-कुशल तकनीकों और जिम्मेदार उत्पादन प्रणाली से उत्सर्जन कम करने तथा संसाधनों के संरक्षण पर लगातार काम किया जा रहा है।

बीएफसीएल ने यह संदेश दिया कि आधुनिक उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कंपनी की यह पहल क्षेत्र के अन्य उद्योगों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है।

पृथ्वी दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति संकल्प का प्रतीक बना। बीएफसीएल ने स्पष्ट किया कि मजबूत अर्थव्यवस्था और सुरक्षित पर्यावरण साथ-साथ चल सकते हैं, यदि सोच और प्रयास ईमानदार हों।

संक्षिप्त खबरें

## एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आठवां दिन उत्साह, अनुशासन और जागरूकता से परिपूर्ण



**कोडरमा :** कोडरमा बागी टाड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक, कोडरमा के प्रांगण में ग्रुप हेडक्वार्टर हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन की शुरूआत अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ हुई। कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार (सेना मेडल) के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित इस शिविर में जिले भर से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेटों ने सुबह वार्म-अप, स्ट्रेचिंग एवं ड्रिल के साथ अपनी दिनचर्या प्रारंभ की।शिविर के दौरान कैडेटों को फायरिंग, ड्रिल, टेंट पिचिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों का कठोर एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कैडेटों को इंटर ग्रुप प्रतियोगिता के लिए तैयार करना है, ताकि चयनित कैडेट 26 जनवरी 2027 को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर झारखंड राज्य का गौरव बढ़ा सकें बटालियन के सूबेदार मेजर जे.के. चौधरी द्वारा कैडेटों के स्वास्थ्य एवं शिविर में संचालित सभी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर शिवानी शर्मा द्वारा महिला कैडेटों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए ग्रुप सॉन्ग एवं ग्रुप डांस के लिए चयनित प्रतिभागियों का अभ्यास कराया जा रहा है।इसी क्रम में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट राधिका द्वारा कैडेटों को सीपीआर (उढफ) एवं यौन उत्पीड़न (री७४' ल्१२ील्ल३) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बेहोश हो जाए, सांस न ले पा रहा हो या उसकी नाड़ी (पल्स) महसूस न हो रही हो, तो ऐसे में सीपीआर जीवन रक्षक साबित हो सकता है। साथ ही, गलत तरीके से छूना, आपत्तिजनक संदेश भेजना, गलत इशारे करना या बार-बार परेशान करना यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है, जिसके प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है।

## जीएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस




**डोमचांच :** धरती ही जीवन का आधार है इसकी सुरक्षा के बिना सब बेकार हैं। विद्यालय परिसर में पेड़-पौधें लगाकर व साफ-सफाई करते हुए बच्चे व शिक्षकगण ने ली शपथ। आने वाली पीढ़ी को खुशहाल जीवन देने के लिए हम सभी को पृथ्वी को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। डोमचांच स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया जहां बच्चों ने इस अवसर पर ड्रॉइंग व स्पीच कम्पटीशन में भाग लिया व एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाते हुए समाज को अच्छे संदेश देने का कार्य किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने संबोधन में कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने के पीछे उपदेश प्राकृतिक के प्रति जागरूकता फैलाना जनसंख्या वृद्धि प्रदूषण वनों की कटाई जैसे मुख्य समस्याओं का समाधान निकालना है पृथ्वी देती जीवनदान हम सब इसका करें सम्मान सबको देनी है या शिक्षा पृथ्वी की करो सुरक्षा। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं- आज के समय में बढ़ती आबादी के कारण हर दिन पेड़ों की कटाई हो रही है इसके साथ ही हर दिन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ते जा रही है। इसलिए जरूरी है कि आप अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और लोगों को इसके बारे में जागरूक करें। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा बच्चों में पढ़ाई के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता देखने को मिलती है। हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मकसद यह है, कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझकर अपने आसपास के पर्यावरण को अच्छा बनाने के लिए काम करें। यह मौका पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की बिगड़ती सेहत को लेकर लोगों को सचेत करने का है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इलियास तथा सभी शिक्षक के साथ बच्चे मिलकर विश्व पृथ्वी दिवस पर पेड़ लगाए। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वर्ग प्रथम से दशवीं तक के बच्चे भाग लिए जिसमे सभी ने बेहतर प्रदर्शन कर अच्छे संदेश दिए। स्पीच प्रतियोगिता और ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय बच्चों को मेडल व प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व बच्चे शामिल हुए।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आज बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कोडरमा प्रखंड के बाराडीह पंचायत भवन स्थित सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि धरती को स्वच्छ और सुन्दर बनाना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है जिसका निर्वहन कर ही हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बना सकते है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा प्राप्त कर ही अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। बाल विवाह कानूनन जुर्म है इससे हमें बचना चाहिए। अपने संबोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है तभी हमें भरपूर ऑक्सीजन प्राप्त हो सकेगा। शिविर को संबोधित करते हुए एल ए डी सी एस के अधिवकता नवल किशोर ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसे दूर करने का दायित्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को है, अधिवकता किरण कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जबतक बचपन सुरक्षित नहीं रहेगा तबतक देश सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने वृक्षारोपण पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए। एलएडीसीएस के अधिवकता राजेंद्र मंडल ने कहा कि समाज को नई दिशा प्रदान करने में ये दोनों संस्थाएं काफी अहम भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एल ए डी सी एस के अधिवकता अरुण ओझा ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने से सम्बंधित उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर पंचायत सचिवालय परिसर में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा कई फलदार वृक्ष भी लगाये गए। धन्यवाद ज्ञापन बाराडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार यादव ने किया। मौके पर पी एल वी सुभाष मिस्त्री, अनिल कुमार यादव सहित सैकड़ो बच्चे व गणमान्य लोग मौजूद थे।

एक नजर

## पिट्स मॉर्डर्न स्कूल में कक्षा आठवीं के छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली



**बोकारो** : बोकारो के गोमिया स्थित पिट्स मॉडर्न स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय सभागार में कक्षा आठवीं के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और धरती को बचाने का संदेश देना। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की पर्यावरण समिति के निर्देशन में शिक्षिका दीप्ति प्रभा और शिक्षक डी.पी. मुखर्जी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रस्तुति के बाद विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं समन्वयकों के साथ मिलकर धरती की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली ।विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दासगुप्त ने कहा किछात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। गोमिया इकाई के महाप्रबंधक अभिषेक बिस्वास ने कहा कि युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आते देखना प्रेरणादायक है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और बेहतर भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## स्टील प्लांट कर्मी धीरेन चंद्र शर्मा की मौत पर अस्पताल में परिजनों का हंगामा



**बोकारो** : एंकर–बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मी धीरेन चंद्र शर्मा की इलाज के दौरान मौत के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि किडनी खराब होने के बावजूद दबाव बनाकर उनसे ड्यूटी कराई गई,जिसके कारण उनकी हालत बिगड़ी और अंततः मौत हो गई। परिजन अब नियोजन की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर परिजनों ने भाजपा धनबाद सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह की अगुवाई में बोकारो जनरल अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर विभूति करुणामय पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कर्मी की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। परिजनों का कहना है कि मृतक की किडनी खराब थी और बोर्ड द्वारा बेहतर इलाज के लिए CMC Vellore भेजा गया था।

# वेदांता ने नवीकरणीय ऊर्जा में 50% बढ़ोतरी की FY 2026 में 30 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** वेदांता ने नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में 50% से अधिक बढ़ोतरी की, वित्त वर्ष 2026 में 30 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन घटाया विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर, वेदांता लिमिटेड, जो भारत की प्रमुख मेटल्स, ऑयल एंड गैस, क्रिटिकल मिनरल्स, पावर और टेक्नोलॉजी कंपनी है, ने घोषणा की कि वित्त वर्ष 2026 में उसके नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग में पिछले वर्ष की तुलना में 50% से अधिक वृद्धि होकर 3.97 बिलियन यूनिट हो गई है। इस दौरान कंपनी ने 30 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से बचाव किया। वेदांता का रणनीतिक धातुओं और क्रिटिकल मिनरल्स का पोर्टफोलियो उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन और क्लीन टेक को आगे बढ़ाने में मदद कर रहा है। एल्युमिनियम हल्के और ऊर्जा-कुशल परिवहन तथा बिजली ट्रांसमिशन को समर्थन देता है, वहीं कॉपर विद्युतिकरण और पवन टर्बाइन जैसी नवीकरणीय अवसंरचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिल्वर सोलर फोटोवोल्टिक में अनिवार्य है। आयरन, स्टील और जिंक ऊर्जा अवसंरचना की मजबूत नींव बने हुए हैं, जबकि पावर और ऑयल एंड गैस ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, जब तक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन मांग के अनुसार तेजी से बढ़ रहा है। वेदांता के एकीकृत संचालन और नवाचार पर ध्यान देश की इंडस्ट्री को ऐसे ट्रांज़िशन मटेरियल्स की भरोसेमंद उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं, जो लो-कार्बन तकनीकों और हरित अर्थव्यवस्था के लिए बेहद जरूरी हैं। कंपनी अपनी नेट जीरो यात्रा में लगातार ठोस प्रगति कर रही है। उसने मेटल्स इंटेंसिटी में 15% की कमी की है – जो वित्त वर्ष 2021 के 6.45 tCO2e/tm के बेसलाइन से घटकर वित्त वर्ष 2026 में 5.44 ३उड2l/३ हो गई है। यह परिचालन दक्षता को दशार्ता है। वेदांता ने वैकल्पिक ईंधन के रूप में 365 किलो टन बायोमास का भी उपयोग किया है, जिससे अनुमानित 5 से 6 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। इसके साथ ही, कंपनी ने अपने विभिन्न व्यवसायों में जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, केर्न ऑयल एंड गैस और इसके आयरन ओर बिजनेस ने नेट वॉटर पॉज़िटिव स्थिति हासिल की है, जो मुख्य संचालन में स्थिरता को शामिल करने की इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**ईएसएल स्टील लिमिटेड का योगदानः**

पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड ने जलवायु लचीलापन, जैव विविधता और संसाधन दक्षता पर केंद्रित पहलों के माध्यम से अपनी इस प्रतिबद्धता को दोहराया। कंपनी 70,000 से अधिक देशी पौधों के साथ मियावाकी वनों का विकास कर रही है, जिनसे प्रति वर्ष लगभग 1,000-1,500 टन CO2 अवशोषित होने की उम्मीद है। इसके साथ ही 10 किलोमीटर के पक्षी सर्वेक्षण और पक्षियों के लिए जल सुविधाओं के माध्यम से जैव विविधता को सुदृढ़ किया जा रहा है।

## प्रशासन ने लू से बचाव को लेकर एडवाइजरी की जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** एंकर-भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने लू से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के अध्यक्ष अजय नाथ झा ने लोगों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां अपनाने की अपील की है। वही एक से लेकर कक्षा 5 तक के विद्यालय को 10 बजे तक बंद करने का भी निर्देश जारी किया है।प्रशासन ने साफ कहा है कि लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है,इसलिए दोपहर 11 बजे से तीन बजे तक जरूरी काम होने पर ही घर से निकलने की बात कही है।कि समय खास सावधानी बरतना जरूरी है। डीसी ने बताया कि बोकारो में हीट वेव का असर काफी अधिक है।अजय नाथ झा ने बताया कि आपदा विभाग के निर्देश के आलोक में बोकारो में भी स्वतंत्रता बरतने का निर्देश दिया गया सभी पीएसयू और कंपनियों को अपने यहां पर सत्तू लोगों के लिए उपलब्ध कराने की बात कही है। डीसी ने कहा कि देखा जा रहा है कि एक से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल से छुट्टी होने के बाद कड़ी धूप में घर जाना पड़ रहा है ऐसे में 10 बजे तक स्कूल को बंद करने का निर्देश दिया गया है। उसके साथी जो एडवाइजरी है।

## टिटही भरगांव से भारी मात्रा में गीला अफीम बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चतरा :** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चतरा पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। कुन्दा थाना क्षेत्र के टिटही भरगाँव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध गीला अफीम बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है, जो अपने घर से ही नशे का अवैध व्यापार संचालित कर रहा था। एसपी अनिमेश नैथानी नें बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टिटही भरगांव निवासी नन्दकिशोर गंझू अपने घर में भारी मात्रा में अवैध अफीम छिपाकर रखे हुए है और इसे बाहर भेजने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया, नागरगोजे शुभम भाऊ साहब के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नन्दकिशोर गंझू के घर पर छापा मारा, जहाँ से 3 किलो 264 ग्राम गीला अफीम बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मौके से तस्कर को भी पकड़ा गया है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है। एसपी नें बताया कि जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख रुपये बताई जा रही है। अभियान में सिमरिया एसडीपीओ के साथ कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह व एसआई नागेश्वर पंडित समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक नें कड़े शब्दों में कहा कि जिले में तस्करों के लिए कोई जगह नहीं है।

## कोयला माफिया पर सीआईएसएफ का शिकंजा 6 टन अवैध कोयला एवं दो मोटरसाइकिल जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जिला के बेरमो में प्रखंड क्षेत्र के कोयला खदान का मामला लगातार सामने आ रहा है इसको लेकर कोयला माफिया पर सीआईएसएफ का शिकंजा 6 टन अवैध कोयला एवं दो मोटरसाइकिल जप्त, सीआईएसएफ द्वारा कोयला तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए दिनांक 22 अप्रैल 2026 बुधवार को सीसीएल ढ़ोरी,बोकारो एवं करगली क्षेत्र में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 6 टन अवैध कोयला एवं दो मोटरसाइकिल जब्त की गईं। सीसीएल करगली इकाई के कमांडेंट राज प्रताप सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के तहत ढ़ोरी एरिया के कल्याणी वर्कशॉप एवं दीनदयाल चैक से लगभग 3 टन अवैध कोयला तथा एक लावारिस मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं बोकारो एवं करगली क्षेत्र में प्रदीप होटल के समीप स्थित कोल स्टॉक संख्या 03 से करीब 3 टन अवैध रूप से एकत्रित कोयला एवं मोटरसाइकिल जब्त की गई। जब्त कोयला सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया, जबकि ढ़ोरी क्षेत्र से बरामद मोटरसाइकिल को बेरमो थाना एवं बोकारो-करगली क्षेत्र से बरामद मोटरसाइकिल को गांधीनगर ओपी के हवाले किया गया। सीआईएसएफ द्वारा अवैध कोयला भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस दिशा में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बल के जवान कोयला चोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। गोपनीय सूत्रों के अनुसार,तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष रूप से चयनित जवानों की तैनाती की गई है और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।इस कार्रवाई में सब-इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक कुमार तिवारी, संदीप कुमार, आरक्षक राहुल ध्रुब, बासुदेव पेगु सहित अन्य जवानों की सक्रिय भूमिका रही। इस कड़ी कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारी में हड़कंप मच गया है विभाग में स्पस्ट किया है अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी तरह की छापेमारी जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में 2 की मौत, 5 घायल



**बोकारो :** पेटरवार थाना क्षेत्र के बोकारो रामगढ़ एन एच 23 के चरगी पंचायत रजरप्पा मोड के निकट बोकारो से रामगढ़ की ओर जा रही 407 ट्रक एवं रामगढ़ से बोकारो की ओर जा रही टैंकर गाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसके कारण 407 ट्रक रोड में ही घूम कर पेटरवार से गोला जा रहे टेम्पु को अपने चपेट में ले लिया। टक्कर इतना जबरदस्त था की 407 ट्रक का ड्राइवर स्टेरिंग में ही फस गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि वहीं लोगो के द्वारा बताया गया की दोनों गाड़ी के आपस में टक्कर होने से आयसर कंपनी का 709 ट्रक गाड़ी नम्बर जे एच 01एफ ओ 5237 के ड्राइवर गाड़ी में ही बुरी तरह से फंस गया जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गया। वहीं पेटरवार से गोला जा रहे एक सवारी टेम्पू भी इस दोनों गाड़ी के चपेट में आ गया जिसमें बैठे सवारी में कुल पांच लोग घायल हो गये। वहीं कुछ घायलों को समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पेटरवार लाया गया जिसमें दो महिला व एक तीन वर्ष की मिस्टी बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई है।

संक्षिप्त खबरें

## इटखोरी की बॉबी कुमारी बनी बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका, क्षेत्र में बढ़ा मान और गर्व



**इटखोरी** : इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के मंदाइन गांव की बहू बॉबी कुमारी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर बाल विकास परियोजना में महिला पर्यवेक्षिका पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनके इस उपलब्धि से परिवार के साथ–साथ समाज में भी हर्ष और गर्व का माहौल है। रानी बॉबी कुमारी, स्व. ग्रीन सिंह के परिवार की बहू एवं विनोद सिंह उर्फ बिगुल सिंह की धर्मपत्नी हैं। इससे पहले वे पारा शिक्षिका के रूप में कार्यरत रह चुकी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किया और आज सफलता की नई मिसाल कायम की है। बताया जाता है कि वे मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत धनगांवा निवासी राजेंद्र सिंह की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता के बाद ससुराल और मायके दोनों जगह बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद परिवार में उत्सव जैसा माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

## झारखंड में महिला आरक्षण बिल पर भाजपा का जोर दीपक प्रकाश ने विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना



**बोकारो** : महिला आरक्षण बिल को लेकर झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने बोकारो के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंसन के जरिए कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहती थी कि महिला बिल सदन में पास हो और यही वजह रही कि बिल सदन में पास होने नहीं दिया गया। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि महिला बिल पारित हो जाता तो फिर परिवार वाद करने वाली पार्टियों को अपने परिवार की महिलाओं को टिकट देने के साथ पार्टी के अन्य महिलाओं को टिकट देना पड़ता और जो ये नहीं चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसके सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री महिला है। वहीं अगर महिला बिल पास हो जाता तो आनेवाले 2029 में नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभा के सीट बढ़ने के साथ ही महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33% सीटे मिल जाती। उन्होंने कहा कि हम हार नहीं माने है और ये लड़ाई और संघर्ष जमीनी स्तर पर जारी रहेगी और आनेवाले समय में भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को उसका अधिकार दिलाकर रहेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महिला के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये केंद्रीय नेतृत्व तय करेगी लेकिन इतना तय है कि हमारे यहां कोई विदेशी महिला नहीं बनेगी हां पार्टी के ही मंडल से लेकर जिला और राज्य स्तर पर संगठन में काम करनेवाली महिला को ही तरहीज मिलेगी।


**GOVT. OF JHARKHAND**
**DRINKING WATER & SANITATION MECH. DIVISION, RANCHI**

**E-Procurement**

**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

**Very Short tender reference no.- DWSMD/RANCHI/09 (2025-26)_2nd Call**

PR No :- 375994 Drinking Water and Sanitation (25-26)D

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost ( Rs) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Providing Pump Driver - 7 Nos. (Outsource) for operation & maintenance work through outsourcing agency at different Government building water supply scheme under D.W. & S. Mechanical Division, Ranchi. | 1739389.00 | 34800.00 | 5000.00 | up to 31st March 2027 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publishing on website | 23/04/2026 at 02.00 PM |
| 2 | Last date & time for online receipt of bid ( i.e. Tender documents, Cost of BOQ, EMD ) | 30/04/2026 at 03.00 PM |
| 3 | Date of online opening | 02/05/2026 at 03.00 PM |
| 5 | Place for online opening of bids | Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi |
| 6 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. and S. Mech. Division, Ranchi. Zila School Campus Water Tower, near Jain Mandir, Upper Bazar, Ranchi – 834001 |
| 7 | Contact no of Procurement office | 0651-3577997, 9431161242 Email ID :- dwsdmechranchi@gmail.com |

नोट :– 1. केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे ।
2. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा ।
3. ऐसे निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, से संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा ।
4. निविदा की सूचना तथा नियम शर्तें की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । निविदा की जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमण्डल, राँची।

PR 378129 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)


## नर्रा में दस कंप्यूटरीकृत सिलाई मशीन का पूर्व मंत्री बेबी देवी व बीडीओ ईश्वर दयाल महतो ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जिला के चंद्रपुरा प्रखंड के नर्रा में बुधवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उधम विकास बोर्ड राँची बोकारो के सौजन्य से प्रदत आकाश गंगा वेलफेयर सोसाइटी नर्रा के प्रधान कार्यालय में दस कंप्यूटरीकृत सिलाई मशीन का उदघाटन बुधवार को किया गया। उदघाटन के बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बेबी देवी,विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी ईश्वर दयाल महतो एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उधम के जिला कोर्डिनेटर किशोर कुमार रजक, प्रखंड कोर्डिनेटर अब्बू तल्हा वाकर, मुखिया निरंजन महतो, समाजसेवी दशरथ महतो, विशेश्वर पांडेय,सुरेश महतो, जगदीश महतो,ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष भीम महतो ने की एवं संचालन सचिव चुरामन ठाकुर ने किया। पूर्व मंत्री बेबी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा आकाश गंगा वेलफेयर सोसाइटी निरंतर समाज हीत में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य कर रहा है। यह संस्था ग्रामीण क्षेत्र के युवतियों एवं महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है। साथ ही महिलाओं को रोजगार से जोड़ने में भी अहम रोल अदा कर रही है। बीडीओ श्री महतो ने कहा संस्था का यह पहल काफी सराहनीय है इन्हें समाज के हर तबके का सहयोग मिलना चाहिए.उन्होंने कहा प्रखंड कार्यालय की ओर संस्था को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जिला कोर्डिनेटर श्री रजक ने कहा झारखंड सरकार की ओर से बहुत जल्द 30 की संख्या महिला एवं महिलाओं की समूह बनाकर में सिलाई प्रशिक्षण की शुरूआत की जाएगी। सचिव चुरामन ठाकुर ने कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्र में उत्थान के लिए दिन रात लगा हुआ है। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए संस्था द्वारा एलईडी बल्ब मोमबत्ती पापड़ बनाना,अचार बनाना, सिलाई ब्यूटीशियन आदि की प्रशिक्षण देकर स्वालंबन से जोड़ने का कार्य कर रही है,ताकि महिलाएं भी अपने पैरों में खड़ी हो सके। मंगलडांडी में बसे मल्हार परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिया गया था.जिसका परिणाम था की मल्हार परिवार के कोई भी बच्चा इंटर एवं मैट्रिक पास नहीं किया था लेकिन संस्था का ही दिन था कि आज यहां इंटर एवं मैट्रिक पास किया है जो एक मिसाल कायम है।


झारखण्ड सरकार,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची
(कृषि प्रभाग, सिमडेगा।)
कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा
Email Id-simdegaagriculture@gmail.com.com

**किसान भाइयों के लिए आवश्यक सूचना**

खरीफ एव रबीफसलों के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं जिला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य सेवित्तीय वर्ष 2026–27 में केन्द्र प्रायोजित योजना Mission for Aatmanirbharta in pulses एवंNFSNM-Nutri Cereals योजना के अंतर्गत जिला को विभिन्न फसलों हेतु खरीफ एवं रबीमौसममेंबीजउत्पादनका लक्ष्य निर्धारितकियागयाहै ।बीजोंत्पादनहेतुप्रतिहेक्टेयरप्रोत्साहनराशिकाप्रावधानभीकियागयाहै ।इसहेतुसिमडेगाजिलाकोप्राप्तभौतिक लक्ष्य निम्नवतहैः–

| क0सं0 | योजनाकानाम | फसलकानाम | भौतिक लक्ष्य (हेक्टेयर में) | बीजउत्पादनका लक्ष्य (क्विंटल में) | प्रोत्साहनराशि (प्रति हेक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mission for Aatmanirbharta in pulses | अरहर | 10 | 100 | 45000/- |
| 2 | | उरद | 24 | 280 | 30000/- |
| 3 | | मूंग | 1 | 10 | 30000/- |
| 4 | | चना | 20 | 360 | 20000/- |
| 5 | | मसूर | 3.5 | 50 | 30000/- |
| 6 | NFSNM-Nutri Cereals | मडुआ | 151 | 905 | 30000/- |

योजना अंतर्गत बीजोत्पादनकार्यकरनेहेतुइच्छुक के0भी0के0 सेजुड़े किसान, एफ0पी0ओ0, एस0एच0जी0, लैम्पस/पैक्स, बिरसाग्राम के कृषक एवंप्रगतिशील कृषकअपनापूर्णआवेदनआवश्यक दस्तावेज यथापैनकार्ड, आधारकार्ड, भूमि विवरणी, फोटोग्राफ, मोबाईल नं0 के साथ एक सप्ताह के अन्दर संबंधित प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्डतकनीकीप्रबंधक/सहायकतकनीकीप्रबंधक एवंजिलाकृषिकार्यालय, सिमडेगामेंजमाकरसकतेहै या सीधेJharkhand Seed Certification AgencyतथाSATHI portalपरनिबंधनकरातेहुए बीज की आवश्यकतासंबंधीप्रतिवेदनसंबंधितप्रखण्ड/जिलाकार्यालय मेंजमाकर सकतेहै ।बीजोत्पादनहेतुआधारबीज अद्योहस्ताक्षरीकार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

22/04/26
जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–
परियोजनानिदेशक, आत्मा,सिमडेगा

PR 378171 (Simdega)26-27*D

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक की विफलता, राष्ट्र निर्माण को ठेस

भारत के भविष्य के खिलाफ विपक्षी राजनीतिक दलों का सबसे बड़ा अपराध कांग्रेस पार्टी, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों द्वारा संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को विफल करके प्रदर्शित किया गया असंवैधानिक, अनियंत्रित और महिला विरोधी रवैया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि भारत को आंतरिक और बाह्य, दोनों मोर्चों पर लड़ना होगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के साथ कम्युनिस्ट चीन और पश्चिमी जगत की गहरी बाजारवादी ताकतें भारत को अस्थिर करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। दूसरा मोर्चा उन आंतरिक विरोधियों का है जो भारत में अशांति फैलाने और अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। दोनों ही शत्रुओं को यह जानना चाहिए कि भारत ऐसे सशक्त व्यक्तित्वों को जन्म देता है जो समाज में योगदान देते हैं और राष्ट्र की महानता को पुनर्स्थापित करने में सहायक होते हैं। न केवल पुरुषों ने बल्कि महिलाओं ने भी अनेक अवसरों पर दृढ़ता का परिचय देते हुए यह सिद्ध किया है कि भारत को पराजित नहीं किया जा सकता। भारतीय इतिहास में उनका एक विशिष्ट स्थान है क्योंकि उनकी शासन शैली प्रशासनिक और सैन्य कौशल के साथ-साथ सौम्य शक्ति (पूरे भारत में सनातन धर्म और सांस्कृतिक प्रतीकों के प्रति सम्मान) पर भी बल देती है। समय के साथ इतिहास के उन पन्नों में भी महिलाओं के साहस और करुणा की कहानियां मिलती हैं जो समय के साथ लुप्त हो गए हैं। फिर भी, उन्होंने हमारी राष्ट्र माता की सेवा करने के अपने प्रयासों में दृढ़ता दिखाई और उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। रानी देवी अहिल्याबाई होलकर को राजमाता के समान एक महान नेता और वीर योद्धा माना जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियों से कई पीढ़ियों की महिलाएं प्रेरित हुई हैं, जिन्होंने 18वीं शताब्दी में प्रचलित लिंगभेद की मजबूत रूढ़ियों और धारणाओं को तोड़ा। एक ऐसी महिला के बारे में सोचिए, जिसने युद्ध में अपने पति को खोने के कुछ वर्षों बाद अपनी इकलौती सहयोगी को भी खो दिया। कई सम्राट युद्ध की तैयारी कर रहे थे। उनके बीच भी प्रतिद्वंद्वी थे। वह भयभीत नहीं हुईं लेकिन जब उन्होंने कदम बढ़ाया तो बहुत शत्रुता का सामना करना पड़ा। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन की ने उन्हें "दार्शनिक रानी" का नाम दिया था। निडर रानियों के लंबे इतिहास वाले देश में देवी अहिल्याबाई होलकर का असाधारण 30 वर्षीय शासनकाल अद्वितीय है, जिसने अमिट छाप छोड़ी और प्रेरणा का स्रोत बना। तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपने छोटे से जीवनकाल में सनातन धर्म का विस्तार करके उन्होंने हिंदुत्व के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया, जिसे आज के हर भारतीय को बेहतर भारत और विश्व के लिए अपनाना चाहिए। अरविंद जावलेकर की पुस्तक 'लोकमाता अहिल्याबाई' के अनुसार, अपने इकलौते बेटे की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई होलकर ने अपनी सारी संपत्ति भारत भर के मंदिरों के निर्माण, जीर्णोद्धार, नवीनीकरण और रखरखाव में लगा दी थी। हिंदुत्व की प्रतीक अहिल्यादेवी ने धर्म के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक उन्नति को भी बढ़ावा दिया। अहिल्याबाई अपने निष्पक्ष और कुशल शासन के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखी और जनता एवं धर्म के कल्याण को प्राथमिकता दी।

1. **अवसंरचना विकास:** उन्होंने कई अवसंरचना संबंधी पहल शुरू कीं जिनसे व्यापार और कृषि को बढ़ावा मिला, जैसे सिंचाई प्रणाली और सड़कें।
2. **संस्कृति का संरक्षण:** मंदिरों का निमार्णः एक धर्मनिष्ठ हिंदू होने के नाते, अहिल्याबाई ने पूरे भारत में कई मंदिरों के निर्माण का आदेश दिया। कलाओं को प्रोत्साहनः उन्होंने कवियों, कलाकारों और शिक्षाविदों को सहयोग देकर सांस्कृतिक पुनरुद्धार में योगदान दिया। उनका दरबार कला और साहित्य का केंद्र बन गया।
3. **समाज में सुधार:** महिलाओं का समर्थनः अहिल्याबाई ने महिलाओं के कल्याण और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने समाज में महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाने के कई प्रयासों का समर्थन किया और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया। परोपकारी कार्यः वे अपनी उदारता के लिए प्रसिद्ध थीं, उन्होंने कई सामाजिक कार्यों का प्रायोजन किया और अकाल के दौरान सहायता प्रदान की।

## सूडोकु नवताल- 7773

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7772 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पुस्तकें हैं जीवन का दीप, समाधान का सेतु

ललित गर्ग

हर वर्ष 23 अप्रैल को समूचा विश्व ज्ञान, सृजनशीलता और मानवीय सभ्यता की अमूल्य धरोहर पुस्तकों का उत्सव मनाता है। यूनेस्को द्वारा 1995 में प्रारंभ किया गया यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि लेखकों के सम्मान, सृजनाधिकार की रक्षा और पठन संस्कृति के संवर्धन का वैश्विक संकल्प है। इस तिथि का चयन भी अत्यंत अर्थपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन विलियम शेक्सपियर और मिगुएल डी सर्वांटिस जैसे महान साहित्यकारों का अवसान हुआ, जिनकी रचनाओं ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी। वर्ष 2026 में इस दिवस का मुख्य संदेश यह है कि व्यक्ति अपनी रुचियों के अनुसार पढ़े और पठन को आनंदमय अनुभव बनाए। आज आवश्यकता इस बात की है कि पढ़ने को बोझ नहीं, बल्कि आत्मविकास और आत्मानंद का माध्यम माना जाए। इसी क्रम में मोरक्को की राजधानी रबात को वर्ष 2026 के लिए विश्व पुस्तक राजधानी घोषित किया गया है, जो इस तथ्य को रेखांकित करता है कि पुस्तक संस्कृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि समूची मानवता की साझा धरोहर है।




पुस्तकें केवल कागज और शब्दों का संयोजन नहीं होतीं, वे जीवन का साक्षात अनुभव कराती हैं। वे समय, समाज और संवेदनाओं का जीवंत इतिहास होती हैं। महान कवि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि उच्च शिक्षा केवल जानकारी प्रदान नहीं करती, बल्कि जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाती है। यही कार्य पुस्तकें करती हैं, वे मनुष्य के भीतर विवेक, करुणा और सहिष्णुता का विकास करती हैं। संकट के समय में पुस्तकें सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं, यह तथ्य वैश्विक महामारी के दौर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जब लोगों ने अकेलेपन और अनिश्चितता के बीच पुस्तकों में ही आश्रय पाया। भारत में पुस्तक संस्कृति का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवपूर्ण रहा है। वेद, उपनिषद, रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों ने न केवल भारतीय समाज को दिशा दी, बल्कि समूचे विश्व को ज्ञान का प्रकाश प्रदान किया। नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे प्राचीन विश्वविद्यालय ज्ञान के ऐसे केंद्र थे, जहाँ दूर-दूर से विद्यार्थी अध्ययन हेतु आते थे। ताड़पत्रों और भोजपत्रों पर लिखी गई पांडुलिपियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित रखा। यह परंपरा केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और दर्शन के विविध आयाम समाहित थे।

जीवन के अंधकारमय क्षणों में पुस्तकें सचमुच एक दीपक की तरह मार्ग को प्रकाशित करती हैं। जब मनुष्य समस्याओं, तनाव और द्वंद्व से घिर जाता है, तब पुस्तकें उसे नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। वे केवल ज्ञान का भंडार नहीं, बल्कि एक सच्चे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में उसकी चेतना को जागृत करती हैं। पुस्तकें हमें यह सिखाती हैं कि हर समस्या का समाधान बाहर नहीं, भीतर की समझ और दृष्टि में छिपा होता है। चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने भी कहा था कि "अज्ञानता मन का अंधकार है और ज्ञान ही उसका प्रकाश।" इसी प्रकार महान दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ ने जीवन की सरलता और संतुलन पर बल देते हुए बताया कि सच्चा ज्ञान वही है जो मन को शांत और संतुलित बनाए। पुस्तकें इसी संतुलन की साधना कराती हैं-वे हमें सोचने, समझने और धैर्यपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती हैं। आधुनिक भारत में भी पुस्तक संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। आचार्य विनोबा भावे द्वारा स्थापित सर्वोदय साहित्य भंडार तथा आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित आदर्श साहित्य संघ जैसे संस्थानों ने नैतिक और प्रेरणादायक साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी रहा है। वर्तमान समय में जब तकनीकी साधनों का विस्तार हुआ है, तब भी पुस्तकों की उपयोगिता और महत्ता में कोई कमी नहीं आई है। यद्यपि अध्ययन के अनेक नए माध्यम विकसित हुए हैं, फिर भी मुद्रित पुस्तकों का आत्मीय स्पर्श और उनकी गहराई अद्वितीय है। पुस्तकें मनुष्य के विचारों को विस्तार देती हैं, उसे सही और गलत का बोध कराती हैं तथा जीवन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती हैं।

भारत में पुस्तक संस्कृति को प्रोत्साहित करने में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई उल्लेखनीय पहलें हुई हैं। उन्होंने उपहार के रूप में पुष्पगुच्छ के स्थान पर पुस्तक देने का संदेश देकर समाज में ज्ञान के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल किया है। इसके साथ ही देशभर में पठन-पाठन और पुस्तकालयों के विकास को लेकर विभिन्न अभियान चलाए गए हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं में अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना है। यह प्रयास केवल साक्षरता बढ़ाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक जागरूक, संवेदनशील और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था कि एक अच्छी पुस्तक अनेक मित्रों के समान होती है। वास्तव में पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास में अत्यंत सहायक होती हैं। वे व्यक्ति को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती हैं, समाज की विसंगतियों को समझने का दृष्टिकोण देती हैं और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करती हैं। प्रसिद्ध लेखिका टोनी मोरिसन का यह कथन भी उल्लेखनीय है कि यदि वह पुस्तक उपलब्ध नहीं है जिसे आप पढ़ना चाहते हैं, तो आपको स्वयं उसे लिखना चाहिए। यह विचार सृजनशीलता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करता है। आज के त्वरित सूचना युग में जब ध्यान भटकाने वाले साधनों की भरमार है, तब गहन अध्ययन और मनन की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। पुस्तकें ही वह माध्यम हैं जो मनुष्य को एकाग्रता, धैर्य और गहराई प्रदान करती हैं। वे केवल जानकारी नहीं देतीं, बल्कि जीवन को दिशा देती हैं और व्यक्ति को बेहतर मनुष्य बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

पुस्तकें मानसिक शांति और भावनात्मक स्थिरता का आधार भी हैं। जब जीवन की भागदौड़ मन को विचलित करती है, तब एक अच्छी पुस्तक ध्यान के समान कार्य करती है, जो मन को एकाग्र और शांत बनाती है। महान चीनी चिंतक मेन्शियस ने कहा था कि मनुष्य का स्वभाव मूलतः शुभ होता है, उसे केवल सही दिशा की आवश्यकता होती है। पुस्तकें वही दिशा प्रदान करती हैं। वे अकेलेपन में सच्चा साथी बनती हैं, दुःख में सहारा देती हैं और निराशा में आशा का संचार करती हैं। पुस्तक के माध्यम से हम अनेक महापुरुषों के अनुभवों से जुड़ते हैं, उनके संघर्षों को समझते हैं और अपने जीवन के लिए प्रेरणा प्राप्त करते हैं। वास्तव में पुस्तकें जीवन-निर्माण का कल्पवृक्ष और कामधेनु हैं। उनकी छाया में बैठकर मनुष्य ज्ञान, विवेक, शांति और समाधान सब कुछ प्राप्त कर सकता है। वे हमारे भीतर ऐसी मानसिकता का विकास करती हैं, जिसमें हम हर परिस्थिति में समाधान खोजने लगते हैं। पुस्तकें हमारे विचारों को व्यापक बनाती हैं, हमारी संवेदनाओं को परिष्कृत करती हैं और हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की दिशा में अग्रसर करती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि पुस्तकें केवल जीवन को प्रकाशित ही नहीं करतीं, बल्कि उसे सार्थक, संतुलित और समृद्ध भी बनाती हैं।

विश्व पुस्तक दिवस मनाते हुए यह स्पष्ट है कि पुस्तकें केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की आधारशिला हैं। वे समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती हैं। ऐसा परिवर्तन जो किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना से उत्पन्न होता है। इसलिए आवश्यक है कि हम पुस्तक संस्कृति को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, घर-घर में अध्ययन का वातावरण निर्मित करें और आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान के इस अमूल्य स्रोत से जोड़ें। विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम पढ़ने की आदत को विकसित करें, पुस्तकों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करें और एक ऐसे समाज के निर्माण में योगदान दें, जो ज्ञान, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों पर आधारित हो।

# पुस्तकों को लेकर घटती रुचि, कल्पनाशीलता के मुरझाने का खतरा

योगेश कुमार गोयल

पुस्तकों की महत्ता और इनसे अर्जित ज्ञान के संबंध में सदैव कहा जाता रहा है कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता। पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, पहचानों और भाषाओं के माध्यम से अपनी विशिष्टताओं को प्रकट करते हुए एक कहानी और एक सामान्य विरासत के आसपास लोगों को एक साथ लाती हैं लेकिन यह चिंताजनक है कि पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत निरंतर कम होती जा रही है। लोगों को पुस्तकें पढ़ने, कॉपीराइट कानूनों तथा अन्य उपायों को समझने के लिए प्रोत्साहित करने, लेखकों और पुस्तकों को वैश्विक सम्मान देने तथा पढ़ने की कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 23 अप्रैल को यूनेस्को तथा दुनियाभर के अन्य संबंधित संगठनों द्वारा "विश्व पुस्तक दिवस" मनाया जाता है। "विश्व पुस्तक तथा कॉपीराइट दिवस" का औपचारिक शुभारंभ "यूनेस्को" द्वारा 23 अप्रैल 1995 को किया गया था।

यह चिंता का विषय है कि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हुआ है। मोबाइल और कम्प्यूटर के जमाने में अब बच्चे हों या बड़े, अधिकांश इन्हीं पर अपना ज्यादातर समय बिताने लगे हैं लेकिन अधिकांश विद्वानों का स्पष्ट मत है कि इंटरनेट या विभिन्न संचार माध्यमों से मिलने वाली जानकारियों को हमारे मस्तिष्क को चुपचाप ग्रहण करना पड़ता है, जो दिमाग की खुद की कल्पनाशीलता को कुंद कर देते हैं जबकि पुस्तकें पढ़ने के लिए ध्यान, एकाग्रता और मेहनत की आवश्यकता होती है, जिससे विचारों और भावनाओं के लिए नई रोशनी और प्रोत्साहन मिलता है। इसलिए जरूरी है कि टीवी या सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से चिपके रहने के बजाय पुस्तकों की दुनिया को जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए ताकि रचनात्मकता का उपयोग करते हुए क्षितिज का विस्तार करने में पुस्तकों की शक्ति का बेहतर उपयोग किया जा सके।

बाल साहित्य और ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास को बढ़ावा देने और साहित्य के प्रति उनमें आजीवन प्रेम उत्पन्न करने का भी प्रयास किया जाए। जिस समय हमारे आसपास कोई नहीं होता या हम अकेले अथवा उदास हैं, परेशान हैं, ऐसे समय में पुस्तकें ही हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। हमारे दिलोदिमाग में उमड़ते सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर और कोई जरिया नहीं हो सकता।

सभी भारतीय भाषाओं में पुस्तकों को बढ़ावा देने और पढ़ने की संस्कृति विकसित करने की एक पहल के रूप में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा प्रतिवर्ष दिल्ली में भव्य पुस्तक मेले "विश्व पुस्तक मेला" का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार के आयोजन लोगों में किताबें पढ़ने की रूचि विकसित करने के साथ-साथ कलम और मुद्रित दुनिया की ताकत को दोहराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि हर साल इतने भव्य और विशाल पुस्तक मेले के सफल आयोजन के बावजूद विशेषकर हिन्दी भाषी पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत कम हो रही है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि साल में एक बार आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले के अलावा भी ऐसे क्या प्रयास किए जाएं, जिससे लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों के प्रति बढ़े और हिन्दी पुस्तकें ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक पहुंच सकें।

आज के दौर में लोगों की रूचि पुस्तकों में कम होती जा रही है, ऐसे में पुस्तक मेलों के आयोजन के माध्यम से तो लोगों में पुस्तकों के प्रति आकर्षण बढ़ाने के प्रयास किया जाना जरूरी है ही, साथ ही स्कूलों और स्थानीय पुस्तकालयों में भी अच्छी पुस्तकें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। खासकर बच्चों के समग्र विकास के लिए तो उन्हें प्रेरणादायक बाल साहित्य, दिलचस्प नवीनतम साहित्य तथा अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों की ओर आकर्षित करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि ऐसी पुस्तकों को पढ़ने से उनका मानसिक और सामाजिक विकास तीव्रता से होता है।

किसी भी स्कूल का पुस्तकालय बच्चों में पुस्तकों के प्रति प्रेम विकसित करने और उन्हें दुनिया के बारे में अधिक जानने में भी मदद करता है। यही कारण है कि केवल पाठ्य-पुस्तकों को ही बच्चों की समझ को विकसित करने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सभी स्तर के विद्यार्थियों के लिए स्कूल और स्थानीय पुस्तकालयों में स्थानीय भाषाओं में दिलचस्प और प्रेरणादायक बाल साहित्य तथा पुस्तकें बड़ी संख्या में उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन मौजूदा समय में स्कूलों में ऐसी पुस्तकों की उपलब्धता के आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं।

कुछ राज्यों में स्कूलों की लाइब्रेरी में पुस्तकों की संख्या संतोषजनक है लेकिन कई राज्यों में बच्चों के पढ़ने के लिए पुस्तकों की कमी के मामलों में लापरवाही व उदासीनता साफ झलकती है। हालांकि नई पुस्तकों की खरीद के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपये का बजट आवंटित होता है लेकिन स्कूलों के पुस्तकालयों में रखरखाव के अभाव में पुस्तकों को दीमक चाट रहे हैं। कमोबेश ऐसा ही हाल देश के लगभग सभी राज्यों में देखने को मिलता है। स्कूलों में बच्चों के लिए पुस्तकों की उपलब्धता और उनके रखरखाव में लापरवाही के मामलों को गंभीरता से देखने और इसे लेकर कड़े कदम उठाने की जरूरत है ताकि स्कूली स्तर पर ही पुस्तकों के प्रति बच्चों का आकर्षण कम न होने पाए।

पुस्तकों की महत्ता को परिभाषित करते हुए अमेरिकी इतिहासकार व लेखक बारबरा डब्ल्यू तुचमन का कहना था कि पुस्तकें सभ्यता की वाहक हैं, जिनके बिना इतिहास मौन है, साहित्य गूंगा है, विज्ञान अपंग है, विचार और अटकलें स्थिर हैं। पुस्तकों की महत्ता और इनसे अर्जित ज्ञान के संबंध में सदैव कहा जाता रहा है कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता और पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, पहचानों और भाषाओं के माध्यम से अपनी विशिष्टताओं को प्रकट करते हुए एक कहानी और एक सामान्य विरासत के आसपास लोगों को एक साथ लाती हैं। पुस्तकें ज्ञान एवं नैतिकता की संदेशवाहक, अखण्ड सम्पत्ति, भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्कृति हेतु एक खिड़की तथा चर्चा हेतु औजार का काम करती हैं तथा भौतिक वैभव के रूप में देखी जाती हैं। अच्छी पुस्तकें बच्चों और युवा पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारित और चरित्रवान बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाती हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बंगाल की बिसात पर योगी की 'हिंदुत्व' वाली गर्जना

अजय कुमार

पश्चिम बंगाल की राजनीति के केंद्र में इस समय केवल चुनावी आंकड़े नहीं, बल्कि विचारधाराओं का वह प्रचंड टकराव है जिसने भारतीय राजनीति के दो ध्रुवों को बिल्कुल आमने-सामने खड़ा कर दिया है। एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जो भगवा चोले में हिंदुत्व की धार और 'बुलडोजर मॉडल' की धमक लेकर बंगाल की गलियों में टीएमसी के किले को ढहाने निकले हैं, तो दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव हैं, जिन्होंने इस चुनावी शोर से एक सोची-समझी दूरी बना रखी है। यह दूरी महज संयोग नहीं, बल्कि 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव और दिल्ली की गद्दी के लिए बुनी जा रही उस बिसात का हिस्सा है, जहां हर कदम फूंक-फूंक कर रखा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ का बंगाल में उतरना महज एक स्टार प्रचारक की मौजूदगी नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और राजनीतिक संदेश है जो सीधे लखनऊ के गलियारों तक पहुंच रहा है।

योगी आदित्यनाथ जब पुरुलिया या कोलकाता की सड़कों पर गरजते हैं, तो उनके निशाने पर सिर्फ ममता बनर्जी नहीं होतीं, बल्कि वह तुष्टिकरण की उस राजनीति पर प्रहार करते हैं जिसे भाजपा बंगाल में अपनी जीत की कुंजी मानती है। योगी का 'स्ट्राइक रेट' अब सिर्फ चर्चा का विषय नहीं, बल्कि विपक्षी खेमे के लिए सिरदर्द बन चुका है। बिहार चुनाव में 90 फीसदी और दिल्ली में करीब 78 फीसदी की सफलता दर ने उन्हें भाजपा का सबसे बड़ा 'इम्पैक्ट मेकर' बना दिया है। वह बंगाल की धरती पर खड़े होकर जब यह कहते हैं कि 'बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है', तो वह दरअसल बंगाली अस्मिता को हिंदुत्व के साथ जोड़कर एक नया नैरेटिव सेट कर रहे होते हैं। उनका सीधा हमला कोलकाता के मेयर के उस बयान पर है जिसमें उर्दू की वकालत की गई थी। योगी यहां स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि बंगाल में केवल बंगाली और भारतीय संस्कृति चलेगी, किसी भी प्रकार का विदेशी प्रभाव या तुष्टिकरण स्वीकार्य नहीं होगा।

दूसरी ओर, अखिलेश यादव की खामोशी उत्तर प्रदेश की राजनीति के भविष्य की ओर इशारा करती है। बंगाल में ममता बनर्जी और अखिलेश के संबंध जगजाहिर हैं। ममता ने यूपी चुनाव में अखिलेश के लिए रैलियां कीं, लेकिन आज जब बंगाल में ममता को उनकी जरूरत थी, तब अखिलेश ने खुद को पीछे खींच लिया। इसके पीछे 'गठबंधन धर्म' का पेचीदा गणित है। बंगाल में कांग्रेस और लेफ्ट एक साथ हैं और टीएमसी के खिलाफ लड़ रहे हैं। यूपी में अखिलेश और कांग्रेस का अटूट साथ है। अगर अखिलेश बंगाल में ममता के मंच पर जाते, तो यूपी में कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों में दरार आ सकती थी। भाजपा को यह कहने का मौका मिल जाता कि अखिलेश 'दो नावों की सवारी' कर रहे हैं। साथ ही, बंगाल में जिस तरह से ध्रुवीकरण की राजनीति चरम पर है, अखिलेश नहीं चाहते कि वह ममता के साथ खड़े होकर 'मुस्लिम तुष्टिकरण' के उन आरोपों को खुद पर ओढ़ लें, जिससे वह यूपी में 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के जरिए बचने की कोशिश कर रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ का 'यूपी मॉडल' बंगाल में एक ब्रांड बन चुका है। वह अपनी रैलियों में बार-बार 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश और आज के उत्तर प्रदेश की तुलना करते हैं। वह बताते हैं कि कैसे कभी यूपी में माफियाओं का राज था, कैसे सड़कों पर नमाज के नाम पर अराजकता होती थी और कैसे त्योहारों पर पाबंदियां थीं। उनका 'नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा' का नारा बंगाल के उन मतदाताओं को आकर्षित कर रहा है जो कानून-व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। योगी का बुलडोजर अब सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि सुशासन का प्रतीक बन चुका है, जिसे वह बंगाल में टीएमसी के 'गुंडाराज' के खिलाफ एक हथियार के तौर पर पेश कर रहे हैं। वह टीएमसी कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हैं कि भाजपा की सरकार बनते ही अपराधी जेल में होंगे, ठीक वैसे ही जैसे यूपी के माफिया आज बिलों में छिपे हैं या जेल की सलाखों के पीछे हैं।

अखिलेश यादव के लिए चुनौती सिर्फ गठबंधन बचाने की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि को बरकरार रखने की भी है। लोकसभा चुनाव में तीसरी बड़ी पार्टी बनने के बाद अखिलेश को भविष्य के पीएम चेहरे के तौर पर देखा जाने लगा है। लेकिन बिहार और अब बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों के चुनावों से उनकी अनुपस्थिति उनके 'नेशनल एंबिशन' पर सवाल खड़े करती है। क्या वह केवल यूपी के नेता बनकर रह जाना चाहते हैं? या फिर वह हिंदुत्व बनाम तुष्टिकरण की इस जंग में खुद को इतना सुरक्षित रखना चाहते हैं कि यूपी के बहुसंख्यक वोटों में कोई बिखराव न हो? राजनीतिक जानकार मानते हैं कि अखिलेश यादव इस समय भाजपा के 'सांप्रदायिक ध्रुवीकरण' के जाल में नहीं फंसना चाहते। वह जानते हैं कि बंगाल में ममता के पक्ष में खड़ा होना सीधे तौर पर भाजपा के हिंदुत्व के पिच पर खेलने जैसा होगा, जो उत्तर प्रदेश में उनके 'पीडीए' समीकरण को बिगाड़ सकता है।

योगी आदित्यनाथ की रैलियों में उमड़ता जनसैलाब और उनका आक्रामक तेवर यह साफ करता है कि भाजपा ने बंगाल को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। योगी का 'गौ-माता' और 'राम' का मुद्दा सीधे तौर पर बंगाल की सांस्कृतिक जड़ों को छूने का प्रयास है। वह ममता बनर्जी के उस 'गुस्से' को ढाल बना रहे हैं जो वह 'जय श्री राम' के नारों पर दिखाती रही हैं। योगी का यह कहना कि 'ममता दीदी राम नाम से चिढ़ती हैं', बंगाल के हिंदू मतदाताओं के मन में एक गहरा प्रभाव छोड़ रहा है। वह इस लड़ाई को 'बंगाली अस्मिता बनाम बाहरी' से मोड़कर 'हिंदुत्व बनाम तुष्टिकरण' पर ले आए हैं।

## दैनिक पंचांग

**23 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.49 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मिथुन | 08.48 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 11.01 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.17 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.29 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.40 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.54 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 22.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.16 बजे से |
| | | कुंभ | 02.02 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मीन | 03.35 बजे से |
| | | मेष | 05.05 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 113 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 20.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 20.58 बजे को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 06.08 बजे तदनन्तर धृति 03.33 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 09.46 बजे तदनन्तर वणिज 20.50 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 28'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872688
**जूलियन दिन** 2461153.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 05
**विशेष** गंगा सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### तापमान 40 के पार, आसमान से बरस रही आग

**साहिबगंज** : जिले में अप्रैल के तीसरे सप्ताह में तापमान 40 पार कर गया है। आसमान से आग बरस रही है। सूरतेहाल यह है कि 10 बजे के बाद लोग घरों से बेवजह निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। बुधवार को तेज गर्म भरी हवा के कारण लोग परेशान दिखे। मौसम विभाग एक सप्ताह तक तापमान में वृद्धि का अनुमान लगाया है। अगले सप्ताह के दौरान तापमान 41 डिग्री से लेकर 44 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने तापमान में वृद्धि और ऊमस भरी गर्मी को देखते हुए सावधानी और चेतावनी अलर्ट जारी किया है। लोगों को अत्यधिक गर्मी से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। गर्मी के कारण शहर में लोग दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सड़कों पर नजर नहीं आये। शाम 5:00 बजे के बाद हल्की हवा चली, जिससे लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई।

### मोटरसाइकिल से गिरकर महिला हुई घायल

**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र के दुमकी में मोटरसाइकिल से गिर कर एक महिला बुरी तरह से घायल हो गई। केसरी बांध निवासी सुरजी पहाड़िन (40) पति रंजीत पहाड़िया, अपने बेटे के साथ दुमकी किसी बैठक में शामिल होने गई थी, बैठक कर वापस अपने घर आने के कर्म में दुमकी के पास मोटरसाइकिल से गिर गई जिसे वो बुरी तरह से घायल हो गई, जहां डॉ सुदामा साह ने महिला का उपचार किया।

### मोतीझील ग्राम में एक महिला की हत्या मामले में एक व्यक्ति को भेजा गया जेल

**साहिबगंज** : मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के मोतीझील ग्राम में संझली सोरेन (50) हत्या मामले में मृतक के पुत्र तल्लू मरांडी के बयान पर मिर्जाचौकी थाना में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। घटना के विषय में जानकारी देते हुए मृतिका के पुत्र प्रकाश मरांडी ने बताया कि वह बांझी में लगे मेला देखने गया था। मेला देखकर जब लौटा तो मां संझली सोरेन लहुलुहान अवस्था में मृत पड़ी थी। इधर मिर्जाचौकी पुलिस हत्या के मामले में दो लोगों को थाना लाकर पुछताछ कर रही है। इधर इस सिलसिले में पुलिस अपने स्तर से जांच शुरू कर दिया है कि आखिर हत्या के असली कारण क्या हो सकता है। उक्त मामले में 34/26 कांड संख्या दर्ज कर एक व्यक्ति को भेजा गया जेल।

### जल, जंगल, जमीन और जीवों को बचाएं : मनोज

**डोमचांच** : जल, जंगल, जमीन और जंगली जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 22 अप्रैल को पूरी दुनिया में मनाया जाता है पृथ्वी दिवस। इस दिन पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के असंतुलित उपयोग जैसी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पृथ्वी नहीं बचेगी तो जीवन भी नहीं बचेगा। विश्व पृथ्वी दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी की सुरक्षा हम सभी की सम्मिलित जिम्मेदारी है। हम केवल सरकारों के भरोसे नहीं रह सकते। पृथ्वी को स्वस्थ और संरक्षित रखे के लिए हर वर्ष एक विशेष थीम दिया जाता है। इस वर्ष का थीम है ₹आवर पावर आवर प्लैनेट₹। यह पिछले वर्ष का थीम है। 400 से भी अधिक नीतिगत बदलावों के कारण पर्यावरणीय सुरक्षा कवच कमजोर हुआ। इस लिए वर्ष 2025 पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से पीछे हटने का साल रहा। पहला पृथ्वी दिवस 1970 में लगभग 2 करोड़ लोगों के सड़कों पर उतरने से शुरू हुआ था। यह जागरूकता अभियान आज लगभग 193 देशों में चलाया जा रहा है। लेकिन वर्ष 2026 में खाड़ी देशों में हो रहे युद्ध के कारण जान माल के साथ ही पर्यावरण का कल्पना से परे नुकसान हुआ है।

### डीएमएफटी से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा

# योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में डीएमएफटी से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में कार्यकारी एजेंसियों द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की अधिकांश योजनाएं प्रगति पर हैं। इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ योजनाओं में प्रगति रिपोर्ट में कार्य पूर्ण दशार्या गया है, जबकि वास्तविकता में कार्य अधूरा है। इस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे सभी मामलों का अद्यतन प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पूरी तरह तथ्यात्मक एवं पारदर्शी होनी चाहिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग फील्ड स्तर पर की जाए, ताकि आम जनता को योजनाओं का लाभ शीघ्र एवं प्रभावी रूप से प्राप्त हो सके।बैठक में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (नृप), ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भवन प्रमंडल, असैनिक शल्य चिकित्सा विभाग, नगर परिषद एवं समेकित जनजातीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिन प्रमुख परियोजनाओं पर विशेष चर्चा की गई, उनमें साहिबगंज स्थित शकुंतला घाट पर स्थायी सीढ़ी घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, सदर अस्पताल जाने वाले मार्ग के चारदीवारी एवं उद्यानिकी (हॉर्टिकल्चर) कार्य, मंडरो प्रखंड के पंचायत सिमडा अंतर्गत वार्ड संख्या-06 में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, बरहेट प्रखंड के ग्राम लबरी में पीडी सड़क से विद्यालय तक पीसीसी सड़क निर्माण, मंडरो प्रखंड के एचएससी सिरसा में चारदीवारी एवं अन्य निर्माण कार्य, बरहेट प्रखंड के मध्य विद्यालय बरहेट में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण, पतना प्रखंड के ग्राम तलबड़िया में फुटबॉल मैदान की गैलरी निर्माण, सकडोगढ़ स्थित तालाब के किनारे रिटेनिंग वॉल निर्माण, शिवगादी धाम के समीप 20 इकाई शौचालय-सह-स्नानघर निर्माण तथा बड़हरवा प्रखंड के ग्राम प्लासबोना में कब्रिस्तान के समीप सीढ़ी घाट निर्माण शामिल हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन डॉ. राम देव पासवान, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोन की बकाया राशि लेने पहुंचे माइक्रो फाइनेन्सकर्मी पर धारदार हथियार से हमला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के रांगा थाना क्षेत्र के केंदुआ बिधानपुर गाँव में महिला समूह से लिये गया ग्रुप लोन की बकाया राशि मांगने पहुँचे सेव माइक्रो फाइनेंस के रतनपुर स्थित शाखा के प्रबंधक मो.गुलफराज को धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मो. गुलफराज, पिता मो. साहुल, गोड्डा जिला के खुटहरि के निवासी है, जो बरहरवा में सेव माइक्रो फाइनेन्स कंपनी में शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यरत है। मामले को लेकर घायल प्रबंधक गुलफराज ने बताया की केंदुआ बिशनपुर गांव निवासी बीना देवी पति नयन रजक ने सेव माइक्रो फाइनेन्स कम्पनी से 50000 रुपये का लोन हमारी शाखा के माध्यम से लिया था जिस लोन की किस्त हर महीने जमा करनी पड़ती है। बुधवार को शाखा प्रबंधक, एरिया मैनेजर एवं ऑडिट डिपार्टमेंट से बिना देवी के घर केंदुआ पहुँचा और बिना देवी से बकाया राशि चुकाने की बात कहीं उसी समय बिना देवी के पति नयन रजक और पुत्र श्रीनाथ रजक अभद्रता से गाली गलौज करने लगा और धमकी देने लगा कोई पैसे नहीं मिलेगा पैसा माँगने मत आना नहीं तो मार देंगे। समझाने पर घर के अंदर से हमला करने की मंशा से तलवार नुमा धारदार हथियार लहराने लगा, तीनो सहकर्मी अफरातफरी में मुड़कर भागने लगे तभी श्रीनाथ रजक ने हथियार चलाकर हमला कर दिया जो गुलफराज के पैरों में लगा जिसके बाद पैर से खून बहने लगा आनन-फानन में वहाँ से भागकर अस्पताल पहुंचा।

## पाकुड़ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से की शिष्टाचार मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार हेमन्त सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने माननीय मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन एवं सम्मान किया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री से भेंट कर जिले के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

मुलाकात के दौरान जिले के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आमजनों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के उपायों पर सार्थक विमर्श हुआ। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं भावी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने माननीय मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए विकास कार्यों को गति देगा तथा आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सतत प्रयासरत रहेगा।

## धोवाडंगा में नाली निर्माण पर उठे सवाल ग्रामीणों ने अनियमितता का लगाया आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हिरणपुर** : जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत धोवाडंगा आजाद मोड़ रोड में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता, लापरवाही और घटिया गुणवत्ता के उपयोग का गंभीर आरोप लगाया है, जिससे पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल बन गया है।

ग्रामीणों के अनुसार नाली निर्माण कार्य में निर्धारित तकनीकी मानकों और मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। नाली का निर्माण बिना समुचित ढलान (स्लोप) के किया जा रहा है, जिससे भविष्य में जल निकासी प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही, तो बारिश के मौसम में जलजमाव और गंदगी की समस्या और भी गंभीर रूप ले सकती है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की है। नाली निर्माण में उपयोग की जा रही बालू मानक के अनुरूप नहीं है, वहीं ईंटों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की सामग्री से बनी नाली ज्यादा दिनों तक टिकाऊ नहीं होगी और कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि कार्य में जल्दबाजी और निगरानी की कमी साफ तौर पर नजर आ रही है। बिना उचित योजना और गुणवत्ता जांच के निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से इस मामले की जांच कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'वृक्ष रक्षा बंधन' कार्यक्रम का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के तालझारी प्रखंड में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन प्रमंडल साहिबगंज अंतर्गत तालझारी वन क्षेत्र के कोंगाबेड़ा में "वृक्ष रक्षा बंधन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी राम सुमन प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं वनों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि वे जंगलों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुँचाएं तथा वन संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधकर यह संकल्प लिया कि वे जंगलों की रक्षा करेंगे और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। वहीं इस कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान, वनरक्षी पप्पू कुमार यादव, अखिलेश मरांडी, प्रेम कुमार साह, सनी रजक, अमित कुमार, राजेश टुडू, सुनील कुमार सहित अन्य वनकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बंगाल चुनाव को लेकर साहिबगंज में 'हाई अलर्ट': बॉर्डर पर पुलिस का कड़ा पहरा, चप्पे-चप्पे पर चेकिंग

(प्रशांत कुमार की रिपोर्ट)



**साहिबगंज** : पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 के प्रथम चरण का मतदान गुरुवार, 23 अप्रैल को होने वाला है। चुनावी शोर और गहमागहमी के बीच झारखंड के साहिबगंज जिले से लगी बंगाल की सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है। जिला प्रशासन ने विशेष रूप से बरहरवा और कोटालपोखर थाना क्षेत्रों में 'हाई अलर्ट' घोषित किया है, ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या बाहरी हस्तक्षेप न हो सके। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के कड़े निर्देश पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बुधवार को सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया।

इस दौरान उनके साथ बरहरवा इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा, थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह और कोटालपोखर थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। टीम ने बरहरवा थाना क्षेत्र के लाधोपाड़ा और बरारी के साथ-साथ कोटालपोखर क्षेत्र के जीवनपुर व रहिमटाड़ चेकपोस्टों पर जाकर तैनात जवानों की मुस्तैदी को परखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तैनात पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे हर आने-जाने वाले वाहन की सघन तलाशी लें और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करें। एसडीपीओ ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की अवैध शराब, नकदी या अवांछित तत्वों के प्रवेश को रोकना है।

उन्होंने जवानों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि बंगाल चुनाव को निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए झारखंड पुलिस पड़ोसी राज्य के प्रशासन को पूरा सहयोग दे रही है। सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है और जंगलों व संवेदनशील रास्तों पर भी नजर रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर इन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी ताकि कल होने वाले मतदान में किसी प्रकार का कोई बाधा न आए।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज में मामूली टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक की बेरहमी से पिटाई, हालत गंभीर



**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-बोवारीजोर मुख्य पथ में स्थित शामपुर गांव के पास बुधवार को दोपहर में ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो के बीच हल्की टक्कर हो गई, जिस कारण स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर में खरोच आ गई और गार्ड टूट गई। जिसके बाद स्कॉर्पियो चालक और वाहन मालिक के संबंधियों ने ट्रैक्टर चालक पंचानन कुंवर (28 वर्षीय) को जमकर पीटा और सिर फोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कॉर्पियो चालक और संबंधियों द्वारा बीच-बचाव करने वाले ग्रामीणों को गोली मारने तक की धमकी दे रहे थे। सिर फोड़ दिए जाने के कारण ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद बोरियो पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और घायल ट्रैक्टर चालक को सीएचसी बोरियो में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर ईलाज के लिए साहिबगंज रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो के बीच हुई टक्कर का मुख्य कारण स्कॉर्पियो चालक का नींद में होना था। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो चालक ने चाभी से मार कर सिर फोड़ दिया, जिससे ट्रैक्टर चालक मौके पर ही अचेत हो गए। ज्ञात हो कि स्कॉर्पियो संख्या जेएच 18एन 9633 साहिबगंज के डॉक्टर रणविजय कुमार के नाम पर दर्ज है। घटना के बाद बोरियो पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है, वहीं दबंगई करने वाले स्कॉर्पियो चालक और संबंधियों को तत्काल छोड़ दिया गया है। घायल ट्रैक्टर चालक पंचानन कुंवर के परिजन को ट्रैक्टर सुपुर्द कर दिया गया है। अब देखना बाकि है कि बोरियो पुलिस मामले में क्या कारवाई करती है।

### जनता दरबार में बरकत खान ने सुनी समस्याएं



**साहिबगंज** : विधायक कक्ष बरहरवा में आयोजित जनता दरबार में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्या को लेकर प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए फरियादियों ने लगाई गुहार। मयूरकोला पंचायत के फुलचूवा ग्राम के लाल सुंदर घोष प्रधानमंत्री आवास का दूसरा किस्त का भुगतान नहीं मिलने से संबंधित समस्या को लेकर आए। बरकत खान ने विभागीय पदाधिकारी से जांच कर समस्या का निदान करने को कहा। रूपसपुर पंचायत के नूराई एवं पथरिया पंचायत के निश्चिंतपुर ग्राम के ग्रामीणोंगण बिजली के ट्रांसफार्मर जल जाने की शिकायत को लेकर पहुंचे इसपर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने ग्रामीणों के आवेदन को अनुशंसा करके बिजली विभाग को सुपुर्द कर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कराने की बात कही। रिसोर पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदपुर की रसोइया चाइना देवी ने विगत एक वर्ष से मानदेय ना मिलने की शिकायत की। इस पर विधायक प्रतिनिधि ने विभागीय पदाधिकारी से वातार्लाप कर जल्द से जल्द मानदेय भुगतान कराने की बात कही। सातगाछी पंचायत अंतर्गत सातगाछी ग्राम के अब्दुल हासेन ने विकलांग पेंशन का भुगतान विगत चार महीने से नहीं होने की शिकायत की इस पर बरकत खान ने संज्ञान लेते हुए जांच करवा कर समस्या का निदान करवाया। रिसोर पंचायत के गोपालपुर ग्राम की दो महिलाएं माला देवी एवं लक्ष्मी देवी का मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना आवेदन को अनुशंसा कर विभाग में ऑन लाइन हेतु भेजा गया। इसके अलावे मईया सम्मान योजना अन्तर्गत पेंशन का भुगतान बन्द होने,राशन कार्ड में नाम गलत हो जाने, बिजली का मीटर जल जाने, जमीन का रसीद निर्गत नहीं होने से संबंधित शिकायत से भी लोगों ने अवगत कराया। सभी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए बरकत खान ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर मामले की जांच कर जल्द से जल्द निदान कराने को कहा। मौके पर वार्ड पार्षद छोटेलाल रामानी, इब्राहीम शेख,सुभोजित मिश्रा, गणेश साहा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर गंगा नदी के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**साहिबगंज** : पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो रही है, जबकि अगला चरण 29 अप्रैल को संपन्न होगा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अंतरराज्यीय सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। कई संवेदनशील स्थानों पर अस्थायी पुलिस चौकिया स्थापित की गई हैं तथा लगातार गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में गंगा थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत गदाई दियारा के इलाके जैसे मकई टोला, गीशू टोला, रामवचन टोला जैसे क्षेत्रों में पुलिस जवानों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की सघन जांच की जा रही है, ताकि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किया जा सके।

### कोयला ढुलाई पर ब्रेक, वार्ता बेनतीजा, हड़ताल जारी




**अमड़ापाड़ा** : जिले में कोयला ढुलाई को लेकर बना गतिरोध अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ट्रांसपोर्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण बीते शनिवार से परिवहन पूरी तरह ठप है। उनका कहना है कि मौजूदा भाड़ा दरों पर गाड़ियां चलाने से बेहतर है उन्हें खड़ा रखना, क्योंकि इससे कम नुकसान हो रहा है। इसी बीच, बुधवार को एसडीओ कार्यालय में प्रशासन, कोल कंपनियों और ट्रांसपोर्टरों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई, जो बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ साइमेन मरांडी ने की, जबकि महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार और पाकुड़ एसडीपीओ दयानंद आजाद भी मौजूद रहे। डीबीएल और बीजीआर कंपनियों के प्रतिनिधि तथा ट्रांसपोर्टर इसमें शामिल हुए। वार्ता के दौरान ट्रांसपोर्टरों ने भाड़ा बढ़ाने की मांग पर कड़ा रुख अपनाया। उनका तर्क था कि वर्ष 2022 के बाद से दरों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, जबकि डीजल, मेंटेनेंस और अन्य खर्चों में लगातार इजाफा हुआ है। ट्रांसपोर्टरों ने दावा किया कि मौजूदा दरों पर संचालन करने से प्रति वाहन हर महीने करीब 1.84 लाख रुपये का घाटा हो रहा है, जिसे प्रशासन ने भी गंभीर माना। वहीं, डीबीएल कंपनी ने परिस्थितियों का हवाला देते हुए भाड़ा संशोधन के लिए दो महीने का समय मांगा। हालांकि, ट्रांसपोर्टर तत्काल निर्णय की मांग पर अड़े रहे, जिससे बातचीत किसी सहमति तक नहीं पहुंच सकी। वार्ता विफल रहने के बाद ट्रांसपोर्टरों ने संकेत दिया है कि आगे की रणनीति तय करने के लिए जल्द ही एक बड़ी बैठक बुलाई जाएगी। फिलहाल, प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन गतिरोध खत्म होने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहे हैं।

## एक नजर

### ठेका कर्मी ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के नॉर्दन टाउन स्थित टाटा स्टील यूआईएसएल के पब्लिक हेल्थ सेंटर में बुधवार सुबह एक ठेका कर्मी न फंदे से लटकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान मेघा मुखी के रूप में हुई है, जो ठेका कर्मचारी के रूप में केंद्र में फॉगिंग मशीन चलाने का काम करता था। जानकारी के अनुसार, मेघा मुखी रोज की तरह बुधवार सुबह घर से ड्यूटी पर जाने की बात कहकर निकला था। करीब 11 बजे वह अपने कार्यस्थल पर पहुंचा, लेकिन कुछ ही देर बाद उसका शव हेल्थ सेंटर के गोदाम में फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब अन्य कर्मचारी वहां पहुंचे और उसे इस हालत में देखा। इसके बाद तत्काल शोर मचाया गया और स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बिष्टुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पृथ्वी दिवस पर संगम पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** पृथ्वी दिवस के शुभ के मौके पर संगम पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने, प्रदूषण कम करने, पेड़ लगाने और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगे और रचनात्मक पोस्टरों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेज आलम ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी विकसित करता हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आने का संदेश दिया। वहीं विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने कहा मुझे गर्व है कि हमारे विद्यालय के छात्र इस दिशा में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं । और अपने रचनात्मक प्रयासों के माध्यम से समाज को एक सकारात्मक संदेश दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने सभी को पृथ्वी की सुरक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया।

# भीषण गर्मी और लू का कहर दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** शहर इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी और तेज गर्म हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तापमान 42- 43 डिग्री पहुंच रहा है। हालत यह है कि दोपहर 11 बजे के बाद लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। जरूरी काम होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं, अन्यथा बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चेतावनी जारी की गई है कि अत्यधिक जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें और लू से बचाव के उपाय अपनाएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। दोपहर के समय शहर की प्रमुख सड़कें लगभग खाली दिख रही हैं। बाजारों में भी भीड़ कम हो गई है और दुकानदार भी गर्मी के कारण परेशान हैं। रिक्शा चालक, ठेला व्यवसायी और दिहाड़ी मजदूरों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें काम के लिए मजबूरी में धूप में निकलना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग कई तरह के उपाय कर रहे हैं। अधिकांश लोग हल्के और सूती कपड़े पहन रहे हैं, साथ ही सिर को गमछा या टोपी से ढककर बाहर निकल रहे हैं। पानी, नींबू पानी, छाछ, सत्तू और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन बढ़ गया है। कई लोग धूप से बचने के लिए छाता का भी उपयोग कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, शरीर में पानी की कमी न होने दें, समय-समय पर तरल पदार्थ लेते रहें और खाली पेट धूप में निकलने से बचें। तेज धूप में अधिक समय तक रहने से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए सावधानी ही बचाव का सबसे बेहतर तरीका है। गर्मी और लू के इस दौर ने शहर की रफ्तार को धीमा कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी तापमान में राहत मिलने के आसार कम हैं, जिससे लोगों को अभी और सतर्क रहने की जरूरत है।

## गर्मी में गैस उपभोक्ताओं का सब्र टूटा, होम डिलीवरी बहाल कराने उठी जोरदार मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में एचपी गैस उपभोक्ताओं की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। भीषण गर्मी के बीच गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है, जिससे आमजन, विशेषकर महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर चौपारण मध्य के सांसद प्रतिनिधि रिशु वर्णवाल ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अंचलाधिकारी संजय यादव तथा एमओ विक्रम पांडे से देवशिका एचपी गैस एजेंसी द्वारा शीघ्र होम डिलीवरी सेवा शुरू कराने की अपील की है। रिशु वर्णवाल ने कहा कि जब अन्य गैस एजेंसियां नियमित रूप से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध करा रही हैं, तो देवशिका एजेंसी इस व्यवस्था को लागू करने में पीछे क्यों है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी शुल्क सहित 972 रुपये वसूले जा रहे हैं, बावजूद इसके लोगों को कड़ी धूप में घंटों लाइन लगाकर पर्ची कटवानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को एजेंसी से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित गोदाम तक स्वयं जाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के चक्रधरपुर रेल मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया की अध्यक्षता में तिमाही बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंडल रेल प्रबंधक के सभाकक्ष में हुई, जिसमें जनवरी से मार्च 2026 की तिमाही के दौरान हिंदी में हुए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से राजभाषा के उपयोग, पत्राचार, नोटिंग-ड्राफ्टिंग और आधिकारिक कार्यों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग पर चर्चा करते हुए भविष्य की कार्ययोजना भी तय की गई। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि इसे कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में किए जाएं और कर्मचारियों को इसके लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए मंडल स्तर पर कवि सम्मेलन, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कार्यशाला और अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत वरिष्ठ मंडल सिगनल और दूरसंचार इंजीनियर नील माधव दास और मंडल यातायात निरीक्षक देवाशीष साहू को मंडल रेल प्रबंधक ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

## पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक धर्म : डालसा सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** जिले के मेदिनीनगर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय में बुधवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की वार्डन प्रीति कुमारी ने की, जबकि संचालन एलएडीसी डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारा नैतिक धर्म है। उन्होंने बच्चियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और छोटी-छोटी आदतों के माध्यम से बड़ी बदलाव की शुरूआत करें। राकेश रंजन ने बढ़ते मरुस्थलीकरण, गिरते भू-जल स्तर और प्लास्टिक प्रदूषण को गंभीर खतरा बताते हुए जल संरक्षण और पौधारोपण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का संचयन भविष्य की पीढ़ियों के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही बच्चियों को प्रेरित किया कि वे अपने घर और समाज में भी इस जागरूकता को फैलाएं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता वीणा मिश्रा ने पृथ्वी को मां के समान बताते हुए स्वच्छता और पौधारोपण का संदेश दिया। उन्होंने बच्चियों को गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक किया। वहीं, एलएडीसी डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बिगड़ने पर जीवन कठिन हो जाएगा, इसलिए अभी से सजग होना जरूरी है। इस अवसर पर छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** जिले के गारु थाना क्षेत्र अंतर्गत लाई गांव में डायन बिसाही के आरोप में तेतरा उरांव (62) की हत्या हो गयी। मृतक लाई गांव का रहने वाला था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल दो आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में संतोष उरांव और प्रेम उरांव शामिल हैं, दोनों लाई गांव के ही रहने वाले हैं। इस संबंध में बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को तेतरा उरांव का शव बरामद हुआ था। मामले की छानबीन के दौरान संतोष उरांव और प्रेम उरांव को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो दोनों आरोपितों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपितों ने बताया कि तेतरा उरांव ओझा गुनी का काम भी करता था। पिछले कुछ दिनों से उन लोगों के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। इसी दौरान उनके घर में दो लोगों की अचानक मौत हो गई थी। उन्हें पूरा सन्देह था कि तेतरा उरांव ने ही डायन बिसाही किया है, जिससे दोनों की मौत हुई है। इसी मामले को लेकर दोनों भाइयों ने तेतरा उरांव की हत्या की योजना बनाई। सोमवार की रात में ही दोनों ने तेतरा उरांव को जमकर शराब पिलाया और बाद में रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## भुरकुंडा में छात्रवृत्ति परीक्षा ने जगाई प्रतिभाओं की उम्मीद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** शिक्षा और प्रतिभा को नई दिशा देने की पहल के तहत महात्मा गांधी हाई स्कूल, देवरिया बरगांवा भुरकुंडा में झारखंड सेंट्रल स्कॉलरशिप टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

**प्रतिभाओं को मंच देने की पहल**

स्कॉलरशिप टेस्ट का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना था। ग्रामीण और स्थानीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा नई संभावनाओं का द्वार साबित हुई। प्रतिभागियों ने अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लिया।

**एक घंटे तक चली परीक्षा**

परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। निर्धारित समयावधि में छात्रों ने प्रश्नपत्र हल किए। परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन का अवसर मिला।

**50 अंकों के पूछे गए प्रश्न**

परीक्षा में कुल 50 अंकों के प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों का स्तर विद्यार्थियों की सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता और शैक्षणिक समझ को परखने वाला था। छात्रों ने पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ उत्तर दिए।

**शिक्षकों ने निभाई अहम भूमिका**

परीक्षा के सफल संचालन में राम गोविंद ग्रुप कॉलेज के शिक्षक मोहम्मद नाहिद, सिराज खान सहित अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षकों ने परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया।

## राजनगर प्रखंड के लखिपोस गांव में विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** सरायकेला जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत तुमुंग पंचायत के लखिपोस ओर बतरबेड़ा गांव में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं एडेंट सामाजिक कल्याण संगठन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में परिवर्तन स्वयं सहायता समूह की चालीस से अधिक महिलाओं के साथ-साथ ग्राम विकास समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है और इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, कृषि में रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खेती को अपनाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, बिजली की बचत करने तथा स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे परिवर्तन कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि यदि आज सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास किए जाएँ, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित ग्रामीणों ने अपने गांव को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एडेंट सामाजिक कल्याण संगठन के कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार कुंडू की गरिमामय उपस्थिति रही। संगठन के अन्य कार्यकताओं ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनएच-100 पर हुए सडक हादसे में युवक की मौत



**चतरा :** सिमरिया-हजारीबाग मुख्य पथ पर बानासाड़ी के समीप मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कोयला लदे हाइवा वाहन की चपेट में आने से अजय साव नामक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के खपरियावा गांव से सिमरिया के बानासाड़ी गांव में बारात आई हुई थी। देर रात बाराती सड़क पार कर गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे कोयला लदे वाहन ने अजय साव को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने चतरा-हजारीबाग-सिमरिया मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और मृतक की पत्नी को कंपनी में नौकरी देने की मांग पर अड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आम्रपाली परियोजना से जुड़े कोयला परिवहन करने वाले भारी वाहन इस मार्ग पर लगातार तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा और आश्रित को नौकरी देने की मांग की। साथ ही भारी वाहनों की गति पर सख्ती से नियंत्रण की जरूरत बताई। प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रदेव प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और परिजनों से वार्ता कर स्थिति को नियंत्रित करने और जाम को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### पृथ्वी दिवस पर कस्तूरबा विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




**खूंटी :** पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , खूंटी की ओर से बुधवार को कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय, मुरहू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झालसा के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष खूंटी रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसीएस असिस्टेंट निखिल कुमार मेहता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम आवर पावर, आवर प्लानेट है। उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के बारे में बताते हुए कहा कि ह्लजीवन का अधिकारह्व केवल जीवित रहने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में जीने का अधिकार भी इसमें शामिल है। उन्होंने अनुच्छेद 51ए (जी) का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर मुरहू थाना के नायल गॉडविन केरकेट्टा ने पृथ्वी दिवस के इतिहास और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से प्रकृति की रक्षा करने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में एलएडीसी निखिल मेहता, थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा, पीएलवी अगस्त नायक, शिल्पा कुमारी, विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं। यह जानकारी डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने दी।

### चांडिल न्यू बायपास पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौके पर, दो युवक गंभीर



**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है, स्थानीय लोगों के द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। चांडिल प्रखंड अंतर्गत चांडिल न्यू बायपास में भालूक कोचा और सुकसारी के बीच एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मारने के बाद करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों और विस्थापित नेता राकेश रंजन महतो ने की मदद से दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सभी युवक झिमड़ी गांव के निवासी बताया जा रहा है और किसी कार्य से चांडिल कॉलेज आए हुए थे। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।चांडिल न्यू बायपास पर हुए इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है। चांडिल न्यू बायपास 30 घंटे से माहाजाम है लंबी लाइन लगी हुई है इसमें ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं ट्रैफिक व्यवस्था के कारण आज यह सड़क दुर्घटना हुआ स्थानीय लोगों का मानना है।

### पुलिया के नीचे गिरा ट्रेलर, चालक सुरक्षित



**खूंटी :** सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के दियांकेल के पास बुधवार तड़के करीब चार बजे लोहा लदा एक ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त होकर पुलिया के नीचे गिर गया। राहत की बात यह रही कि ट्रेलर चालक पूरी तरह सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर दुगार्पुर से लोहे का सामान लेकर भिलाई की ओर जा रहा था। उसी दौरान तड़के लगभग चार बजे विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ट्रक को देखकर चालक उसे बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठा और ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो कर पुलिया के नीचे जा गिरा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और तोरपा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अच्छी बात रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## संक्षिप्त डायरी

### सीतामढ़ी: पुनौरा धाम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य की रामकथा, उमड़ा जनसैलाब

**पटना (एजेंसी)** सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में जानकी नवमी पर नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है. इसके तहत अखंड रामायण पाठ और श्रीराम कथा कराये जा रहे हैं. इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है. देशभर से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं. सीतामढ़ी में इन दिनों आस्था का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है. मां सीता की जन्मस्थली माने जाने वाले पुनौरा धाम में जानकी नवमी के मौके पर भव्य आयोजन चल रहा है. जानकी नवमी यानी मां सीता के प्राकट्य दिवस के मौके पर यहां नौ दिनों का विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है. धाम परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं और साधु-संतों की भीड़ लगातार उमड़ रही है. जानकी मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ जारी है, जहां भक्त पूरे श्रद्धा भाव से शामिल हो रहे हैं. जगद्गुरु रामभद्राचार्य की रामकथा वहीं, सीता कुंड पर भी दिनभर दर्शन और आचमन के लिए लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं. देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु इस पावन अवसर का हिस्सा बन रहे हैं. इस बार कार्यक्रम की खास बात यह है कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य की नौ दिवसीय श्रीराम कथा भी यहां आयोजित की जा रही है, जिसने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया है. कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है.

### देर रात प्रशांत किशोर से मिले तेज प्रताप यादव

**पटना (एजेंसी)** मंगलवार की देर रात खखऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव और प्रशांत किशोर की मुलाकात हुई. इस मुलाकात से जुड़ा वीडियो तेज प्रताप यादव ने एक्स अकाउंट के जरिए शेयर किया. इतना ही नहीं, उन्होंने इस मुलाकात को महत्वपूर्ण भी बताया. लालू प्रसाद के बड़े बेटे और जेजेडी सुप्रीमो तेज प्रताप यादव और प्रशांत किशोर की मुलाकात के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है. राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा होनी भी शुरू हो गई है कि क्या कोई नया सियासी समीकरण बनने वाला है. इस मुलाकात से जुड़े वीडियो को तेज प्रताप ने एक्स अकाउंट के जरिए शेयर किया. नहीं थी सिर्फ औपचारिक मुलाकात एक्स पोस्ट में गौर करने वाली बात यह रही कि तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव, बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को टैग किया है. साथ ही प्रशांत किशोर के साथ मुलाकात को बेहद खास बताया. यह भी जानकारी दी कि यह मुलाकात सिर्फ औपचारिक नहीं थी. एक्स पोस्ट में क्या-क्या लिखा? तेज प्रताप यादव ने एक्स पर लिखा, ह्यआज का दिन राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहा. मेरी मुलाकात से हुई, जहां हमने जनहित और भविष्य की राजनीति को लेकर गहन चर्चा की. इस दौरान जनता की अपेक्षाओं और बदलते राजनीतिक समीकरणों पर विस्तार से बात हुई. यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं थी, बल्कि इसमें कई ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ जो आने वाले समय में राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं.ह्न आगे तेज प्रताप यादव ने यह भी लिखा, ह्यमैं तेज प्रताप यादव, इस संवाद को अपने राजनीतिक जीवन के एक महत्वपूर्ण अनुभव के रूप में देखता हूं. जहां सकारात्मक सोच और जनसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प और भी मजबूत हुआ.

### अग्निकांड ने छीना कई परिवारों की कमाई का जरिया, पेट पर आफत

**पटना (एजेंसी)** सीतामढ़ी के सुरसंड में एकसाथ कई दुकानों में भीषण आग लग गयी, जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया है. अगलगी की इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है. सीतामढ़ी जिले के सुरसंड स्थित अंबेडकर टावर चौक के पास बुधवार अहले सुबह भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया है. आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास की एक दर्जन से अधिक दुकानें इसकी चपेट में आ गईं और देखते ही देखते जलकर राख हो गई हैं. इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. लोगों को नहीं मिला संभलने का भी मौका मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, आग की लपटें काफी तेज थीं, जिससे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला. चाय दुकान, किराना स्टोर, लॉन्ड्री और नाश्ते की कई दुकानें पूरी तरह जल गईं. दुकानदारों ने बताया कि वर्षों की मेहनत और जमा पूंजी कुछ ही मिनटों में राख हो गई, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट आ गया है. नियंत्रण पाने तक लाखों का नुकसान स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका. सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया है. हालांकि, तब तक काफी नुकसान हो चुका था. प्रशासन मामले की जांच में जुटा है.

### पटना एयरपोर्ट के एराइवल एरिया में टाइल्स गिरने का वीडियो तेजस्वी ने किया शेयर

**पटना (एजेंसी)** पटना एयरपोर्ट के एराइवल एरिया में अचानक टाइल्स गिर गई. टाइल्स गिरने से तेज आवाज आने पर एयरपोर्ट पर मौजूद यात्री सहम गए. इस वाकये से जुड़ा वीडियो तेजस्वी यादव ने एक्स के जरिए शेयर किया. पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के एराइवल एरिया में अचानक टाइल्स गिरने का मामला अब सियासी रूप लेता जा रहा है. राजद नेता तेजस्वी यादव ने इससे जुड़ा वीडियो एक्स के जरिए शेयर किया. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर तंज भी कसा. एक्स पर तेजस्वी यादव ने क्या लिखा? तेजस्वी यादव ने एक्स पर वीडियो शेयर कर लिखा, ह्यपटना हवाई अड्डे की इमारत गिरना शुरू. बिहार चुनाव से पहले आनन-फानन में अर्धनिर्मित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई के नए टर्मिनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 मई 2025 को किया था. अब कुछ महीनों में ही टर्मिनल परिसर में लगी टाइल्स गिरने लगी है.घटना जानकारी के मुताबिक, घटना एराइवल एरिया के पीलर संख्या पांच के पास हुई. पिलर पर लगी टाइल्स जमीन पर गिरने से पहले पास की स्टील रेलिंग और डस्टबीन से टकराई,. घटना के समय एराइवल एरिया में यात्रियों का आना-जाना जारी था, लेकिन संयोग से कोई टाइल्स सीधे किसी यात्री पर नहीं गिरा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित हिस्से को अस्थाई रूप से घेर दिया. एयरपोर्ट डायरेक्टर ने क्या बताया? एयरपोर्ट डायरेक्टर सीपी द्विवेदी ने बताया कि एराइवल सेक्शन में मेंटेनेंस कार्य चल रहा था. इसी दौरान पिलर पर लगी एक टाइल्स जमीन पर गिर गई. मेंटेनेंस करने वाली एजेंसी को पूरे एयरपोर्ट परिसर में लगी फ्लोर और वॉल टाइल्स की एक-एक कर जांच कर खामी पाई जाने वाली टाइल्स को बदलने का निर्देश दिया है. जहां पर टाइल्स गिरी है

# बिहार: सम्राट चौधरी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक शाम 6 बजे होगी अहम चर्चा

**बिहार में सम्राट चौधरी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक विकास के एजेंडे पर रहेगी नजर**



**पटना (एजेंसी)** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट की बैठक होने वाली है. सीएम सम्राट चौधरी इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे. जानकारी के मुताबिक, सीएम सम्राट चौधरी दोपहर 1 बजे के बाद दिल्ली से पटना लौटेंगे. सम्राट सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होगी. यह बैठक मुख्यमंत्री सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में होगी. इसकी अध्यक्षता सीएम सम्राट चौधरी करेंगे. यह बैठक शाम 6 बजे होगी. जानकारी के मुताबिक, सीएम सम्राट चौधरी दोपहर 1 बजे के बाद दिल्ली से पटना लौटेंगे. उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने क्या कहा? आज की होने वाली कैबिनेट की बैठक को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा, नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक का जल्द होना सकारात्मक संकेत है. कैबिनेट बनती है तो बैठक भी होती है, जल्दी हो रही है, यह अच्छी बात है. डिप्टी सीएम विजय चौधरी गयाजी पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया के सामने यह बात कही. मंगलवार को पीएम मोदी से की थी मुलाकात मंगलवार को सीएम सम्राट चौधरी ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी. मुलाकात की तस्वीरों को सीएम सम्राट ने एक्स पर शेयर भी किया था. एक्स पर उन्होंने लिखा था, राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण के विषय पर मार्गदर्शन मिला. प्रधानमंत्री जी का स्नेह और सहयोग बिहार की प्रगति को नई गति प्रदान करेगा. नितिन नवीन से भी की थी मुलाकात इससे पहले मुख्यमंत्री ने इखढ मुख्यालय में नितिन नवीन से भी मुलाकात की. दोनों नेताओं के बीच करीब 5 मिनट तक चर्चा हुई. बातचीत छोटी रही, लेकिन इसके राजनीतिक मायने काफी बड़े माने जा रहे हैं. संभावना जताई जा रही है कि यहां मंत्रिमंडल में नामों की लिस्ट फाइनल हुई होगी. इन तमाम गतिविधियों के बीच अब आज कैबिनेट की बैठक होगी. जनता के बीच लगातार एक्टिव मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी सीधे जनता के बीच नजर आ रहे हैं. वे जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और समाधान का भरोसा दे रहे हैं. उन्होंने साफ कहा है कि बिहार को विकसित राज्य बनाना उनका लक्ष्य है और इसके लिए अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ काम किया जाएगा.

## बिहार में जो युवक झगड़ा छुड़ाने गया उसे ही मौत के घाट उतारा

**पटना (एजेंसी)** बिहार के जमुई जिले में एक झगड़े को खत्म करने पहुंचे युवक को ही मौत के घाट उतार दिया गया. इस घटना के बाद लोगों के बीच गुस्सा है. आक्रोशित लोगों ने बीच सड़क पर जमकर हंगामा किया. साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे. जमुई जिले के रहने वाले निर्मल सिंह (38 साल) की मौत के बाद बुधवार सुबह लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला. आक्रोशित लोगों ने सुबह-सुबह सड़क जाम कर दिया. इस दौरान वे आरोपियों की गिरफ्तारी और मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे. क्या हुई थी पूरी घटना? बताया जाता है कि बीते शनिवार को निमा रंग में रंजय सिंह और उसके भाई गोरे सिंह के बीच विवाद हो रहा था. इसी दौरान निर्मल सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे. इसी दौरान रंजय सिंह और उसके बेटे लाली कुमार ने लोहे की रॉड से निर्मल सिंह के सिर पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे. मौत के बाद गुस्साए लोगों ने किया खूब हंगामा घटना के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया. उनकी गंभीर स्थिति को देखकर सदर अस्पताल के डॉक्टर्स ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया. इसी दौरान बीते मंगलवार की देर रात उनकी मौत हो गई. मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया. आक्रोशित लोगों ने बुधवार सुबह सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. लोगों की मांग है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए. प्रशासन ने दिया आश्वासन बताया जाता है कि मृतक निर्मल सिंह गैस एजेंसी में वाहन चालक के रूप में कार्यरत थे और अपने पीछे तीन छोटी-छोटी बेटियों को छोड़ गए हैं. बड़ी बेटी 8 साल की, जबकि अन्य दो बेटियां 5 और 3 साल की हैं. परिवार के सामने अब भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है. सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने में जुटी हुई है. प्रशासन की ओर से मामले में जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है.

## पुनौरा धाम: भव्य सीता मंदिर के पहले पिलर का निर्माण शुरू, 880 करोड़ से बनेगा टेंपल

**पटना (एजेंसी)** सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां सीता के भव्य मंदिर निर्माण का काम शुरू हो गया है. 880 करोड़ की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट में पहले पिलर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे पूरे इलाके में उत्साह का माहौल है. जानिए पूरा अपडेटङ्ख सीतामढ़ी से एक बड़ी और आस्था से जुड़ी खबर सामने आई है. मां सीता की जन्मस्थली माने जाने वाले पुनौरा धाम में अब भव्य मंदिर निर्माण का काम तेजी पकड़ने लगा है. लंबे इंतजार के बाद इस प्रोजेक्ट का पहला बड़ा कदम उठाया गया है. करीब 880 करोड़ रुपये की लागत से यहां मां सीता का विशाल मंदिर बनाया जाना है, साथ ही पूरे धाम को करीब 67 एकड़ जमीन पर विश्वस्तरीय तरीके से विकसित किया जाएगा. इस मेगा प्रोजेक्ट को अंजाम देने की जिम्मेदारी अहलुवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स को दी गई है, जो राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण से भी जुड़ी रही है. पहले पिलर का काम शुरू बताया जा रहा है कि 14 जनवरी के बाद से निर्माण कार्य की प्रक्रिया को तेज किया गया. पहले चरण में करीब 50 एकड़ जमीन का अधिग्रहण, मापी और सीमांकन पूरा किया गया. इसके साथ ही मजदूरों और स्टाफ के रहने के लिए जरूरी सुविधाएं भी तैयार की गईं. अब मंदिर निर्माण की दिशा में अहम पड़ाव पार करते हुए पहले पिलर का काम शुरू कर दिया गया है. इसे पूरे प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरूआत माना जा रहा है. स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में इसको लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. माना जा रहा है कि आने वाले समय में यह धाम न सिर्फ धार्मिक, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा.

## सम्राट चौधरी के सीएम बनने के बाद पहला एनकाउंटर, पुलिस ने अपराधी दिलीप को मारी गोली



**पटना (एजेंसी)** पटना में मंगलवार की देर रात लूटकांड के अपराधी का एनकाउंटर किया गया. पुलिस ने दिलीप कुमार के पैर में गोली मारी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस पूरे मामले में जानकारी पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने दी. बिहार में लगातार एनकाउंटर जारी है. इस बीच फिर पटना में एक अपराधी का एनकाउंटर किया गया. हाल ही में राजधानी के रामकृष्ण नगर इलाके के एक ज्वेलरी शॉप में 20 लाख की लूट हुई थी. इस लूटकांड में शामिल अपराधी दिलीप कुमार का एनकाउंटर किया गया है. इसकी पुष्टि पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने की. एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने क्या बताया?

एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने एनकाउंटर को लेकर बताया कि रामकृष्ण नगर इलाके में ज्वेलरी शॉप से लूटकांड की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी. जांच के दौरान उदित नाम के एक व्यक्ति का पता चला. उसी ने दिलीप और रोहन के बारे में बताया. इसके बाद पुलिस ने दिलीप और रोहन को पकड़ा. दोनों ने लूटकांड में संलिप्तता स्वीकार की. दिलीप ही वह व्यक्ति था, जिसने दुकानदार के मालिक के साथ मारपीट की थी. आगे एसएसपी ने यह भी बताया कि लूटकांड की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बेउर के कृषि फार्म पहुंचे थे. यहीं पर चोरी के गहनों को बांटा और हथियार भी छिपा दिए थे. दिलीप को लेकर जब पुलिस हथियार बरामद करने के लिए कृषि फार्म के पास पहुंची तो दिलीप ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी. इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की और गोली दिलीप के पैर में लगी. घटनास्थल से क्या-क्या हुआ बरामद? एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि घटनास्थल से जिंदा कारतूस, एक कट्टा, गोली और खोखा भी बरामद किया गया है. गिरफ्तार किए गए अपराधियों से पूछताछ के आधार पर ही अन्य अपराधियों के लिए छापेमारी की जा रही है. क्या हुई थी पूरी घटना? जानकारी के मुताबिक, 19 अप्रैल को एक ज्वेलरी शॉप में मोटरसाइकिल पर सवार करीब पांच से छह अपराधी अचानक घुस आए. अंदर घुसते ही उन्होंने दुकानदार धनंजय कुमार पर पिस्तौल तान दी और उन्हें काबू में कर लिया. जब दुकानदार ने विरोध करने की कोशिश की, तो अपराधियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए. इसके बाद अपराधियों ने उन्हें धमकाकर चुप कराया और दुकान में रखे सोने

## विदेशों में बेचा जा रहा था आपका पर्सनल डेटा, पुलिस ने 4 को दबोचा



**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग टेलीग्राम और एपीआई के जरिए आधार, पैन, मोबाइल और बैंकिंग डेटा विदेशों में बेच रहे थे। मामले की अधिक जानकारी के लिए मुजफ्फरपुर पुलिस ने एक बड़े साइबर नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए आम नागरिकों की निजी जानकारी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया है. पुलिस की इस कार्रवाई से साफ हो गया है कि साइबर अपराधी अब लोगों के मोबाइल नंबर, आधार, पैन और बैंकिंग से जुड़ी जानकारी को निशाना बनाकर विदेशों तक कारोबार फैला चुके हैं. लोगों की पर्सनल जानकारी विदेशों में बेचा एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा की तरफ से दी गयी जानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर अहियापुर थाना क्षेत्र के गरहा ओपी इलाके में कार्रवाई की गई. सूचना मिली थी कि कफेन चौधरी निवासी रिशम कुमार अवैध तरीके से एपीआई बनाकर आम लोगों की निजी जानकारी विदेशों में सक्रिय गिरोहों को बेच रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें बिहार एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई और साइबर थाना की टीम शामिल थी. त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी रिशम कुमार को गिरफ्तार कर लिया. उसकी निशानदेही पर तीन अन्य आरोपियों दीपक चौधरी उर्फ आशु कुमार (गाजीपुर, यूपी), सुधांशु कुमार (दरभंगा) और साहिल कुमार (मुजफ्फरपुर) को भी गिरफ्तार किया गया. सभी आरोपियों के पास से एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है. टेलीग्राम बॉट के माध्यम से होता था कारोबार पुलिस की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी फर्जी सिम कार्ड और टेलीग्राम आईडी के जरिए लोगों की निजी जानकारी जैसे मोबाइल नंबर, आधार, पैन, वाहन और बैंकिंग से जुड़ी डिटेल्स को अवैध रूप से इकट्ठा कर टेलीग्राम बॉट और टूल्स के माध्यम से विदेशी साइबर अपराधियों को बेचते थे

## लहरिया कट बाइक चलाने से मना करने पर बदमाशों ने की फायरिंग और मारपीट



**पटना (एजेंसी)** बिहार के गयाजी जिले में लहरिया कट बाइक चलाने से मना करने पर बदमाशों ने जमकर फायरिंग की. इतना ही नहीं, जिन लोगों ने मना किया उनके साथ मारपीट भी की. इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है. गयाजी में शेरघाटी थाना इलाके के झौर गांव में एक युवक की लापरवाही ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया. लहरिया कट बाइक चलाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प और फायरिंग में बदल गया. घटना में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है. युवक को समझाने पर बढ़ा विवाद बताया जाता है कि एक युवक पिछले कुछ दिनों से बाइक को तेज रफ्तार में गांव की गलियों में लहरिया कट मारकर चला रहा था. इससे ग्रामीणों में आक्रोश था, क्योंकि इससे बच्चों और बुजुर्गों की जान को खतरा बना हुआ था. इसी को लेकर प्रमोद प्रजापति, दीपक कुमार समेत कुछ ग्रामीणों ने युवक को समझाने की कोशिश की. लेकिन युवक गुस्सा हो गया और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया. साथियों के साथ मिलकर 3 राउंड की फायरिंग इसी दौरान युवक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया. कुछ ही देर में तीन बाइक पर सवार करीब 6 बदमाश गांव पहुंच गए और आते ही करीब तीन राउंड हवाई फायरिंग कर दी. पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने बंदूक के बट से हमला कर प्रमोद प्रजापति और दीपक कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए. प्रभारी थानाध्यक्ष ने मामले में क्या कहा? घटना को लेकर मौके से एक खोखा और एक बाइक बरामद होने की सूचना है. घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है. प्रभारी थानाध्यक्ष रूपा कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

## बिहार में तय समय के अंदर ही पूरा होगा सड़कों और पुलों का निर्माण, विभाग ने दिया आदेश

**पटना (एजेंसी)** बिहार में ग्रामीण इलाकों को शहर से जोड़ने के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है. निर्माण कार्य को समय सीमा के अंदर पूरा किए जाने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग पूरा तरह सजग है. साथ ही आदेश भी जारी कर दिया गया है. बिहार के ग्रामीण इलाकों में कई सड़कों और पुलों के निर्माण किए जा रहे हैं. इन परियोजनाओं के निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा करने को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग गंभीर है. इस दिशा में विभाग के चीफ इंजीनियर निर्मल कुमार के निर्देश पर राजधानी पटना के विश्वेश्वरैया भवन में प्रमंडलवार समीक्षा बैठकों का दौर जारी है. जानकारी के मुताबिक, इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य अधूरी योजनाओं की एमआईएस पर अपडेटेड स्थिति की विस्तार से जांच करना और जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं का जल्द निवारण कर निर्माण कार्य में तेजी लाना है. बाधाओं को दूर करने का आदेश 20 अप्रैल को मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और छपरा प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा की गई थी. इन प्रमंडलों की योजनाओं में आ रही जमीनी बाधाओं का जल्द निवारण कर निर्माण कार्य को तेज करने के आवश्यक निर्देश दिए गए हैं. जबकि 21 अप्रैल से सीवान, मुंगेर और भागलपुर प्रमंडल की परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की जा रही है. इसके अलावा आगामी 27 अप्रैल को गया और औरंगाबाद प्रमंडल और 28 अप्रैल को बेतिया और बेगूसराय प्रमंडल के कार्यों की गहन समीक्षा की जाएगी. बैठक में शामिल होने का आदेश जानकारी के मुताबिक, सभी संबंधित असिस्टेंस इंजीनियर्स को पटना के विभागीय मुख्यालय में आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है. साथ ही उन्हें प्रशासनिक स्वीकृति, टेंडर निकालने, कार्य आवंटन आदेश, लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस, अग्रीमेंट, योजनावार एमआईएस प्रगति प्रतिवेदन, जमीन विवाद की स्थिति से संबंधित स्ट्रिप चार्ट सहित टोटल आठ जरूरी डॉक्यूमेंट साथ लाने का निर्देश दिया गया है. साथ ही सभी जूनियर इंजीनियर्स और टेक्निकल सुपरवाइजर को अपने-अपने कार्यस्थलों से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में अनिवार्य रूप से जुड़ने का निर्देश दिया



गया है. ग्रामीण कार्य विभाग तय समय में योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. ग्रामीण आधारभूत संरचना के विकास में समयबद्धता, गुणवत्ता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है.

## बच्चे के अंदर दिखें ये बदलाव तो पेरेंट्स न करें नजरअंदाज, हो सकते हैं एंग्जायटी के लक्षण



अगर बच्चा किसी काम को करने से पहले घबराता है, हथेलियों पर पसीना आए या फिर लोगों से मिलने-जुलने से कतराने लगे। तो पेरेंट्स को अपने बच्चे के इस बदलते व्यवहार के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। कई बार बच्चे एंग्जायटी को लेकर बात करना चाहते हैं, लेकिन माता-पिता उनकी बातों को अनसुना कर देते हैं। ऐसे में अगर समय पर एंग्जायटी के लक्षणों पर ध्यान न दिया जाए और इलाज न किया जाए, तो आगे चलकर इसके गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एंग्जायटी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

बच्चे का गुस्सैल होना - अगर बच्चे में एंग्जायटी की समस्या की समय रहते पहचान न की जाए, तो इसका सीधा असर बच्चे के लिए बिहेवियर पर देखने को मिलता है। बच्चा गुस्सैल हो जाता है किसी भी काम को करने से पहले झुंझलाते या फिर घबराते हैं।

तैयारी के बाद भी एग्जाम में जाने से डरना

एंग्जायटी की समस्या से गुजरने वाले बच्चों के अंदर एग्जाम को लेकर डर बैठ जाता है। अच्छी तैयारी होने के बाद भी उनको लगता है कि वह अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाएंगे। कई बार वह परीक्षा न देने के लिए बहाने ढूंढते हैं या फिर उससे बचने का प्रयास करते हैं। अच्छी तैयारी होने के बाद भी वह खुद पर भरोसा नहीं कर पाते हैं।

घर से बाहर जाने में घबराहट

अगर बच्चा घर से बाहर जाने में कतराता है या किसी पार्टी व रिश्तेदार के यहां जाने से बचता है या फिर कई बार शॉपिंग पर जाने से मना करना। बच्चे का स्कूल जाने की इच्छा नहीं होना और न अपने दोस्तों से मिलना।

भूख और नींद कम होना

बता दें कि एंग्जायटी का असर बच्चे की नींद और भूख पर भी देखने को मिलता है। पहले जिन खेलों या एक्टिविटी में हिस्सा लेने के लिए बच्चा आगे रहता था, अब उसमें वह हिस्सा लेने से पीछे हट जाता है। या फिर डांसिंग, सिंगिंग या ड्राइंग जैसी मनपसंद एक्टिविटी में मन नहीं लगना।

एंग्जायटी के लक्षण

पेट दर्द या सिरदर्द की शिकायत

जी घबराना या उल्टी होना

सांस लेने में तकलीफ

ज्यादा पसीना आना

ऐसे पहचानें पेरेंट्स

पहले जिन कामों को करने में बच्चा दिलचस्पी दिखाता था, अब उन्हीं कामों को वह बोझ समझने लगा है।

बच्चा अगर किसी काम को करने से पहले ही यह कह दे कि वह मुझसे नहीं होगा।

बच्चे का बार-बार बीमार पड़ना और रात में नींद कम आना।

बच्चे का बाहर जाने से मना करना।

किसी से मिलने-जुलने में कंफर्टेबल फील नहीं करना।

काम को न करने के लिए बच्चे द्वारा नए-नए बहाने बनाना।

जानिए क्या करें पेरेंट्स

बच्चे के व्यवहार में बदलाव देखने के बाद पेरेंट्स उनसे ज्यादा से ज्यादा बात करने का प्रयास करें। साथ ही यह भी प्रयास करें कि आखिर बच्चा किस बात को लेकर परेशान हो रहा है। इसलिए बच्चे की बात को बेफिजूल मानकर नहीं टालना चाहिए। बच्चे को ऐसे फील कराएं कि आप उनका साथ हर स्थिति में देंगे। बच्चे के आसपास रहें और उनको कंफर्टेबल फील कराने का प्रयास करें। उनकी डाइट का ध्यान रखें। बच्चे की सेहत पर यदि एंग्जायटी का ज्यादा असर नजर आने लगा है तो किसी अच्छे साइकोलॉजिस्ट या काउंसलर से बात करने में बिल्कुल भी देर नहीं करें।



# केरल के मुनरो आइलैंड की खूबसूरती देखकर झूम उठेंगे आप, प्रकृति प्रेमियों के लिए है जन्नत

**दक्षिण भारत में जब किसी खूबसूरत राज्य में घूमने की बात होती है, तो बहुत सारे लोग केरल का नाम सबसे पहले लेते हैं। केरल दक्षिण भारत का पर्यटन हब माना जाता है। केरल की खूबसूरती हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां पर स्थित लैगून और बैकवॉटर देखने के लिए लोग केरल पहुंचते हैं। जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुनरो द्वीप की खूबसूरती, खासियत और यहां पर मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।**

### मुनरो द्वीप

केरल के कोल्लम जिले में स्थित मुनरो द्वीप एक अद्भुत और अनोखी जगह है। यह कोल्लम शहर के कुछ किमी की दूरी है। इस द्वीप को कई लोग मुंद्रोथुरुथु के नाम से भी जानते हैं।

केरल में अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर यह द्वीप स्थित है। मुनरो द्वीप राजधानी तिरुवनंतपुरम से करीब 90 किमी की दूरी पर है। यह द्वीप एलेप्पी से करीब 87 किमी दूर और कोट्टयम से महज 84 किमी दूर है।

### मुनरो द्वीप का इतिहास

मुनरो द्वीप का इतिहास काफी रोचक है। इस आइलैंड के बारे में बताया जाता है कि इसका नाम पूर्व ब्रिटिश निवासी कर्नल मुनरो के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब कर्नल मुनरो ने देखा कि सिंचाई के लिए आसपास के इलाकों में बहुत समस्या हो रही है, तब इस द्वीप का निर्माण करवाया गया था।

### मुनरो द्वीप की खासियत

केरल के साथ-साथ दक्षिण भारत का भी यह एक ऐसा आइलैंड है, जो नदी और झील के किनारे स्थित है। मुनरो द्वीप अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर स्थित है। जोकि अपने आप में अनोखा है।

इस द्वीप के बारे में कहा जाता है कि यह केरल का छिपा हुआ मोती है, जो करीब 8 द्वीपों से बना हुआ है। यहां पर स्थित बैकवाटर और लैगून पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

### सैलानियों के लिए है खास

मुनरो द्वीप अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है और यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। खासकर जो सैलानी बैकवाटर और लैगून से प्रेम करते हैं, उनके लिए मुनरो द्वीप किसी स्वर्ग से कम नहीं है। वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह खास जगह है।

मुनरो द्वीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस द्वीप की खूबसूरती चरम पर होती है।

### आसपास घूमने की जगहें

मुनरो द्वीप के आसपास कई शानदार और मनमोहक जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर अष्टमुडी झील, वेस्ट एंड ईस्ट कल्लाडा और थेवलक्करा गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### कैसे पहुंचे मुनरो द्वीप

बता दें कि मुनरो द्वीप पहुंचना आसान है। इसके पास में कोल्लम रेलवे स्टेशन है, जोकि यहां से 27 किमी दूर है। वहीं अगर आप हवाई मार्ग से जाना चाहते हैं, तो यहां पर सबसे पास त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट जोकि 80 किमी दूर है। ऐसे में आप एयरपोर्ट से कैब या टैक्सी करके मुनरो द्वीप जा सकते हैं।



## केरल में भी हैं जम्मू-कश्मीर जैसी जगहें, जानें कहां और कैसा है वहां का नजारा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में तनाव का माहौल है. कई लोग अब जम्मू-कश्मीर जाने से डर रहे हैं. ऐसे में इस ठंडे राज्य में गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए जिन लोगों ने पहले से टिकट बुक कर रखे थे, उनमें से ज्यादातर लोग अपनी टिकट कैंसिल करा रहे हैं. इन सभी के दिमाग में एक बात जरूर आ रही होगी कि अगर वो जम्मू-कश्मीर की टिकट कैंसिल करा रहे हैं तो इस गर्मी के मौसम में भारत के किस राज्य में जाना बेहतर रहेगा. ऐसे में आज इस खबर के जरिए जानिए कि गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए भारत में कौन सी जगह सबसे अच्छी रहेगी...

केरल के वायनाड जिले में स्थित कलपेट्टा नामक इलाका बेहद शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर जगह है. यह जगह आपको बेहद पसंद आएगी. प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह हिल स्टेशन पर्यटकों को एक नया अनुभव देता है. आइए अब इस जगह के बारे में पूरी जानकारी जानते हैं.

केरल के बारे में सोचते ही सबसे पहले उनके दिमाग में मुन्नार या थेक्कडी जैसी जगहें आती हैं. दरअसल, ये दोनों ही जगहें लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैं. लेकिन केरल में और भी कई नई और अनोखी जगहें . इनमें से एक है कलपेट्टा. जी हां ! हममें से कई लोगों ने अब तक कलपेट्टा के बारे में नहीं सुना होगा. लेकिन यह एक ऐसी जगह है जो लोगों के दिलों को मोह लेती है. यह ऊंची पहाड़ियों और हरे-भरे जंगलों का एक सुंदर मिश्रण दृश्य प्रस्तुत करता है.

कलपेट्टा केरल के वायनाड जिले में स्थित एक जगह है. यहां चारों तरफ हरे-भरे पेड़ और प्राकृतिक सुंदरता है. यहां जाने वाले हर व्यक्ति के लिए यह एक अच्छा अनुभव होगा. यह बहुत ही शांत वातावरण वाली जगह है. यह समुद्र तल से लगभग 780 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. पश्चिमी घाटों के बीच स्थित इस जगह पर मौसम हमेशा ठंडा रहता है. गर्मियों में भी ठंड कभी कम नहीं होती. यही कारण है कि यह पूरे साल घूमने के लिए एक आदर्श जगह है.

कलपेट्टा के आसपास मेप्पाडी नामक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चाय के बागान हैं. इन हरे-भरे क्षेत्रों के बीच घूमना एक अद्भुत एहसास देता है. हर पर्यटक इनके बीच के रास्तों पर घूमना और फोटो लेना पसंद करता है. कलपेट्टा से 15 किमी दूर एक खूबसूरत झील है. वहां नाव से यात्रा करना और पक्षियों को देखना बहुत आनंददायक है. इसे एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है. यह प्राकृतिक झील समय बिताने के लिए एक शांतिपूर्ण स्थान प्रदान करती है.

यदि आप कहीं ठंडी जगह जाना चाहते हैं, चाहे गर्मी की छुट्टियों में या मानसून के मौसम में, तो कलपेट्टा सबसे अच्छा विकल्प है. यह एक ऐसा हिल स्टेशन है जिसकी प्राकृतिक सुन्दरता के बारे में बहुत से लोगों को जानकारी नहीं है. यदि आप कुछ नया देखना चाहते हैं और यातायात और अराजकता से दूर एक शांत, ठंडी जगह में समय बिताना चाहते हैं, तो आपको निश्चित रूप से कलपेट्टा की यात्रा करनी चाहिए.

# रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे, बदलाव देख रह जाएंगे हैरान

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सूखे आंवला पाउडर और जीरे के पानी के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे बनाएं आंवला पाउडर और जीरे का पानी

आंवला पाउडर - 1 चम्मच सूखा

जीरा पाउडर - 1 चम्मच भुना हुआ

पानी - 1 गिलास गुनगुना

इन सभी चीजों को पानी में मिलाकर उबाल लें और फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

### पाचन तंत्र होगा मजबूत

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

### इम्युनिटी

आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

### वेट लॉस

अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन भूख कम करने के साथ ही शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने में सहायक है।

डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी

आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट इसको पीने से बॉडी डिटॉक्स होता है और शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ता है।

स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। वहीं यह पिगमेंटेशन और मुंहासों को भी दूर करता है। वहीं जीरे का पानी भी बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह बालों का झड़ना कम करने के साथ उनको मजबूत बनाता है।

डायबिटीज होगी कंट्रोल

दरअसल, आंवले में क्रोमियम नामक मिनरल पाया जाता है, जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सहायता करता है। तो वहीं जीरा भी इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर करता है, जिससे डायबिटीज के मरीजों को लाभ मिलता है।



# आईपीएल में आज होगा सीएसके और मुम्बई इंडियंस में मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग के इस 19 वे सत्र में दो पूर्व चैम्पियनों चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुम्बई इंडियंस के बीच गुरुवार को यहां के वानखेड़े स्टेडियम में मुकाबला होगा। इस सत्र में इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य ये मैच जीतना रहेगा। मुम्बई की टीम अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी। ऐसे में उसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में दोनो ही टीमों ने अब तक छह में से केवल दो-दो मुकाबले ही जीते है। मुंबई इंडियंस को तीन मैचों में उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा है हालांकि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछ्ले मैच में तिलक वर्मा के शानदार शतक से उसे जीत मिली थी जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इससे टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। वहीं सीएसके 8वें स्थान पर है। मुम्बई की बल्लेबाजी तिलक के अलाव सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या पर आधारित रहेगी। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा फिट नहीं होने के कारण इस मैच में भी नहीं खेलेंगे जिससे भी टीम को झटका लगा है। टीम की गेंदबाजी भी इसबार प्रभावी नहीं रही है। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी इस बार असफल रहे हैं, इससे भी टीम की चिन्ताएं बढ़ी हैं। वहीं सीएसक की बात करें तो उसकी बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही है हालांकि इस मैच में अनुभवी पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की वापसी की संभावनाओं को लेकर टीम में उत्साह है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के खराब फार्म से टीम की परेशानी बढ़ी है। अब तक उसकी ओर से केवल संजू सैमसान ने दो अर्धशतक लगा पाये हैं। ऐसे में उनसे इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान अंशुल कंबोज के पास रहेगी। कंबोल ने इस सत्र में सबसे अधिक 13 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ऐसे में मुम्बई के बल्लेबाजों को उनसे सावधान रहना होगा। दोनो टीमों के आंकड़ों पर नजर डालें तो इनमें कुल 39 मुकाबले हुए हैं जिसमें से मुम्बई ने 21 मैच जीते हैं, जबकि सीएसके ने 18 जीते हैं। इस प्रकार देखा जाये तो मुकाबला करीबी रहा है। मुम्बई की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल है, ऐसे में यहां बड़े स्कोर बनना तय है।




### टीम इस प्रकार है

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, शिवम दुबे, एमएस धोनी, जेमी ओवरटन, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद।

इम्पैक्ट प्लेयर: गुरजापनीत सिंह

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), दानिश मालेवार, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव,तिलक वर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, मिशेल सेंटनर, कृष भगत, जसप्रीत बुमराह, एएम गजनफर।

इम्पैक्ट प्लेयर: अश्वनी कुमार

# धोनी वापसी के लिए तैयार नजर आ रहे, बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का किया अभ्यास



**मुम्बई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अब गुरुवार को यहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में वापसी कर सकते हैं। इसका संकेत इससे मिलता है कि धोनी ने गत दिवस वानखेड़े स्टेडियम में जमकर विकेटकीपिंग का अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजी की। धोनी के अलावा सरफराज खान और उर्विल पटेल ने भी अभ्यास किया। आयुष म्हात्रे के टूर्नामेंट से बाहर होने के कारण इस मैच में युवा उर्विल को भी अवसर मिल सकता है। धोनी ने अब तक इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेला है। जिससे सीएसके का प्रदर्शन बेहद खराब हुआ है। अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है और उनका नेट रन रेट भी निगेटिव है। ऐसे में अगर धोनी को टीम में जगह मिलती है तो ये टीम के लिए फायदेमंद होगा। धोनी निचले क्रम में छोटी-छोटी पारियां खेलते हैं, तो यह सीएसके के लिए बड़ा फायदमंद होगा कयोंकि इस सत्र में सीएसके की बल्लेबाज काफी कमजोर रही है। .वहीं मुंबई इंडियंस की ओरे इंग्लैंड के विल जैक्स भी टीम में वापसी करेंगे। जैक्स ने निजी कारणों से अब तक के मैच नहीं खेले थे। इस खिलाड़ी के आने से मुंबई इंडियंस को लाभ होगा। इस मैच में अगर रोहित शर्मा नहीं खेलते हैं, तो जैक्स को क्विंटन डिकॉक के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है।

# अब तक खेलने का अवसर नहीं मिलने से निराश नहीं हैं होल्डर



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम में शामिल वेस्टइंडीज के अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने कहा है कि अब तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलने से निराश नहीं हैं। होल्डर ने कहा है कि वह अपनी ओर से पूरी तरह तैयार हैं और जो भी अवसर मिलेगा उसमें बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। होल्डर के अनुसार उनका मुख्य काम केवल अपने को तैयार रखना है। अंतिम ग्यारह में किसे अवसर मिलता है ये उसका काम नहीं है।

वहीं होल्डर को अब तक अवसर नहीं मिलने से सभी हैरान हैं। इस सत्र में वह अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाये हैं। इस क्रिकेटर ने कहा , कब खेलना है, कौन खेलेगा इन बातों में वह नहीं पड़ते। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम की जरूरतें उनके लिए सबसे ऊपर हैं और वह किसी भी भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चाहे वह बल्लेबाजी क्रम में कोई भी स्थान हो या गेंदबाजी में , होल्डर का कहना है कि अब उनका ध्यान हालातों के अनुसार अपेन को ढालने पर है। टीम जहाँ भी उन्हें इस्तेमाल करेगी, वही उनके लिए सही भूमिका होगी।

टाइटंस ने अब तक के मैचों में अन्य विदेशी खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है पर इस ऑलराउंडर को अवसर नहीं दिया है। हाल ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के बाद टीम संयोजन में बदलाव की संभावना प्रबल हो गई है, जिससे होल्डर जैसे खिलाड़ियों को मौका मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। होल्डर ने बताया, हारना हमेशा कठिनहोता है, लेकिन हमने ड्रेसिंग रूम में बैठकर सुधार के रास्तों पर चर्चा की है। उन्होंने टीम के साथियों में भरोसा जताते हुए कहा कि वे अगले मैचों में निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और उनका पूरा ध्यान अब मजबूत वापसी पर केंद्रित है।

# खतरनाक पिच के कारण रद्द हुआ मैच, सील्स नहीं बना पाये रिकार्ड

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज में पारी प्रथम श्रेणी क्रिकेट लीग में त्रिनिदाद एंड टोबैगो के युवा तेज गेंदबाज जेडन सील्स के पास 10 विकेट लेने का अवसर था पर वह ये उपलब्धि हासिल नहीं कर पाये। सील्स लीवार्ड आइलैंड की पूरी टीम को अकेले ऑलआउट करने जा रहे थे पर इस मैच को बीच में ही रोकने के बाद रद्द कर दिया गया। इससे सील्स एक ऐतिहासिक रिकार्ड बनाने से रह गया। मैच रद्द होने का कारण पिच का खतरनाक और अप्रत्याशित व्यवहार था, जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

यह वाकया लीवार्ड आइलैंड और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के बीच खेला जा रहा था। इसमें लीवार्ड आइलैंड ने अपनी पहली पारी में 131 रन बनाए थे, जिसके जवाब में त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने 175 रन बनाकर बढ़त हासिल की। जब लीवार्ड आइलैंड दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी, तो पिच काफी अजीब व्यवहार कर रही थी। गेंद कभी बेहद नीची रहती, तो कभी असामान्य उछाल लेती, जिससे बल्लेबाजों के लिए खेलना बेहद कठिन हो गया था। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पेसर जेडन सील्स ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले सील्स ने दूसरी पारी में अपनी रफ्तार और सटीकता से विरोधी टीम के शुरुआती सात बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया था। वे अकेले ही पूरी पूरी टीम



को आउट करने की ओर बढ़ रहे थे तभी खेल को अचानक रोक दिया गया।

मैच के बीच में रुकने का तात्कालिक कारण एक शॉर्ट पिच गेंद थी, जो लीवार्ड आइलैंड के बल्लेबाज जेरेमिया लुईस के हेलमेट पर जा लगी। गेंद की अप्रत्याशित उछाल ने लुईस को गंभीर रूप से हैरान किया। उन्होंने हेलमेट उतारा और मैदान पर ही गिर गए। इसके बाद उन्होंने निराशा में अपने हेलमेट को पैर से भी मारा, जो पिच की खतरनाक प्रकृति को स्पष्ट रूप से दिखाता था। इससे पहले भी पूरे दिन पिच पर असामान्य उछाल देखने को मिल रहा था, जिसे क्रिकेट में खतरनाक पिच की श्रेणी में रखा गया। ऐसी पिच पर खिलाड़ियों के गंभीर रूप से चोटिल होने का खतरा बहुत अधिक होता है। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मैच के तीसरे दिन ही खेल को रोकने के बाद रद्द कर दिया गया। इस फैसले से सील्स फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पूरी टीम के दस विकेट लेने का रिकार्ड अपने नाम नहीं कर पाये।

# भारतीय मूल के यूएई के क्रिकेटर यशराज ने डेब्यू मैच में किया प्रभावित

नई दिल्ली ।आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे भारतीय मूल के यूएई के क्रिकेटर यश राज पुंजा ने पहले ही मैच में अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है।यश राज को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था। यश राज ने अपने डेब्यू मैच में कोलकाता नाइटराइडराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ उन्होंने चार ओवरों में एक विकेट लिया।यश राज के भाई योधिन ने भी यूएई की ओर से सबसे कम उम्र में जूनियर स्तर पर खेला है पर उसे चोटिल होने के कारण खेल छोड़ना पड़ा था।ऐसे में यश के माता-पिता नहीं चाहते थे कि वह क्रिकेट खेलें पर अपनी जिद से यश ने आईपीएल तक का सफर तय किया है। यश ने अबु धाबी में क्रिकेट खेलने की शुरुआत की थी।वह पहले तेज गेंदबाज थे पर बाद में भाई की सलाह के बाद लेग-स्पिनर बन गये।इससे उन्हें काफी फायदा हुआ।उनकी गेंदों में उछाल ओर विविधता है जिसका सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए परेशानी भरा है।यश साल 2023 में क्रिकेट में कैरियर बनाने भारत आ गये।इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित राहुल द्रविड़ एकेडमी में प्रवेश ले लिया।दो साल के बाद ही साल 2025 में हुए महाराजा टी-20 ट्रॉफी में इस क्रिकेटर ने 10 मैच में 7.45 की इकॉनमी रेट से 23 विकेट लिए और दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये।इसके बाद यश राज को नेट गेंदबाज के तौर पर आईपीएल में अवसर मिल गया।.जिस प्रकार से ये खिलाड़ी निखर रहा है उससे भविष्य में इसके स्टार खिलाड़ी के तौर पर उभरने की संभावना है।



# कप्तान के तौर पर धोनी और रोहित को टक्कर देते नजर आ रहे श्रेयस



मुम्बई ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कप्तानी के आंकड़ों की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके ) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का रिकार्ड सबसे बेहतर माना जाता है।इन दोनों दिग्गजों ने अपनी-अपनी टीमों को पांच-पांच बार खिताब जिताया है।वहीं अब पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इन दोनो ही दिग्गजों को टक्कर देते हुए नजर आ रहे हैं। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जबकि पिछ्ली बार उनकी कप्तानी में पंजाब उपविजेता रही थी।हाल के आंकड़ों को देखें तो अय्यर कप्तानी के मामले में तेजी से आगे आये है।उन्होंने अब तक कुल 93 आईपीएल मैचों में कप्तानी की है, जिसमें उनकी टीम ने 55 मुकाबलों में जीत हासिल की है, जबकि उसे केवल 35 में ही हार मिली है।इस प्रकार उनका जीत का प्रतिशत 59.13 है, जो उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों की सूची में शीर्ष स्तर पर पहुंचा रहा है।उन्होंने केकेआर और पंजाब के अलावा दिल्ली कैपिल्स की भी कप्तानी की है। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस को चैम्पियन बनाया पर जीत के प्रतिशत के मामले में श्रेयस इन दोनो के करीब पहुंच गये हैं।धोनी और रोहित ने जहां कई साल तक कप्तानी वहीं अय्यर कम समय में ही तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।श्रेयस एक एक परिपक्व कप्तान नजर आते है।जिस प्रकार उन्होंने साल 2024 में केकेआर की युवा टीम को एकजुट कर विजेता बनाया था उससे पता चलता है कि वह रणनीत बनाने में भी माहिर हैं।जिस प्रकार से वह आगे बढ़ रहे है उससे तय है कि आने वाले समय में वह काफी आगे निकल जाएंगे।

# ला लीगा फुटबॉल में रियल मैड्रिड, बेटिस और एथलेटिक ने अपने-अपने मुकाबले जीते

**मैड्रिड (एजेंसी)।** यहां जारी स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड, रियल बेटिस और एथलेटिक क्लब ने जीत के साथ ही खिताबी मुकाबले के लिए अपने-अपने कदम बढ़ाये हैं। रियल मैड्रिड ने जहां अलावेस को 2-1 से हराकर, वहीं रियल बेटिस ने गिरोना को 3-2 से और एथलेटिक क्लब ने ओसासुना को 1-0 से हराया। अब रियल मैड्रिड ओर नंबर पर चल रही बार्सिलोना के बीच अंतर कम होकर 6 अंक ही रह गया है। इससे खिताबी दौड़ और कड़े होने के संकेत मिले हैं। अब बार्सिलोना का सामना सेल्टा विगो से होगा और एटलेटिको मैड्रिड एल्चे का सामना करेगा।

मैड्रिड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। खेल के 29वें मिनट में ही स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने एक गोल दागकर टी को 1-0 से बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में भी मैड्रिड हावी रही और विनिसियस जूनियर ने एक गोल कर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। अलावेस के लिए टोनी मार्टिनेज ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया पर तब तक काफी देर हो गयी थी।



वहीं एक अन्य मुकाबले में, रियल बेटिस ने गिरोना को 3-2 से हराकर सात मैचों के बी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में शुरुआती गोल गिरोना के विक्टर त्सिगांकोव ने किया पर बेटिस की ओर से मार्क रोका और अब्दे एजालजौली ने गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इस जीत से बेटिस की लीग में स्थिति मजबूत हुई है।

एक अन्य मैच में एथलेटिक क्लब ने भी ओसासुना के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। इस जीत उसे उसपर लटक रहा रेलीगेशन का खतरा टल गया। इससे टीम ने तालिका में अपनी स्थिति को और बेहतर की है। टीम के लिए एकमात्र और निर्णायक गोल गोर्का गुरुजेटा ने किया। वहीं, टीम के गोलकीपर उनाई साइमन ने शानदार बचाव करते हुए टीम की जीत पक्की की। की, जिसने मैच का रुख बदलने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर, मैलोर्का और वालेंसिया के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।।

# तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतकीय पारी का राज खोला, रोहित शर्मा को दिया श्रेय



मुंबई ।तिलक वर्मा ने IPL में शतक लगाकर अपनी फॉर्म में लौटने में मदद के लिए रोहित शर्मा को धन्यवाद दिया जिन्होंने मैच की स्थिति के बारे में ज्यादा सोचे बिना पहली 15-20 गेंदें खेलने के लिए कहा था।तिलक ने 101 रन बनाकर मुंबई इंडियंस को 99 रनों की बड़ी जीत दिलाई जिससे मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार चार मैच हारने का सिलसिला तोड़ दिया।तिलक का 45 गेंदों पर बनाया गया नाबाद शतक, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे, एक धीमी शुरुआत के बाद आया जो एक समय 22 गेंदों पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। तिलक ने कहा, 'मैं खास तौर पर रोहित भाई से बात कर रहा था।उन्होंने मुझसे कहा, '15-20 गेंदें खेलो' और 'तुम जानते हो कि तुम क्या कर सकते हो।(रोहित ने कहा) अगर तुम 15 गेंदें खेल लेते हो, तो हर कोई जानता है कि उसके बाद तुम क्या करोगे।बस स्थिति या किसी और चीज पर ध्यान मत दो, 15 गेंदें खेलो और हम देखेंगे कि नतीजा क्या होता है।इससे मुझे आत्मविश्वास मिला और मैंने अपने मन में ठान लिया कि मैं 15 गेंदें खेलूंगा और उसके बाद बाकी चीजें देखूंगा।जब मैंने वे 15 गेंदें खेल लीं, तो अपने आप ही वह सहज-ज्ञान आ गया कि अब मुझे मारना है।' तिलक ने कहा कि IPL की खराब शुरुआत के बाद उन्होंने खुद पर कोई दबाव नहीं लिया जिसमें इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 20, 0, 14, 1 और 8 रन बनाए थे।तिलक ने कहा, '(कुछ मैचों में) मुझे विकेट पर ज्यादा समय नहीं मिला और मुझे शुरू से ही तेजी से खेलना पड़ा।कभी-कभी यह मेरे पक्ष में जाता है और कभी-कभी मैं आउट हो जाता हूं, इसलिए मैंने खुद पर ज्यादा (दबाव) नहीं लिया कि मैं अच्छी फॉर्म में नहीं हूं।'

# डिविलियर्स ने किया था ताजमहल के सामने प्रपोज



जोहांसबर्ग ।दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी एबी डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट जगत में छाये रहे हैं।मैदान पर चारों ओर शॉट खेलने के कारण वह मिस्टर 360 के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं।डिविलियर्स ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ये कहते हुए संन्यास ले लिया था कि उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताना है।उन्होंने अपने 14 साल के शानदार करियर में सबसे तेज शतक सहित कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। खेल के साथ ही मैदान के बाहर भी अपने अफेयर ओर शादी के लिए वह चर्चाओं में रहे हैं।इस दौरान भारत से भी उनका जुड़ाव इस कारण रहा कि उन्होंने शादी के लिए आगरा के ताजमहल के सामने प्रपोज किया था1 डिविलियर्स की पत्नी डेनियल डिविलियर्स भी एक सफल उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता रही हैं।वह प्रिटोरिया में एक इंडोर प्लेग्राउंड और कैफे चलाती हैं।डेनियल अक्सर चैरिटी के कामों में सक्रिय रहती हैं; आईपीएल 2016 के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से शेन वॉटसन के साथ एक गाना भी गाया था, जिससे पता चलता है कि वह सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाती हैं।डिविलियर्स और डेनियल का अफेयर साल 2007 में हुई, जब डिविलियर्स डेनियल के माता-पिता के होटल में दोपहर के भोजन के लिए गए थे।यहीं पहली बार डिविलियर्स ने डेनियल को देखा और प्रभावित हो गये। कुछ साल बाद, डिविलियर्स के भाई की शादी में दोनों की फिर मुलाकात हुई।इस बार डेनियल की सुरीली आवाज से डिविलियर्स मुग्ध हो गये।इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी और धीरे-धीरे प्यार हुआ।पांच साल तक डेटिंग के बाद इस क्रिकेटर ने डेनियल को प्रपोज कर दिया।डिविलियर्स ने साल 2012 में भारत दौरे के समय आगरा के ताजमहल के सामने घुटनों पर बैठकर डेनियल को शादी के लिए प्रपोज किया था।इस यादगार प्रस्ताव के ठीक एक साल बाद, 30 मार्च 2013 को, दोनों ने उसी होटल में शादी की, जहां उनकी पहली मुलाकात हुई थी।आज इन दोनो के तीन बच्चे अब्राहम डिविलियर्स, जॉन रिचर्ड डिविलियर्स और बेटी येंटे डिविलियर्स हैं।ये जोड़ सुखी जीवन जीत रहा है।

# एकादश से बाहर बैठने का आदी नहीं लेकिन टीम माहौल के मुताबिक ढलना मेरी जिम्मेदारी : वेंकटेश

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। IPL 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश IPL 2026 से पहले RCB से जुड़े, लेकिन अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

वेंकटेश ने यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, लेकिन यह एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं।' वेंकटेश इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि आरसीबी उस संयोजन में बदलाव करने से हिचकेगी जिसने एक साल पहले उन्हें उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया था। उन्होंने कहा, 'हम गत चैंपियन हैं। खिताब दिलाने वाले संयोजन में बदलाव करना मुश्किल होता है। यह समझदारी भरा कदम नहीं होता। ऐसे में टीम से जुडे नये खिलाड़ी के तौर पर मेरा कर्तव्य है यह समझना कि मैं किस भूमिका में योगदान दे सकता हूं। इसका श्रेय मो (बोबाट), एंडी (फ्लावर) और डीके (दिनेश कार्तिक) को जाता है।'

उन्होंने कहा, 'उन्होंने टीम में मेरी भूमिका को लेकर बातचीत में शानदार स्पष्टता दी है। ईमानदारी से कहूं तो बाहर बैठना मुश्किल है। यह ऐसी चीज है जिसके लिए आप तैयारी नहीं कर सकते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं हूं। यह 'अगर' नहीं बल्कि 'कब' का सवाल है।' RCB ने IPL 2025 से पहले हुई नीलामी में 31 वर्षीय वेंकटेश को सात करोड़ रुपए में खरीदा था, जो इससे पहले चयक्रसे मिले 23.75 करोड़ रुपए की तुलना में काफी कम है। उनकी कीमत में आई गिरावट की तरह उनके लिए ऋष्टक्रमें खेलने के मौके भी कम हुए हैं, लेकिन वेंकटेश का मानना है कि इससे उनकी प्रेरणा पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, 'यह आसान नहीं है, लेकिन प्रेरित रहना बेहद जरूरी है क्योंकि आप आसानी से हताश हो सकते हैं और अपनी कार्यशैली को पीछे छोड़ सकते हैं। इसलिए मैं अपने मन को इस तरह तैयार करता हूं कि मैं हर मैच खेलने वाला हूं। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के साथ कुछ भी हो सकता है।'



# इटालियन ओपन में भी नहीं खेलेंगे ड्रेपर , फैंच ओपन से कर सकते हैं वापसी

लंदन।इंग्लैंड के टेनिस स्टार जैक ड्रेपर चोटिल हो गये हैं।इस कारण वह इटली की राजधानी रोम में इसी माह के अंत में शुरु होने वाले इटालियन ओपन में भी नहीं खेलेंगे।ड्रेपर के घुटने में चोट लगी है।इसी कारण वह मैड्रिड ओपन से भी बाहर हैं।ड्रेपर के नहीं खेलने से उनके प्रशंसकों को निराशा हुई है।ड्रेपर कुछ समय पहले ही हड्डी में चोट से उबरे थे ।उस चोट के कारण वही व विंबलडन से भी बाहर रहे थे।अब मैड्रिड के बाद रोम से उनके नाम वापस लेने से उनकी फिटनेस को लेकर चिन्ता जतायी जा रही है हालांकि ये भी कहा जा रहा है कि वह 18 मई से शुरु हो रहे फैच ओपन में खेल सकते हैं।घुटने की समस्या से वह पहले भी परेशान रहे है।इसी के कारण वह मोंटे कार्लो मास्टर्स में भी नहीं खेल पाये थे। इसके अलावा बार्सिलोना में भी क्ले कोर्ट मैच के बीच में ही उन्हें हटना पड़ा था।इससे साफ है कि घुटने की चोट उनके लिए बड़ी परेशानी बन रही है।ड्रेपर ने रोम ओपन से बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा, मेरे घुटने की नस में चोट बढ़ जाने के कारण मैं रोम में नहीं खेल पाऊंगा।साथ ही कहा कि मैं इस बार से राहत का अनुभव कर रहा हूं कि मुझे कोई बहुत गंभीर चोट नहीं है और तेजी से सुधार हो रहा है। ऐसे में मुझे उम्मीद है कि मैं फ्रेंच ओपन तक ठीक हो जाउंगा।जिससे मेरा वापसी का इरादा है।



## चरोतर में भूकंप के झटके से दहशत, आणंद समेत कई इलाकों में लोग घरों से बाहर निकले

आणंद(एजेंसी)। गुजरात में पिछले कुछ समय से भू-स्तरीय हलचलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसी बीच आज आणंद जिले के चरोतर में आए भूकंप के झटकों ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया। शाम के समय आणंद और आसपास के क्षेत्रों में धरती हिलने से लोग घबरा गए। सावधानी के तौर पर कई लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकलकर खुले मैदानों में एकत्र हो गए। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान की सूचना सामने नहीं आई है, लेकिन लोगों में डर का माहौल अभी भी बना हुआ है। गांधीनगर स्थित सिस्मोलॉजी रिसर्च सेंटर (आईएसआर) के अनुसार, आज शाम 4:35 बजे आणंद और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके दर्ज किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र आणंद से लगभग 36 किलोमीटर दूर बताया गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में गुजरात में आए हल्के भूकंप के झटकों ने स्थानीय लोगों में चिंता और घबराहट बढ़ा दी है। राहत की बात यह है कि इस बार भी झटका हल्का होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि अचानक आए इन झटकों से लोगों में कुछ समय के लिए भय का माहौल जरूर बना रहा।

## ऑनलाइन गेम से शुरू हुआ प्यार, शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केरल से आरोपी गिरफ्तार

सूरत (एजेंसी)। शहर के पुना क्षेत्र की एक युवती ऑनलाइन गेम फ्री फायर और पबजी खेलने की शौकीन थी। गेम खेलने के दौरान उसकी पहचान केरल निवासी हिशाम मुनीर नामक युवक से हुई। खेल के दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया। प्रेम संबंध बनने के बाद युवती केरल में पीजी में रहने चली गई। इस दौरान आरोपी हिशाम मुनीर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। लगातार शोषण के कारण युवती गर्भवती हो गई। जब युवती ने गर्भवती होने और शादी करने की बात कही, तब आरोपी ने अपना असली चेहरा दिखाते हुए उसे बेसहारा हालत में छोड़ दिया और फरार हो गया। अपने साथ हुए विश्वासघात और अन्याय के खिलाफ युवती सूरत लौट आई और पुना पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। युवती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केरल निवासी आरोपी हिशाम मुनीर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ऑनलाइन गेम से शुरू हुआ प्यार, शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केरल से आरोपी गिरफ्तार

सूरत (एजेंसी)। शहर के पुना क्षेत्र की एक युवती ऑनलाइन गेम फ्री फायर और पबजी खेलने की शौकीन थी। गेम खेलने के दौरान उसकी पहचान केरल निवासी हिशाम मुनीर नामक युवक से हुई। खेल के दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिलाया। प्रेम संबंध बनने के बाद युवती केरल में पीजी में रहने चली गई। इस दौरान आरोपी हिशाम मुनीर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। लगातार शोषण के कारण युवती गर्भवती हो गई। जब युवती ने गर्भवती होने और शादी करने की बात कही, तब आरोपी ने अपना असली चेहरा दिखाते हुए उसे बेसहारा हालत में छोड़ दिया और फरार हो गया। अपने साथ हुए विश्वासघात और अन्याय के खिलाफ युवती सूरत लौट आई और पुना पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। युवती की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केरल निवासी आरोपी हिशाम मुनीर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लेंसकार्ट विवाद पर धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईवियर कंपनी लेंसकार्ट के ड्रेस कोड को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू संगठनों से जुड़े लोग 4 दिनों से कई शहरों के लेंसकार्ट स्टोर में जाकर कर्मचारियों को तिलक लगाकर कलावा बांध रहे हैं। इस बीच बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है? तेरो कक्का का भारत है क्या? हां! हमारे बाप का भारत है।' बीते सप्ताह सोशल मीडिया पर कंपनी का एक पॉलिसी डॉक्यूमेंट वायरल हुआ था। इसमें कर्मचारियों को बिंदी, तिलक, कलावा और बुर्का पहनने पर रोक की बात थी। हिजाब और पगड़ी को कुछ शर्तों के साथ अनुमति थी। सामाजिक कार्यकर्ता शेफाली वैद्य ने लेंसकार्ट का ड्रेस कोड को लेकर डाक्यूमेंट शेयर किया। उन्होंने कंपनी के फाउंडर से पूछा कि पीयूष बंसल, क्या आप स्पष्ट कर सकते हैं कि लेंसकार्ट में हिजाब ठीक है लेकिन बिंदी और कलावा क्यों नहीं? इसके बाद लोगों ने लेंसकार्ट को ट्रोल कर कंपनी की नीति पर सवाल उठाए। इसके बाद कंपनी के फाउंडर पीयूष बंसल ने 15 अप्रैल को बताया कि वायरल डॉक्यूमेंट पुराना है। यह कंपनी की मौजूदा गाइडलाइन नहीं दिखाता है। कंपनी सभी धर्मों का सम्मान करती है। देश में हमारे हजारों टीम मेंबर्स हैं, जो हर दिन अपने विश्वास और संस्कृति को गर्व के साथ अपनाते हैं।

## कर्नाटक में होमस्टे में अमेरिकी महिला के साथ रेप, दो आरोपी गिरफ्तार

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के कोडागु जिले के कुट्टा गांव स्थित होमस्टे में अमेरिकी महिला के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि घटना करीब एक हफ्ते पहले हुई थी। पुलिस के अनुसार, होमस्टे में काम करने वाले एक स्टाफ को मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी झारखंड निवासी है। पुलिस ने होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और फिर रेप किया। जब पीड़ित महिला ने होमस्टे मालिक से शिकायत की, तब मालिक ने मामला दबाने की कोशिश की। होमस्टे मालिक ने तीन दिनों तक वाई-फाई सेवा बंद कर दी, जिससे वह किसी से संपर्क नहीं कर सकी। बाद में इंटरनेट सेवा मिलने पर वह मैसूर जाने के बहाने वहां से निकली।

# महिला आरक्षण के मुद्दे पर मायावती ने किया साफ... कार्यकर्ता किसी भी भ्रम से बचें



लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रुख एक बार फिर स्पष्ट कर कार्यकर्ताओं को किसी भी प्रकार के भ्रम से बचने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 2026 को पार्टी द्वारा जो आधिकारिक स्टैंड तय किया गया था, वहीं अब भी लागू है और उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने संगठन को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया।

मायावती ने पोस्ट के जरिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे पार्टी की नीतियों और दिशा-निर्देशों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पालन करें। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्यों के सिलसिले में दिल्ली जा रही हैं और जल्द ही वापस लौटेंगी, लेकिन इस दौरान संगठनात्मक कार्यों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से 31 मार्च 2026 को लखनऊ में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक का जिक्र कर कहा कि उसमें संगठन को मजबूत करने, कैडर के जरिए जनाधार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के जो निर्देश दिए गए थे, उन पर लगातार काम किया जाना चाहिए। इसके अलावा 22 फरवरी को आयोजित ऑल-इंडिया स्तर की बैठक में दिए गए निर्देशों को भी समयबद्ध तरीके से लागू करने पर जोर दिया। मायावती ने कहा कि वे जनता के बीच जाकर बीएसपी सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में बने कई एक्सप्रेस-वे और नोएडा में विकसित हो रहे जेवर एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं की रूपरेखा बीएसपी सरकार के दौरान ही तैयार की गई थी। उनका आरोप था कि तब केंद्र में रही कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण इन योजनाओं को पूरा होने में बाधाएं आईं। उन्होंने 'कानून द्वारा कानून का राज' और 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की विचारधारा पर कहा कि उत्तर प्रदेश के समग्र विकास, बेहतर कानून व्यवस्था और सभी वर्गों की उन्नति के लिए बीएसपी का शासन मॉडल ही सबसे उपयुक्त है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन मुद्दों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर मायावती ने साफ कहा कि पार्टी इसका समर्थन करती है, लेकिन इस कानून को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए सामाजिक संतुलन बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि यदि महिला आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित नहीं किया गया, तब समाज के वंचित वर्गों को इसका पूरा लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण तभी सार्थक होगा जब सभी वर्गों की महिलाओं को समान अवसर और प्रतिनिधित्व मिले। महिलाओं की आबादी के अनुपात को ध्यान में रखते हुए उन्हें पर्याप्त हिस्सेदारी मिलनी चाहिए और कमजोर वर्गों की महिलाओं के हितों की विशेष सुरक्षा भी जरूरी है।

## यासीन मलिक को मौत की सजा देने की एनआईए की मांग वाली याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली (एजेंसी)। कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मौत की सजा देने की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली है। अब मामले में 21 जुलाई को सुनवाई होगी। दिल्ली हाईकोर्ट में मलिक की ओर से दाखिल जवाब पर एनआईए ने भी अपना जवाब दाखिल किया। साथ ही कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में चल रहे सबरीमाला मामले में व्यस्त हैं, इसकारण सुनवाई टाल दी जाए। दिल्ली हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 21 जुलाई तय कर एनआईए के जवाब की कॉपी यासीन मलिक को देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि कि पूरा मामला 2017 के टेरर फंडिंग केस से जुड़ा है, इसमें मलिक पर हवाला, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से फंडिंग और जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के आरोप हैं। मलिक को पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 24 मई 2022 को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद एनआईए ने 2023 में फैसले को चुनौती दी थी। एनआईए ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मलिक को मौत की सजा देने की मांग की है। एनआईए का दावा है कि मलिक ने 1990 के दशक में कई हत्याओं और अपहरणों में भूमिका निभाई, जिसमें वायुसेना के चार अधिकारियों की हत्या भी शामिल है। जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का हवाला देकर कहा कि इसतरह के मामले रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी में आते हैं और मलिक को मौत की सजा मिलनी चाहिए। वहीं, अलगाववादी नेता मलिक ने दिल्ली हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि 1990 के बाद से केंद्र में सत्ता में रही छह सरकारों ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए मुझसे बात की थी। इसमें वी.पी. सिंह, चंद्रशेखर, पी.वी. नरसिम्हा राव, एच.डी. देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकारें शामिल हैं।

## देश में बढ़ रहा तापमान, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में लू का अलर्ट जारी

### -जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और लद्दाख में बारिश या बर्फबारी और चल सकती हैं तेज हवाएं



नई दिल्ली (एजेंसी)। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में लू चलने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और दक्षिण भारत के कई इलाकों में गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र, कोंकण, गोवा, गुजरात और केरल में भी चिपचिपाने वाली गर्मी पड़ेगी। कुछ जगहों पर रात में भी गर्मी बनी रहने के आसार हैं, जिससे लोगों को राहत कम मिलेगी।

मौसम विभाग का कहना है कि इस बार सामान्य से ज्यादा दिन लू चल सकती है। खासतौर पर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, पूर्वी तट और पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा सकता है। गर्मी से बचाव के लिए विभाग लगातार अलर्ट जारी कर रहा है। खासकर बाहर काम करने वाले लोगों जैसे रेहड़ी-पटरी वाले और खेतों में काम करने वाले मजदूरों को मोबाइल और अन्य माध्यमों से जानकारी दी जा रही है, ताकि वे सावधानी बरत सकें। जहां एक तरफ गर्मी बढ़ रही है, वहीं देश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के संकेत भी हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बारिश या बर्फबारी के साथ गरज-चमक और तेज हवाएं चल सकती हैं। पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर में भी आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है।

दिल्ली में आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है, जिससे हीटवेव जैसे हालात बनेंगे। इस दौरान तापमान सामान्य से ऊपर या काफी ज्यादा रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप में कम निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# मई में नॉर्वे, नीदरलैंड और इटली यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी, शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

### दौरे का उद्देश्य यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना

नई दिल्ली(एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी मई के मध्य में यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यूरोपीय संघ के साथ व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना और महाद्वीप के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी को नई दिशा देना है। इस यात्रा में पीएम मोदी कई विदेश दौरे करेंगे। वे नॉर्वे, नीदरलैंड और इटली भी जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी की यात्रा का एक प्रमुख पड़ाव नॉर्वे की राजधानी ओस्लो होगा, जहां वे तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के नेता भी शामिल होंगे। इससे पहले यह सम्मेलन 2018 में स्टॉकहोम और 2022 में कोपेनहेगन में हो चुका है। नॉर्वे यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ का एक अहम सदस्य है। अक्टूबर 2025 में लागू हुए भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते के बाद इस दौरे की अहमियत काफी बढ़ गई है।

इस समझौते के तहत ईएफटीए देशों ने अगले 15 सालों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है, जिससे देश में करीब 10 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। साथ ही इससे कपड़ा, चमड़ा और खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में भारतीय निर्यातकों के लिए नए बाजार खुलेंगे। ओस्लो में होने वाली द्विपक्षीय वार्ताओं में हरित ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, ब्लू इकॉनमी, इनोवेशन, डिजिटलीकरण और आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग पर विस्तार से चर्चा होगी।

ओस्लो के बाद पीएम मोदी नीदरलैंड जाएंगे। यहां उनकी पिछली यात्रा 2017 में हुई थी। द हेग जल प्रबंधन, कृषि, तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों में भारत का एक प्रमुख भागीदार रहा है। पिछले साल कुछ कारणों से टल गए कार्यक्रमों और बैठकों की तारीखों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया जा सके। पीएम मोदी के कार्यक्रम में इटली भी शामिल है। यह उनकी इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। हालांकि वे 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन और 2024 में जी7 आउटरीच के लिए रोम जा चुके हैं। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ उनकी चर्चा का मुख्य केंद्र रक्षा, ऊर्जा और निवेश से जुड़े मुद्दे होंगे। इस बात की भी संभावना है कि पीएम मोदी वेटिकन सिटी का दौरा करें और ईसाई धर्मगुरु पोप से मुलाकात कर सकते हैं।

इस दौरे से एफटीए को तेजी से लागू करने, सप्लाई चेन को विविधतापूर्ण बनाने और स्वच्छ तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। यूरोप के साथ इस सघन कूटनीति के क्रम में,



पीएम मोदी जून के महीने में फ्रांस भी जाएंगे, जहां वे जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत को 2019 से लगातार इस प्रभावशाली समूह के आउटरीच कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता रहा है, जो वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है।

## राष्ट्रीय धूल निवारण समिति की 23वीं बैठक में खनन क्षेत्रों में धूल नियंत्रण पर जोर

कोलकाता : राष्ट्रीय धूल निवारण समिति की 23वीं बैठक कोल इंडिया के कोलकाता स्थित कॉर्पोरेट मुख्यालय में निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए श्री घटक ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह बैठक चुनौतियों की पहचान करने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने खनन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों और श्रमिकों पर धूल के प्रभाव को कम करने के लिए कोल इंडिया द्वारा उठाए गए कई कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर डीजीएमएस के निदेशक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) सुरजीत कटेवा, ट्रेड यूनियनों और सीएमओएआई के प्रतिनिधि, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी; और अन्य खनन कंपनियों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# चार धामों में व्यापार करने की सिर्फ सनातनी को ही अनुमति दी जाए: टी राजा

### -कालसी के हरिपुर को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जाए



देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरु हो गई है। 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुल चुके हैं। 23 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। हैदराबाद विधायक टी राजा सिंह ने भी चारधाम यात्रा शुरू कर दी है। इससे पहले देहरादून में उन्होंने कहा कि चारों धाम की पवित्रता को बनाए रखने के लिए इन धामों में व्यापार करने के लिए सिर्फ सनातनी को ही अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे धामों में थूक जिहाद और व्यापार जिहाद की घटनाएं न हों।

हैदराबाद के गोशामहल से विधायक टी राजा ने यह बात जौनसार बावर के प्रवेश द्वार हरिपुर स्थित यमुना हरिघाट से चारधाम यात्रा की शुरुआत के दौरान कही। उन्होंने हरिपुर में यमुना पर हरिघाट के निर्माण के लिए उत्तराखंड सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि इससे हरिपुर कस्बे को उसका पुराना वैभव मिलेगा। विधायक ने कहा कि हरिद्वार और चारधाम में गैर-हिंदुओं को प्रतिबंधित करना उत्तराखंड सरकार का सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि कालसी के हरिपुर को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जाए। मान्यता है कि पूर्व में चार धाम यात्रा की शुरुआत हरिपुर के यमुना घाट से ही होती थी, जो किसी कालखंड में बंद हो गई थी, लेकिन अब घाट के बनने से यह दोबारा शुरू हो सकती है जिससे यहां के विकास के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

चारधाम यात्रा में पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को आवाजाही में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। आरटीओ प्रशासन ने रोटेशन से जुड़ी बस कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने बेड़े की 40 फीसदी बसों का संचालन लोकल रूटों पर करें। चारधाम यात्रा के पीक सीजन में बस कंपनियां अधिकांश बसें यात्रा रूटों पर लगा देती हैं, जिससे ग्रामीण रूटों पर परिवहन सेवा ठप हो जाती है। आरटीओ प्रशासन ने बताया कि रोटेशन से जुड़ी सभी बस कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि गांवों के रूटों पर समय पर बस सेवा मिले।

चारधाम यात्रा के मद्देनजर चमोली पुलिस की ओर से बदरीनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया गया है। सभी प्रवेश मार्गों, प्रमुख स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के जरिए सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियमित चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।

# बंगाल चुनाव में महिला मतदाता इस बार ममता सरकार का बुरा हाल करने वाली : सैनी

### इंडिया गठबंधन को प्रियंका गांधी वाड्रा ही चला सकती

गुरुग्राम(एजेंसी)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में बयान देकर पश्चिम बंगाल की राजनीति और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधकर कहा कि आगामी चुनावों में राज्य की जनता उनका ÷बहुत बुरा हाल÷ करने वाली है। सीएम सैनी के अनुसार, बंगाल की महिला मतदाता ऐसी सरकार चाहती हैं जो उन्हें सम्मान और 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करे, जबकि उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस दिशा में काम करने को इच्छुक नहीं है। सीएम सैनी ने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को 'निराशा का प्रतीक÷ बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास देश को विकसित बनाने के लिए दशकों का समय था, लेकिन कांग्रेस वहां स्वर्णिम मौका गंवा दिया गया। उनके अनुसार, आज कांग्रेस के पास न ठोस मुद्दे हैं और न ही व्यापक जनसमर्थन, जिसके कारण वह व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तक सीमित होकर रह गई है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना कर सीएम सैनी ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धि बताया। उनके अनुसार, खेलों में बेटियों की सफलता, सेना में महिलाओं की भागीदारी और विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं परिवर्तन का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण और आवास योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है। गुरुग्राम में आयोजित हरियाणा कैबिनेट बैठक में 27 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया। इस सत्र में ÷हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज बिल, 2026' पेश किया जाएगा। साथ ही, 'नारी शक्ति वंदन' से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की संभावना भी जाहिर की गई है।

वहीं अपने संबोधन के अंत में सीएम सैनी ने 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमला को याद करते हुए पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश इस तरह के कायरतापूर्ण हमलों को कभी नहीं भूलेगा और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर मजबूती से खड़ा रहेगा।

# उम्मीदवार बटन पर रंग, स्याही, परफ्यूम, केमिकल लगाना या छिपाना अपराध

### ईवीएम बटनों से छेड़छाड़ रोकने चुनाव आयोग ने जारी किए कड़े निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलकाता,(ईएमएस)। भारत के चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारियों को कई कड़े निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश मुख्य रूप से ईवीएम के बटनों के साथ होने वाली छेड़छाड़ को रोकने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने दिए गए हैं। ये हैं ईवीएम बटनों से छेड़छाड़ रोकने के लिए सख्त नियम जिसमें बैलट यूनिट पर लगे हर उम्मीदवार के बटन पूरी तरह से खुलकर और साफ-साफ दिखाई देने चाहिए। किसी भी बटन को टेप, गोंद, चिपकने वाले पदार्थ या किसी अन्य सामग्री से ढकना या छिपाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

आयोग का कहना है कि मतदाता को अपना वोट डालने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए और यह तय होना चाहिए कि कोई भी बटन जानबूझकर छिपाकर मतदान को प्रभावित न किया जाए।

बैलट यूनिट के उम्मीदवार बटन पर किसी भी प्रकार का रंग, स्याही, परफ्यूम, केमिकल या अन्य कोई पदार्थ लगाना निषिद्ध है। ऐसा करने का उद्देश्य वोट की गोपनीयता भंग करना हो सकता है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाएगा। कभी-कभी कुछ लोग बटन पर ऐसे पदार्थ लगाकर बाद में पता लगाने की कोशिश करते हैं कि किस बटन को दबाया गया था, जिससे मतदान की गोपनीयता खतरे में पड़ जाती है। आयोग इसे वोट की पवित्रता पर हमला मानता है।

यदि प्रिसाइडिंग अधिकारी को मतदान केंद्र पर ऊपर बताई गई कोई भी बात नजर आए, जैसे बटन ढका हुआ हो या उस पर कोई पदार्थ लगा हो तो उन्हें तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा। आयोग ने साफ कहा कि ऐसे सभी मामले को ईवीएम से छेड़छाड़ माना जाएगा जो चुनावी अपराध है। आयोग ने चेतावनी दी है कि वह ऐसे दोषियों के खिलाफ सख्त फौजदारी कार्रवाई करने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा।

पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि यदि उन्हें मतदान केंद्र पर ऐसी किसी भी संदिग्ध घटना का पता चलता है, तो वे बिना देरी किए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को इसकी सूचना दें। यदि किसी बूथ पर ऐसी घटना की पुष्टि होती है, तो आयोग वहां पुनर्मतदान का आदेश भी दे सकता है। चुनाव आयोग के ये निर्देश पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में होने वाले मतदान से ठीक पहले लागू किए गए हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में गुरुवार 23 अप्रैल को मतदान होगा। बंगाल में दो चरणों में चुनाव हो रहा है। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।

वहीं केरल, पुडुचेरी और असम में इस महीने की शुरुआत में ही मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे 4 मई को घोषित किए



जाएंगे। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव संपन्न कराने में लगे किसी भी अधिकारी की ओर से यदि कोई लापरवाही, कदाचार, पक्षपात या विफलता पाई जाती है तो इसे बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। चूक की गंभीरता के आधार पर कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902